WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

रायपुर, मंगलवार, 25 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 277 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बिहार विधानसभा का चुनाव होने के बाद फिर से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बन गये। भाजपा के दोनों उपमुख्यमंत्री यथावत रहे। नेता प्रतिपक्ष भी तेजस्वी यादव ही बने। यहां तक की अधिकांश मंत्री भी वही है। और तो और ओवैसी की पार्टी को भी फिर से पांच सीटे मिल गई। ऐसे में यह सवाल उठाया जा रहा है कि जब सब कुछ जस का तस रहना था तो फिर बिहार में विधानसभा चुनाव क्या सिर्फ राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और जनसुराज पार्टी को जलील करने के लिए ही करा कर करोड़ो रूपये खर्च कर दिये गये?

सिने अभिनेता धमेन्द्र का 89 साल में निधन

मुंबई/ए.। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हो गया है। 89 साल के धर्मेंद्र ने सोमवार दोपहर अपने घर पर अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार विले पार्ले श्मशान भूमि में हुआ, जिसमें सलमान खान, संजय दत्त, अमिताभ बच्चन, आमिर खान समेत कई सेलेब्स पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन को एक युग के अंत का संकेत कहा है। दोपहर में उनके घर के बाहर एम्बुलेंस पहुंची थी और विले पार्ले श्मशान भूमि में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई थी। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर एम्बुलेंस से श्मशान घाट पहुंचाया गया।

दोपहर 3 बजे के करीब धर्मेंद्र का अंतिम संस्कार हुआ

धर्मेंद्र कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। 10 नवंबर को उन्हें सांस लेने में दिक्कत आई थी, जिसके बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती किया गया। इस दौरान उन्हें वैंटिलेटर में रखा गया। मीडिया में उनके निधन की खबर भी आई, जिसे

परिवार ने नकार दिया। 12 नवंबर को धर्मेंद्र को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था और डॉक्टरों ने घर पर ही उनके आगे के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लंबे समय से बीमार थे धर्मेंद्र

8 दिसंबर 1935 को जन्मे धर्मेंद्र कुछ दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती थे। कई दिनों तक अस्पताल में इलाज चला। इसके बाद उनका इलाज घर पर ही किया जाने लगा। लेकिन वक्त के साथ तबीयत नहीं सुधरी और आज सोमवार यानी 24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का निधन हो गया।

धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म होगी 'इक्कीस

89 साल की उम्र में भी धर्मेंद्र एक्टिंग में सक्रिय थे। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की आगामी फिल्म 'इक्कीस' इस दिग्गज अभिनेता की आखिरी फिल्म होगी। फिल्म 'इक्कीस' की कहानी एक यंग आर्मी ऑफिसर अरुण खेतरपाल की है। महज 21 साल की उम्र में देश के लिए इस सैन्य अधिकारी ने बलिदान दिया था। फिल्म में अभिनेता धर्मेंद्र ने आर्मी ऑफिसर के पिता का किरदार निभाया। वहीं अरुण खेतरपाल के रोल में अगस्त्य नंदा नजर आएंगे। यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने ली उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की शपथ

नयी दिल्ली (वार्ता)। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी तथा कई अन्य प्रमुख केन्द्रीय मंत्री और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

मुख्यमंत्री साय की केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ अहम मुलाकात

रीजनल समिट छत्तीसगढ़ में कराने का आग्रह

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री चिराग पासवान से उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ से जुड़े अनेक जनहित विषयों पर रचनात्मक और सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने विशेष रूप से राज्य में खाद्य सुरक्षा, कृषि-आधारित उद्योगों और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट संस्थान की स्थापना छत्तीसगढ़ में की जाए, ताकि राज्य के युवाओं को आधुनिक खाद्य तकनीक, उद्यमिता तथा नए रोजगारों से संबंधित उच्चस्तरीय प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कृषि दृष्टि से छत्तीसगढ़ एक मजबूत राज्य है और यहां ऐसे संस्थान से हजारों छात्रों, किसानों तथा खाद्य-आधारित उद्यमों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान ने इस प्रस्ताव को अत्यंत सकारात्मक रूप से लेते हुए कहा कि वे इस विषय पर हर संभव सहयोग देंगे और इसे गंभीरता से विचार में लेंगे।

सरकार ने आईएमईआई के दुरूपयोग पर जतायी चिंता

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने कहा है कि भारत में मोबाइल कनेक्टिविटी के तेज़ी से विकास के साथ उपकरणों के अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान (आईएमईआई) नंबर का दुरुपयोग एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। संचार मंत्रालय की ओर से सोमवार कहा गया है नागरिकों को छेड़छाड़ किए गए आईएमईआई नंबर वाले मोबाइल डिवाइस का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

प्रदूषण से लड़ाई नक्सल पर आई दिल्ली में लगे लाल सलाम के नारे

हिडमा जिंदाबाद करने वालों में जेएनयू के छात्र भी शामिल?

■ प्रदर्शनकारी 'एक्यूआई 400 पार, कहां गई मोदी सरकार, जैसे नारे गूंजे

नई दिल्ली/वार्ता। दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया। शुरुआत में प्रदर्शनकारी 'एक्यूआई 400 पार, कहां गई मोदी सरकार, जैसे नारे गूंजने लगे। लेकिन, कुछ देर बाद खूंखार नक्सली माडवी हिडमा के पोस्टर लहराए जाने लगे और नारे लगने लगे 'कितने हिडमा मारोगे, हर घर से हिडमा निकलेगा, 'लाल सलाम...लाल सलाम। पुलिस ने अब जांच शुरू की तो इस प्रायोजित प्रदर्शन के तार जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी से जुड़े बताए जा रहे हैं।

जेएनयू के वामपंथी छात्रों ने 9 नवंबर 2025 को भी वायु प्रदूषण के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। पुलिस ने जेएनयू छात्रसंघ अध्यक्ष अदिति मिश्रा और आइसा अध्यक्ष समेत कई स्टूडेंट्स को हिरासत में लिया गया था। उस वक्त वह प्रदर्शन सिटीजंस ऑफ दिल्ली के नाम पर हुआ था। लेकिन, आरोप लग रहा है कि इस बार का प्रदर्शन पूरी तरह से वामपंथी छात्रों द्वारा प्रायोजित था। नतीजा यह हुआ कि पुलिस को हिंसा का सामना करना पड़ा।

सियासी दलों का इस पर क्या कहना है?

प्रदर्शन के दौरान नक्सली हिड़मा के समर्थन में लगे नारों के बारे में भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा दिल्ली में जो प्रोटेस्ट हुआ, उसके लिए पॉल्यूशन सिफ़र् एक बहाना था। उनका असली मकसद हिड़मा के एनकाउंटर पर सरकार को टारगेट करना था। ये 'अर्बन नक्सल' हैं जो भेष बदलकर आते हैं, और ये 'प्रोटेस्ट जीवी हैं। जिस तरह से हिड़मा के सपोर्ट में नारे लगाए गए, वह बिल्कुल मंजूर नहीं है। ऐसे 'अर्बन नक्सल के खिलाफ एक्शन लिया जाना चाहिए। इस देश में नक्सलियों और आतंकवादियों के सपोर्ट में आवाज़ उठाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

23 आरोपी गिरफ्तारीः ताजा रिपोर्ट के अनुसार इंडिया गेट पर प्रदर्शन मामले में दिल्ली के दो अलग-अलग पुलिस थानों में केस दर्ज किए गए हैं। अभी तक 23 आरोपियों की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदर्शन के दौरान दिल्ली में क्या हुआ?

दिल्ली के इंडिया गेट पर प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर मिर्ची स्प्रे छिड़का गया। दिल्ली पुलिस ने दो थानों में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने 22 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। एफआईआर दर्ज होने से पहले पुलिस ने 15 लोगों को हिरासत में लिया। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने कुछ माओवादी नेताओं के समर्थन में नारे भी लगाए। इसमें से एक हाल में ही मारे गए खूंखार नक्सली हिड़मा का भी नाम शामिल था। हिड़मा को पर्यावरण के प्रति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़-एमपी और महाराष्ट्र सीएम के नाम पत्र

नक्सली सरेंडर करने तैयार 15 फरवरी तक का मांगा समय

■ पीएलजीए सप्ताह भी रद्द करने की बात कही

रायपुर/नवप्रदेश। नक्सली अब सरकार के सामने सरेंडर करने और हथियार डालने राजी हो गए हैं। (एमएमसी जोन मध्य प्रदेश महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ कमेटी) के प्रवक्ता अनंत ने प्रेस रिलीज जारी कर महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सरकार से हथियार छोड़कर पुनर्वास योजना स्वीकार करने की इच्छा जताई है। वहीं इस लेटर पर सीएम साय ने कहा है कि नक्सलियों को पहले ही सरेंडर करने कहा गया है, सरकार उनके साथ

न्याय करेगी। इसके लिए 15 फरवरी 2026 तक समय देने की मांग की गई है। इसके अलावा पीएलजीए सप्ताह भी रद्द करने की बात कही गई है। केंद्रीय कमेटी का कहना है कि प्रेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुकमा में बड़ा समर्पणः 15 नक्सलियों ने डाले हथियार, इनमें से चार पर था 8-8 लाख का ईनाम

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में कुल 48 लाख के इनामी 15 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों में से चार नक्सलियों पर आठ- आठ लाख का इनाम घोषित था। वहीं दो नक्सलियों पर पांच लाख का इनाम का इनाम घोषित था। इनमें पांच महिला नक्सली भी शामिल है।नक्सलियों से एसपी किरण चव्हाण के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। बताया जा रहा है कि, पीएलजीए बटालियन नंबर 1 में सक्रिय 4 हार्डकोर माओवादी सहित अन्य क्षेत्रों में सक्रिय नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों में पीपीसीएम 4, एसीएम-2 पार्टी सदस्य 3 और अन्य 8 अग्र संगठन में सक्रिय सदस्यों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों में से चार नक्सलियों पर आठ- आठ लाख का इनाम घोषित था। दो नक्सलियों पर पांच लाख का इनाम का इनाम घोषित था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

60वीं डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस

आईजी और डीआईजी स्तर के अधिकारी करेंगे ड्यूटी

■ दो लेयर में होगी पीएम मोदी की सुरक्षा, इसमें तैनात रहेंगे छह आईजी समेत 2000 जवान

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर में 28 से 30 नवंबर तक होने वाली 60वीं अखिल भारतीय डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सिविल लाइन सी-4 में अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें आईआईएम, नवीन विश्राम गृह, स्पीकर हाउस, एम-11 मंत्री बंगले समेत अन्य स्थानों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। इन जगहों पर तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाएगी। ड्यूटी कैसी रहेगी, क्या-क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी जानकारी देने रविवार को बैठक हुई। पीएम की सुरक्षा का प्रभारी एडीजी दीपांशु काबरा को बनाया गया है। उनके साथ 6 से अधिक आईजी और डीआईजी स्तर के अधिकारी ड्यूटी में तैनात रहेंगे। खुफिया चीफ अमित कुमार को नवा रायपुर में होने वाली डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस की संपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने अफसरों की बैठक बुलाकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में आईजी आनंद छाबड़ा, अंकित गर्ग, अमरेश मिश्रा, डॉ. संजीव शुक्ला, धुरव गुप्ता समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आईजी छाबड़ा, ओपी, धुरव को ये जिम्मा

राबड़ी देवी का बड़ा दांव, जज पर लगाया पक्षपात का आरोप

नई दिल्ली। आईआरसीटीसी से जुड़े कथित घोटाले पर चल रही सुनवाई में अब नया विवाद खड़ा हो गया है. बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद की वरिष्ठ नेता राबड़ी देवी ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में एक आवेदन दायर किया है, जिसमें उन्होंने मौजूदा जज विशाल गोगने की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं. **याचिका में राबड़ी देवी ने क्या कहा-** अपनी याचिका में राबड़ी देवी ने कहा है कि जज का व्यवहार निष्पक्ष न्याय के अनुरूप नहीं है. वे मामले को एक तयशुदा दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं. उन्होंने आगे कहा कि अभी के हालात में इस जज के सामने सुनवाई जारी रहना न्याय के लिए सही नहीं होगा।

स्कूलों में बच्चों को आवारा कुत्तों से बचाने के लिए शिक्षा विभाग की नई व्यवस्था लागू

■ सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के बाद शिक्षा विभाग ने स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा निर्देश जारी

रायपुर/नवप्रदेश। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा Suo Moto Writ Petition (Civil) No. 05/2025 में दिए गए स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अनुपालन में तथा छत्तीसगढ़ शासन, पशुधन विकास विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर के पत्र क्रमांक E-166671& 153108/ LAW-42/1802/2025/1724 दिनांक 13.11.2025 के आधार पर शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के



सभी स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी किया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, अब राज्य के प्रत्येक स्कूल के प्राचार्य या संस्था प्रमुख को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। नोडल अधिकारी की यह जिम्मेदारी होगी कि स्कूल परिसर या आसपास यदि आवारा कुत्ते दिखाई दें, तो उसकी जानकारी तुरंत संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत या नगर निगम के डॉग क्रैचर नोडल अधिकारी को दें। साथ ही स्कूल परिसर में कुत्तों का प्रवेश रोकने के लिए आवश्यक अवरोधक उपाय सुनिश्चित करें। यदि किसी बच्चे के साथ आवारा कुत्ते द्वारा काटे जाने की घटना होती है, तो बच्चे को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की होगी, ताकि आवश्यक प्राथमिक इलाज समय पर उपलब्ध कराया जा सके।

गरमा-गरम

ध्वजारोहण समारोह... उल्लास में डूबी अयोध्या, गूंज रहे मंत्रोच्चार, सुरक्षा के कड़े इंतजाम; हेलीकॉप्टर से निगरानी

शुभ घड़ी आई आज होगा राम मंदिर में ध्वजारोहण

■ 12 स्थानों पर होगा पुष्पवर्षा से स्वागत

अयोध्य/वार्ता। अयोध्या स्थित राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह के उल्लास में रामनगरी डूबी हुई है। देश-दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं के साथ ही संत महंतों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों राम मंदिर के शिखर पर होने वाले ध्वजारोहण का उल्लास छाया हुआ है। संत और श्रद्धालु खुशी से सराबोर होकर नृत्य कर रहे हैं। जय श्रीराम का उद्घोष गूंज रहा है। श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर खुद को धन्य मान रहे हैं। ध्वजारोहण समारोह के दिन आम श्रद्धालुओं का प्रवेश राममंदिर में बंद रहेगा। 26 नवंबर को वीआईपी दर्शन नहीं होंगे। जबकि, आम श्रद्धालु राम मंदिर में जा सकेंगे। ध्वजारोहण के अगले दिन बड़ी संख्या में भक्तों के अयोध्या पहुंचने की संभावना है।

जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार से प्रवेश करेंगे पीएम

मंगलवार को सुबह 9:30 बजे प्रधानमंत्री मोदी महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। वहां पर सेना के तीन हेलीकॉप्टर लगाए गए हैं। एक हेलीकॉप्टर पर पीएम मोदी होंगे तो दो हेलीकॉप्टर उनकी सुरक्षा में लगाए गए हैं। तीनों हेलीकॉप्टर एयरपोर्ट से उड़ान भरकर लगभग 12 किलोमीटर दूर साकेत महाविद्यालय पहुंचेंगे, जहां पर तीन हेलीपैड बनाए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आ गई राम मंदिर में ध्वजारोहण की शुभघड़ी

रामनगरी ही नहीं समूचे देश और दुनिया के लिए 25 नवंबर दिन ऐतिहासिक होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिव्य और भव्य राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे। पीएम के आगमन से पहले अयोध्या सज संवरकर तैयार हो गई है। राम मंदिर के सभी प्रवेश द्वारों को फूलों से सजाया गया है। रामपथ पर भी भव्य सजावट की गई है।

सुरक्षा और सजावट के पुख्ता इंतजाम : साकेत महाविद्यालय से इस द्वार तक रामपथ पर सुरक्षा और सजावट के पुख्ता व भव्य इंतजाम युद्ध स्तर पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अरुणाचल में जन्मी महिला का पासपोर्ट चीन ने बताया इनवैलिड, कहा- ये राज्य चीन का हिस्सा

बीजिंग। ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय मूल की महिला पेम वांगजॉम थांगडॉक ने आरोप लगाया है कि चीन के शंघाई एयरपोर्ट पर चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें घंटों तक रोके रखा और तंग किया।

चीनी अधिकारियों ने उनका भारतीय पासपोर्ट मानने से इनकार कर दिया, क्योंकि उसमें जन्मस्थान के तौर पर अरुणाचल प्रदेश लिखा हुआ था। वह 21 नवंबर को लंदन से जापान जा रही थीं। शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट पर उनका 3 घंटे का ट्रांजिट था।

पेम ने आरोप लगाया कि इमिग्रेशन काउंटर पर अधिकारियों ने उनका पासपोर्ट 'इनवैलिड' बता दिया और कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है। उनसे 18 घंटे पूछताछ की गई और उनका मजाक उड़ाया गया। पेम ने पीएम मोदी और दूसरे सीनियर अधिकारियों को इससे जुड़ी शिकायती चिट्ठी लिखी है और इस बर्ताव को भारत की संप्रभुता और अरुणाचल प्रदेश के नागरिकों का अपमान बताया है। इसके बाद भारत ने सोमवार को चीन के सामने मामले को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

डीएमएफ मद का नया खेल! प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग के नाम पर करोड़ों खर्च, एक भी छात्र चयनित नहीं

एक अधिकारी, एक नेता के करीबी ने क्या लाखो की राशि कोचिंग के नाम पर खर्च करा डाली?

- जिले के सरकारी कोचिंग सेंटर को लेकर उठ रहे सवाल!
- नहीं होता कोचिंग से किसी का चयन, फिर भी कोचिंग के नाम पर वर्ष 2016 से राशि की स्वीकृति

यशवंत रजवाड़े

कोरिया /नवप्रदेश। कोरिया जिले में डीएमएफ मद को लेकर लाखो की राशि कोचिंग के नाम पर स्वीकृति को लेकर एक बार फिर गड़बड़झाला होने की सुगबुगाहट हैं क्योंकि जिले में प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग के नाम पर करोड़ों रुपये की स्वीकृति का कार्य एक अधिकारी और एक नेता के बेहद करीबी ने कोचिंग के नाम पर जिले में यह कार्य किया वही लाखो रुपये खर्च होने की भी सुगबुगाहट हैं वही पूरे साल में इन कोचिंगों से एक भी छात्र किसी परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हुआ।

यह आरोप पीएससी की अंतिम चयन सूची जारी होने के बाद जोर पकड़ चुका है, क्योंकि सूची में जिले के सरकारी कोचिंग सेंटर का एक भी विद्यार्थी शामिल नहीं है। कोरिया जिले में डीएमएफ मद का उपयोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए किया जाना था। लेकिन आरोपों के अनुसार इस पूरी योजना को नेता-अधिकारी गठजोड़ ने निजी कमाई का माध्यम बना दिया, अब पीएससी के नतीजों ने पूरे मॉडल की सच्चाई खोलकर रख दी है। मिली जानकारी अनुसार इस वर्ष एक करोड़ रुपए लगभग कोचिंग के नाम पर जिला खनिज न्यास मद से दो कोचिंग संस्थाओं को प्रदान की गईं और जब पीएससी परीक्षा परिणाम सामने आया तो जिले से एक भी छात्र कोचिंग में पढ़ने वाला चयन सूची में नाम दर्ज नहीं करा पाया, बताया जाता है कि एक कोचिंग संस्था एक अधिकारी के किसी करीबी का है और एक संस्था एक नेता के करीबी का है, नेता अधिकारी मिलकर डीएमएफ मद से एक करोड़ खर्च होने का अनुमान हैं और उस राशि से किसी को लाभ मिलता नजर नहीं आया, वैसे यह पहला वर्ष नहीं है जब ऐसा हुआ हो, बताया जाता है कि कोचिंग संस्थाएं अपनी उपलब्धि बताने उन छात्रों का नाम सामने रखती हैं जो कहीं और पढ़कर किसी परीक्षा में उत्तीर्ण होते हैं और उसी को आधार बनाकर डीएमएफ मद में सेंध लगाई जाती है, यह खेल कबसे जारी है यह तो जांच का विषय है लेकिन सूत्रों के अनुसार विगत कुछ वर्षों से यह खेल एक अधिकारी के संरक्षण में खेला जा रहा है जिसमें नेताओं का भी हिस्सा तय है।

नेता व अधिकारी के करीबियों को मिला लाभ

सूत्रों के अनुसार एक कोचिंग संस्था अधिकारी के करीबी की, दूसरी संस्था नेता के करीबी की, दोनों को 50-50 लाख देकर कोचिंग चलाने का दिखावा किया गया परिणाम पूरे जिले से एक भी चयन नहीं! अब आशंका है कि आने वाले दिनों में कोचिंग संस्थाएँ किसी अन्य चयनित छात्र का नाम अपने खाते में जोड़कर अपनी उपलब्धि दिखाने की कोशिश करेंगी।

डीएमएफमद-भ्रष्टाचार का सबसे आसान माध्यम

डीएमएफ मद के दुरुपयोग को लेकर पहले भी कई आरोप लगते रहे हैं, लेकिन शिक्षा के नाम पर युवाओं को ठगना, सबसे शर्मनाक और अमानवीय भ्रष्टाचार माना जा रहा है, जिले में यह प्रश्न गूंज रहा है कि छात्रों के भविष्य की कीमत पर कब तक भ्रष्टाचार का यह खेल चलता रहेगा।

साढ़े 19 लाख की फर्नीचर खरीदी

जानकारी के अनुसार पीइटी-पीएमटी की आवासीय कोचिंग सेंटर में स्टूडेंट्स और स्टाफके बैठने के लिए 19 लाख 52 हजार रुपए का फर्नीचर व ऐसी खरीदा गया था। गद्दा, रजाई, मैट, टेबल, फाइबर चेयर, टेंट किराए पर 56 हजार रुपए खर्च किया गया था।वर्तमान में यह सामग्री कहा हैं किसी को जानकारी नही। वहीं कोचिंग सेंटर में स्टूडेंट्स के भोजन-नाश्ता में 9 लाख 72 हजार 732 रुपए खर्च किया गया था। एक थाली भोजन पर 150 रुपए के हिसाब से तीन महीने में 6233 थाली स्टूडेंट्स-स्टाफको भोजन कराया गया था।

एक करोड़ रुपये खर्च शून्य परिणाम

सूत्रों के अनुसार डीएमएफमद से एक करोड़ रुपये दो कोचिंग संस्थानों को दिए गए,दोनों ही संस्थान एक अधिकारी व एक नेता के करीबी लोगों के बताए जाते हैं,एक वर्ष में इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद एक भी चयन नहीं हुआ, अब सवाल उठ रहा है क्या यह कोचिंग थी या डीएमएफमद का सीधा बंदरबांट !

उपस्थिति पंजी खोल देगा पूरा राज़

सूत्रों का मानना है कि कोचिंग संस्थाओं का केवल उपस्थिति पंजी ही पूरी पोल खोल सकता है,उससे साफ हो सकता है कितने छात्रों ने वास्तव में कोचिंग ली,किसका चयन हुआ,किस बैच में कौन उपस्थित था,किसने कब अध्ययन किया,यदि यह रिकॉर्ड जांचा गया तो पूरा खेल उजागर हो सकता है।

कोचिंग संस्थाओं का पुराना खेल

दूसरों की सफलता को अपनी उपलब्धि बताकर जिले में हर वर्ष इस पर जोर देकर पिछले कुछ वर्षों से कोरिया जिले में यह कोचिंग खेल लगातार चल रहा है, कोचिंग संस्थाएँ उन छात्रों की सफलता को अपनी बताती हैं जो कहीं और पढ़े होते हैं, इन्हीं फर्जी उपलब्धियों को दिखाकर डीएमएफकी राशि हर साल निकाली जाती है, इस पूरे खेल को एक प्रभावशाली अधिकारी का संरक्षण प्राप्त होने की बात भी कही जा रही है, जबकि नेताओं का हिस्सा भी तय बताया जा रहा है।

माइंस में तीन माह से परिवहन कार्य बंद, कर्ज में डूबे ट्रक मालिक

दुर्गूकोंदल/नवप्रदेश। श्री बजरंग आयरन ओर माइंस हाहालद्दी ने 30 वर्ष के लिए वनोपज क्षतिपूर्ति पूर्व वन मंडल भानुप्रतापपुर में जमा करा दी है। पूर्व मंडल भानुप्रतापपुर ने एक वर्ष की वनोपज क्षतिपूर्ति राशि प्रभावित क्षेत्र के गांवों को वितरण कर दी। लेकिन 9 साल से हाहालद्दी माइंस के प्रभावित क्षेत्र के परिवारों को वनोपज क्षतिपूर्ति राशि वितरण नहीं किया है। ग्रामीण माइंस प्रबंधन से वनोपज क्षतिपूर्ति राशि मांग रहे हैं। कंपनी एक साथ 30 साल के लिए वनोपज क्षतिपूर्ति पूर्व वन मंडल भानुप्रतापपुर में जमा करने की बात कह रही है। माइंस प्रबंधन और कंपनी के बीच

क्षतिपूर्ति विवाद गहराने के कारण बजरंग आयरन ओर माइंस हाहालद्दी ने लौह अयस्क परिवहन कार्य बंद कर दिया। इस कारण ट्रक मालिक परेशान हैं। पिछले 3 महिने परिवहन कार्य सही तरीके से नहीं चलने के कारण कर्ज से परेशान हैं। इधर क्षतिपूर्ति राशि नहीं मिलने से डिस्पैच अनिश्चितकाल के लिए कंपनी के द्वारा बंद किये जाने से ट्रक मालिकों चिंता बढ़ गई है। श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड रायपुर को भुरकागुदुम, भुसकी, पड़गाल के मध्य गोल्ड माइंस आक्शन में मिली है। खनिज आकलन के लिए ड्रिलिंग कार्य किया जाना है। कंपनी ड्रीलिंग कार्य करना चाहती है, लेकिन स्थानीय ग्रामीण मांग कर रहे हैं कि 9 साल का वनोपज क्षतिपूर्ति भुगतान करें।

19 दिनों बाद सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

फिंगेश्वर/कोपरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सहकारी समिति कर्मचारी संघ और समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की 19 दिन से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त हो गई है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज की मध्यस्थता से कर्मचारी संगठनों और शासन के बीच सहमति बनने के बाद शुक्रवार देर रात आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की गई। हड़ताल खत्म होने के बाद सोमवार से क्षेत्र के खरीदी केंद्रों में भी सहकारी समितियों, उचित मूल्य दुकानों और धान खरीदी केंद्रों में कामकाज फिर से शुरू हो जाएगा। जिले के किसानों को राहत मिलते हुए अब समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारु रूप से आगे बढ़ सकेगी। हड़ताल से टोकन वितरण, ऑनलाइन एंट्री, भंडारण पंजीयन और उठाव से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे थे, लेकिन अब धान तौल, परिवहन और भुगतान कार्यों में तेजी आने की उमीद है।



भारत-साउथ अफ्रीका मैच टिकट लेने के लिए छात्रों की उमड़ी भारी भीड़

एक दिसंबर को रायपुर पहुंचेगी टीम, अगले चरण की टिकट बिक्री में अतिरिक्त काउंटर और बैरिकेडिंग बढ़ाने की भी तैयारी शुरू

रायपुर/ नवप्रदेश। भारत-साउथ अफ्रीका क्रिकेट मैच तीन दिसंबर को नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होना है। इसके लिए 24 नवंबर को सुबह इंडोर स्टेडियम स्थित टिकट काउंटर पर स्टूडेंट्स के लिए 1500 रुपये वाली टिकट सिर्फ 800 रुपये में उपलब्ध कराई गई। रियायती दर की जानकारी मिलते ही छात्रों की भारी भीड़ सुबह चार बजे से ही स्टेडियम पहुंचने लगी, जिसके चलते लंबी कतारें लग गईं।

भीड़ नियंत्रित करने में कठिनाई होने पर पुलिस को बीच-बीच में हल्का बल प्रयोग कर व्यवस्था संभालनी पड़ी। छात्रों के बीच धक्का-मुक्की और लाइन तोड़ने की कोशिशों के कारण कई बार अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई। हालांकि पुलिस और प्रशासन की टीम ने स्थिति को कुछ ही समय में सामान्य कर लिया।

इधर, तीन दिसंबर को होने वाले अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को लेकर स्टेडियम की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। पिच से लेकर दर्शक दीर्घाओं तक अंतिम कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार सुरक्षा, यातायात और

पार्किंग की भी विशेष व्यवस्था की जा रही है ताकि मैच के दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे टीमें एक दिसंबर को आएंगी

नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तीन दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे वनडे मैच की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। दोनों टीमें रांची में मैच खत्म होने के बाद एक दिसंबर की सुबह रायपुर पहुंचेंगी और नवा रायपुर के होटल मेफेयर रिजॉर्ट में रुकेंगी। दोनों ही टीमें दो दिसंबर को अलग-अलग समय पर स्टेडियम में अभ्यास करेंगी। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अनुसार खिलाड़ियों के लिए होटल में कान्टिनेंटल के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पकवानों को भी मेन्यू में शामिल किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन को सौंप दी गई है, साथ ही निजी गार्ड और बाउंसर भी तैनात किए जाएंगे। बीसीसीआई द्वारा प्रशिक्षित क्यूरेटर ने पिच की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

छात्रों में रियायती टिकट को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला और कई घंटे इंतजार के बाद उन्हें टिकट हासिल हुआ। प्रशासन ने अगले चरण की टिकट बिक्री में अतिरिक्त काउंटर और बैरिकेडिंग बढ़ाने की भी तैयारी शुरू कर दी है।

कट्टा लहराने वाला युवक गिरफ्तार

रायपुर/ नवप्रदेश। उरकुरा रेलवे स्टेशन के पास सोमवार को एक युवक द्वारा देशी कट्टा लहराकर लोगों को डराने की सूचना मिलते ही खमतराई थाना पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार युवक की पहचान शनि कुमार पिता दुर्गेश कुमार (उम्र 18 वर्ष) निवासी शीतला तालाब के पास, सरोरा थाना उरला, रायपुर के रूप में हुई है। युवक हाथ में देशी कट्टा लेकर राहगीरों को भयभीत कर रहा था। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। तुरंत कार्रवाई करते हुए खमतराई थाना में अपराध क्रमांक 1204/25 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि युवक को हिरासत में लेकर आगे पूछताछ की जा रही है, ताकि हथियार की सोर्सिंग और उसके इरादों के बारे में पूरी जानकारी हासिल की जा सके।

नेताजी सुभाष स्टेडियम मालवीय रोड बायपास मार्ग पर खुली नाली ढंकी, आवागमन सुरक्षित

रायपुर/ नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम को प्राप्त एक जनशिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश और जोन-4 कमिश्नर अरुण ध्रुव के मार्गदर्शन में तत्काल कार्रवाई की गई।नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम से बैजनाथपारा होकर मालवीय रोड मुख्य बायपास मार्ग के किनारे स्थित बड़ी खुली नाली आवागमन के लिए खतरा बन रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए निगम टीम ने मौके पर पहुंचकर नाली को तुरंत ढांक दिया। इस कार्रवाई से आमजन के लिए मार्ग पूरी तरह सुरक्षित बनाया गया। निगम ने शिकायतकर्ता को आश्वस्त किया है कि भविष्य में ऐसी समस्याओं का भी समय पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

नगर निगम रायपुर सफाई से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर रहा-स्वास्थ्य अधिकारी

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने निगम द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि निगम मुख्यालय के अधीन कुल 230 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, जिन्हें विभिन्न ग्रुपों में विभाजित कर सभी जोनों में तैनात किया गया है। प्रतिदिन वीआईपी कार्यक्रमों, धार्मिक आयोजन, तालाबों, नालों, प्रमुख मार्गों, वीआईपी रोड, एक्सप्रेस-वे, कैनाल रोड सहित व्यावसायिक क्षेत्रों की सफाई की जाती है। आवश्यकता पड़ने पर दूसरी पाली में रात्रिकालीन सफाई भी कराई जाती है। निरीक्षण के दौरान जहां सफाई कर्मचारियों की कमी पाई जाती है, वहां संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाता है। डॉ. पाणीग्रही ने बताया कि आमजनों से प्राप्त सफाई संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण ही निगम की प्राथमिकता है और आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

नक्सलियों का प्रस्ताव गृहमंत्री को स्वीकार! विजय शर्मा बोले-

ठोस प्रस्ताव दें, सरकार सहयोग देगी

रायपुर/ नवप्रदेश। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सक्रिय नक्सलवाद संगठन की महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ स्पेशल जोनल कमेटी ने तीनों राज्यों के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मोहन यादव और विष्णु देव साय को एक पत्र भेजा है। इसमें संगठन ने अपने वरिष्ठ साथियों भूपति और सतीश की तरह आत्मसमर्पण करने की इच्छा जाहिर की है। पत्र के अनुसार, ज़ोन के सभी नक्सली एकसाथ सरेंडर करने के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए 15 फरवरी 2026 तक का समय मांगा गया है ताकि वे आपस में बात कर सकें। इसी अवधि में उन्होंने सुरक्षा बलों से अभियान रोकने और कुछ समय के लिए न्यूज़ नेटवर्क बंद रखने का अनुरोध किया है।

नक्साली कमेटी ने 15 फरवरी 2026 तक का मांगा समय

पीएलजीए सप्ताह नज़दीक होने के बावजूद, नक्सलियों ने भरोसा दिलाया है कि वे इस बार वार्षिक अभियान चलाने के बजाय शांति बनाए रखेंगे। उन्होंने संकेत दिया है कि सामूहिक आत्मसमर्पण की अंतिम तारीख जल्द ही एक और पत्र के माध्यम से घोषित की जाएगी। 15 फरवरी 2026 की समय-सीमा लंबी लगने के बावजूद, यह केंद्र सरकार के 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद मुक्त बनाने के लक्ष्य के भीतर ही आती है।

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यामंत्री ने दिया नक्स ली पत्र का जवाब

नक्सील कमेटी के इस पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पत्र और ऑडियो दोनों सरकार के पास पहुंच चुके हैं। नक्सलियों द्वारा मांगा गया समय बहुत लंबा है, जबकि किसी भी कार्य के लिए 10ङ्क15 दिन पर्याप्त होते हैं। उप मुख्यसमंत्री ने कहा कि उनको कांक्रीट प्रपोजल देना चाहिए, यह सिर्फ बातचीत है और अगर वे चाहते हैं उनके लोग आएं तो हम रास्ता क्लियर करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि नक्सली ठोस और साफप्रस्ताव लेकर आते हैं, तो सरकार सहयोग देने को तैयार है।

रेडियो पर संदेश चलाने का अनुरोध-एमएमसी जोन ने अपने पत्र में सरकारों से यह भी अनुरोध किया है कि इस निवेदन पत्र को अगले कुछ दिनों तक रेडियो पर प्रसारित किया जाए. उनके अनुसार,रेडियो ही उनके साथियों के पास देश-दुनिया की रोजमर्रा की खबरों से अपडेट रहने का एकमात्र बेहतर माध्यम है.उन्हें केवल रेडियो पर आने वाली खबरों पर निर्भर रहना पड़ता है.उन्होंने सरकार से कुछ जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों से मुलाकात करने का मौका देने की भी मांग की है ।

अतिरिक्त तहसीलदार पर गंभीर आरोप, पटवारी के पति को बैठाते हैं अपने केबिन में रिश्वत लेकर कराते है काम

रायपुर/नवप्रदेश।अतिरिक्त तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगे है, इस संबंध में 15 अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर कर शिकायत रायपुर कलेक्टर और एसडीएम को की है। ये पूरी शिकायत अतिरिक्त तहसीलदार प्रकाश सोनी के खिलाफ की गई है। राजधानी रायपुर की तहसील कार्यालय में पदस्थ अतिरिक्त तहसीलदार प्रकाश सोनी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे है। 15 अधिवक्ताओं द्वारा की गई इस लिखित शिकायत में कहा गया है कि प्रकाश सोनी अपने पद का दुरुपयोग कर एक दलाल मनोज सिंह ठाकुर (हल्का पटवारी ग्राम मठपुरैना श्वेता वैष्णव के पति) को अपने न्यायालय और निजी केबिन में बुलाकर घंटों बैठाते हैं तथा उसके माध्यम से रिश्वत लेकर पक्षकारों के नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, त्रुटि सुधार जैसे

प्रकरणों को बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के एक ही दिन में निपटा देते हैं।

शिकायत में कहा गया है कि मनोज सिंह ठाकुर न तो कोई पक्षकार है, न अधिवक्ता और न ही किसी का मुख्तयारनामा धारक, फिर भी वह रोजाना तहसीलदार के केबिन में आता-जाता है और आवेदन-पत्र व दस्तावेज जमा करवाता है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि रिश्वत देने वाले पक्षकारों के प्रकरणों को प्रकाश सोनी बिना पेशी-तारीख दिए, नियम-कानून को ताक पर रखकर तुरंत पास कर देते हैं।

राजधानी में होगा सुधांशु महाराज का पदार्पण, तैयारियां शुरू

रायपुर/ नवप्रदेश। विश्व जागृति मिशन मंडल के संस्थापक सद्?गुरु सुधांशु महाराज गुरु पूर्णिमा के पावन प्रसंग पर छत्तीसगढ़ की धर्मधानी में विराजमान रहेंगे। विशेष रूप से उनका दिव्य भक्ति सत्संग यहां बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम बुढ़ापारा में 4 से 7 दिसंबर तक होगा। जिसकी तैयारियां इन दिनों जोरों पर हैं।इस आशय की जानकारी विश्व जागृति मिशन मंडल रायपुर के अध्यक्ष सुरेश सचदेव, सुनील सचदेव व मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने परसदा स्थित ब्रह्मलोक आश्रम में एक प्रेस वार्ता में दी। वार्ता में उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, दिलीप सचदेव, विनोद शर्मा, मिलनकान्त अग्रवाल, हरिभाई पटेल, आर।के। साहू, सुशील शर्मा उपस्थित थे। मिशन के पदाधिकारियों ने इस

दौरान बताया कि महाराजश्री अपने 4 दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी ओजस वाणी से संबोधित करेंगे। प्रवास के दौरान वे परसदा स्थित ब्रह्मलोक आश्रम मे चल रहे श्रीकैलाश मानसरोवर निर्माण कार्यों का अवलोकन कर दिशानिर्देश व सुझाव भी देंगे।

इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में होगा दिव्य सत्संग

रायपुर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में दिव्य भक्ति सत्संग का शुभारंभगुरुवार, 4 दिसंबर को होगा ।



अब स्काई होप एयरलाइंस संचालित करेगी बिलासपुर-अंबिकापुर के बीच फ्लाइट

जल्द शुरू हो सकती है सेवाएं

बिलासपुर रायपुर/ नवप्रदेश। बिलासपुर-अंबिकापुर और रायपुर अंबिकापुर रूट पर उड़ानें संचालित कर रही फ्लाई बिग एयरलाइंस ने अपना ऑपरेशन बंद कर दिया है। उसके द्वारा संचालित सभी स्वीकृत हवाई मार्गों को एक नई एयरलाइंस स्काई होप में अधिग्रहित कर लिया है। अब भविष्य में इसी होप एयरलाइंस कंपनी के द्वारा बिलासपुर-अंबिकापुर और रायपुर-अंबिकापुर सेक्टर में उड़ानें संचालित करेगी।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने इसकी जानकारी दी। महाधरना के दौरान उन्होंने इसका ब्योरा देते हुए बताया की फ्लाई बिग एयरलाइंस के द्वारा उड़ानों को संचालित करने में आ रही तकनीकी और व्यक्तिगत दिक्कतों के कारण कंपनी ने अपने ऑपरेशन दूसरी एयरलाइंस को बेचने का निर्णय ले लिया।

इसके तहत स्पाइसजेट कंपनी की सहयोगी कंपनी स्काई होप एयरलाइंस ने 20 सीटर से छोटे विमान से संचालित होने वाले सभी हवाई मार्गों को उड़ान संचालित करने की अधिकतर फ्लाई विकसित खरीद लिए हैं। अतः अब बिलासपुर से अंबिकापुर और रायपुर से अंबिकापुर उड़ानों का संचालन स्काई होप एयरलाइंस के हाथ में आ गया है जो निकट भविष्य में यह उड़ने संचालित करेगी। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति के महाधरना में रवि बनर्जी, बद्री यादव , अनिल गुलहरे, पंकज सिंह, समीर अहमद अमर बजाज, देवेंद्र सिंह ठाकुर, महेश दुबे टाटा , आशुतोष शर्मा और सुदीप श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

सुविचार

जिस तरह नाखून बढ़ जाने पर हम नाखून को काटते हैं उंगलियों को नहीं उसी तरह दूरियां बढ़ जाने पर दूरियों को मिटाना चाहिए रिश्तों को नहीं। - अज्ञात

बिहार में गृह विभाग पर भाजपा का कब्जा

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने एतिहासिक बहुमत हासिल करके एक बार फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में अपनी सरकार बनाई है इस बार भाजपा ने नीतीश कुमार के अधिन रहने वाले गृह विभाग पर अपना कब्जा कर लिया है। गौरतलब है कि अपने दो दशक के कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री रहते हुए नीतीश कुमार ने गृह विभाग को हमेशा अपने पास रखा था और बिहार की कानून और व्यवस्था स्थिति में सुधार भी किया था। लालू राबड़ी राज में जिस बिहार में जंगलराज स्थापित हो गया था वहां कानून और व्यवस्था की स्थिति को सुधारू बनाये रखने नीतीश कुमार निश्चित रूप से सफल रहे और पूरे बिहार में उन्हें सुशासन बाबू के रूप में जाना जाने लगा था। किन्तु पिछले कुछ समय से बिहार में एक बार फिर कानून और व्यवस्था की स्थिति चरमराने लगी थी तभी यह कयास लगाये जा रहे थे कि बढ़ती उम्र के कारण नीतीश कुमार से इस बार गृह मंत्रालय भाजपा ले लेगी। अंततः वही हुआ और अब उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को गृह मंत्रालय की बागडोर सौंप दी गई है जिन्होंने बिहार के आपराधिक तत्वों को चेतावनी दी है कि उनके खिलाफ अब कड़ी कार्यवाही की जाएगी और बिहार में अब जंगलराज के लिए कोई जगह नहीं होगी। वैसे सम्राट चौधरी के लिए बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार लाना बेहद चुनौतीपूर्ण काम होगा और अब उनकी असली अग्नि परीक्षा शुरू होगी। अब तक नीतीश कुमार ने बिहार में जो सुशासन बनाये रखा था उसे कायम रखना अब भाजपा की जिम्मेदारी बन गई है। नीतीश कुमार से गृह मंत्रालय लेने के फैसले को लेकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पार्टी कटाक्ष भी कर रही है कि अब नीतीश कुमार सिर्फ नाम के ही मुख्यमंत्री रह गये हैं। बिहार में सरकार भाजपा के ही इशारे पर ही चलेगी। दरअसल नीतीश कुमार अब उम्रदराज हो चुके हैं और उनकी सेहत भी उनका साथ नहीं दे रही है। ऐसे में गृह विभाग जैसे बेहदमहत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी से उन्हें मुक्त करके भाजपा ने सही निर्णय लिया है जिसमें नीतीश कुमार का कद कम करने वाली कोई बात नहीं है। बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार करना निहायत जरूरी है। तभी वहां पूंजि निवेश आकर्षित किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि बिहार में रंगदारी और गुंडागर्दी के चलते ही लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल के दौरान वहां उद्योगों की स्थापना नहीं हो पाई थी। इस मामले में बिहार की स्थिति भी बंगाल की तरह ही थी जहां पूंजि निवेश करने से उद्योगपति कतराते रहे हैं। बहरहाल सम्राट चौधरी गृह मंत्री के रूप में बेहतर काम करके दिखाएंगे ऐसी उम्मीद की जा सकती है।

भारत की बेटियों ने फिर रचा नया इतिहास

पिछले माह ही वूमेन्स वर्ल्ड कप जीतकर भारतीय महिला टीम ने नया इतिहास रचा था और अब एक बार फिर दृष्टि बाधित भारतीय महिलाओं ने वूमेन्स ब्लाइंड टी-20 वर्ल्डकप जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। भारत की वे बेटियां जो अपनी आंखों से दुनिया नहीं देख सकती। उन्होंने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि भारत की बेटियां किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। विमेन्स ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप के सभी मैच भारतीय शेरनियों ने शानदार तरीके से जीते उसने आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, अमेरिका और पाकिस्तान को हराकर फाइनल में स्थान बनाया और फाइनल मैच में नेपाल के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज करके नया इतिहास रच दिया। दृष्टि बाधित इन भारतीय बेटियों के जज्बे को सलाम जिनकी सफलता पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ट्वीट किया है कि जिस तरह वर्ल्ड कप जीतने पर हमें पूरे देश में प्यार और आर्शीवाद दिया था उसी तरह इन दृष्टिबाधित बेटियों को भी पूरा देश आर्शीवाद दे। भारतीय टीम की कमान संभालने वाली दीपिका और उनकी टीम की सभी खिलाड़ियों को दिल से सलाम। इसी तरह भारत की बेटियों ने विश्व मुक्केबाजी कप में भी भारत का परचम लहरा दिया है। 51 किलो ग्राम वर्ग में भारतीय मुक्केबाज निकखहत जरीन ने चीन बाक्सर को 5-0 से हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया है। इस मुक्केबाजी में भारत की बेटियों ने कुल सात पदक हासिल कर नया कीर्तिमान रचा है। इस तरह भारतीय छोरियों ने साबित कर दिया है कि वाकई वे छोरो से कम नहीं है।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ साधक की दृढ़ इच्छाशक्ति रहे तो सद्गुरू,प्रकृति, परमात्मा राह बना देते हैं। धोखा मिलता है किन्तु धोखा अपने हाथ में है कि दूसरे के हाथ में है? और फिर कहते हैं धोखा मिल गया। मिल गया तो खा क्यों गए? धोखा मिल जाना और खा लेना दो अलग बात है, समझना होगा ! तो हमको इससे धोखा मिला, मिला तो खाए क्यों?

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1758 ब्रिटेन ने फ़्रैंक से फोर्ट ड्यूक्वेने (बाद में फोर्ट पिट/पिट्सबर्ग) को कब्जा लिया। 1759 विनाशकारी भूकंप में बेरूत और दमिश्क शहर तबाह हो गए, करीब चालीस हजार लोग मारे गए। 1766 पोप क्लेमेंट ङ्गढ्ढढ्ढ ने ईसाई विरोधी लेखन के खतरों पर चेतावनी दी। 1833 नीदरलैंड और बेल्जियम ने जोनहोवेन की संधि पर हस्ताक्षर किये। 1843 इटली में माउंट एटना विस्फोट से ब्रोंटे गांव में 69 लोगों मारे गए। 1867 स्वीडन के रसायनशास्त्री अल्फ्रेड नोबेल ने 'डायनामाइट' का पेटेंट कराया। 1880 फ्रांस एक चिकित्सक लैवेरन ने मलेरिया बुखार के करण का पता लगा लिया। 1884 सेंट लुइस के जॉन बी. मेयेनबर्ग ने 'वाष्पित दूध' (ईवैपोरेटेड मिल्क) का पेटेंट कराया। 1915 अल्बर्ट आइंस्टीन ने प्रूशियन एकेडमी ऑफ साइंस के क्षेत्र में सामान्य सापेक्षता के समीकरणों को प्रस्तुत किया। 1936 जर्मनी और जापान के बीच कोमिंटन (कम्युनिस्ट इंटरनेशनल) विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर हुए। 1951 अमेरिकी प्रान्त अल्बामा में ट्रेन दुघर्टना में 17 लोगों की मौत हुई। 1975 नीदरलैंड से सूरीनाम की स्वतंत्रता के बाद, जोहानफायर इसके पहले राष्ट्रपति बने।

संगठन महारथी हेमंत खण्डेलवाल की गज केसरी चाल

सत्येंद्र कुमार जैन

भारतीय जनता पार्टी के मध्य प्रदेश के अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल संघ निष्ठ,संगठन निष्ठ,कुशल रणनीतिकार,अखंड प्रचंड पुरुषार्थी, तपस्वी,तेजस्वी कर्मयोगी हैं।उनका तप,तेज और परिश्रम उनकी गजकेसरी चाल से स्पष्ट रूप से दृष्टि गोचर हो रहा है। एक ओर जहाँ हेमंत खंडेलवाल ने अपने अनुभव,बुद्धि,विवेक,पुरुषार्थ और पराक्रम द्वारा मात्र तीन माह के अल्प काल में ही प्रदेश कार्यसमिति का गठन किया है,वहीं दूसरी ओर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को अपनी कार्य समिति का गठन करने में लगभग सवा साल लग गए थे। इसका अभिप्राय यह है कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपनी प्रदेश कार्यसमिति को कांग्रेस से लगभग 5 गुना कम समय में ही अत्यंत तीव्र गति से गठित कर लिया है।प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की संगठन रचने की तीव्रता,गति,प्रगति,वेग,संवेग अद्वितीय है।उन्होंने अपनी कार्यसमिति में सभी क्षेत्रों जैसे बुन्देलखण्ड, महाकौशल, मालवा, विंध्य,मध्य क्षेत्र, निमाड़ आदि से सभी वर्गों, जातियों से पदाधिकारियों का चयन किया है।लगभग 30 प्रतिशत पदों पर महिलाओं को कार्यसमिति में स्थान देकर नारी शक्ति का भी वंदन किया है।वह तीव्र गति से प्रदेश के संगठन को गढ़ते जा रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व जगत प्रकाश नड्डा ,बी एल संतोष,शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा,अजय जामवाल,डॉ महेंद्र सिंह, सतीश उपाध्याय आदि नेताओं से गहन विमर्श उपरांत प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने अनमोल रत्नों को उत्कृष्ट अनुभवी जौहरी की भाँति परख कर संगठन की प्रदेश कार्यसमिति रूपी माला को गूंथा है।वह भाजपा की परम सफलता की प्राप्ति हेतु,कार्यकर्ताओं का कमल व्यूह या पद्म व्यूह रच रहे हैं।संगठन में सर्वस्व अर्पण के भाव से मध्य प्रदेश भाजपा के महायज्ञ में अपनी आहुति डाल रहे हैं। मध्य प्रदेश के लगभग पौने दो करोड़ कार्यकर्ताओं में नव ऊर्जा का संचार कर रहे हैं।समस्त कार्यकर्ताओं से भेंट कर रहे हैं।संगठन में नवाचार कर रहे हैं। 65 हजार से अधिक बूथ पर लगभग 42 लाख से अधिक कैलाश पर्वत रूपी सक्रिय कार्यकर्ताओं से सतत संवाद,संपर्क बना रहे हैं।प्रदेश की परिक्रमा कर रहे हैं।भाजपा को जिन बूथ पर अभी विजय श्री प्राप्त नहीं हुई है,उनको चिन्हित कर रहे हैं।आकांक्षी बूथ, एस्पिरेशनल बूथ का नाम दे रहे हैं। भविष्यगामी चुनावों में विजय श्री प्राप्त करने के लिए कार्यकर्ताओं का मनोबल और उत्साह बढ़ा कर,चरणबद्ध कार्य योजना अनुसार कार्य कर विजय श्री की प्राप्ति हेतु टीम को उर्जित कर रहे हैं।भाजपा के कार्यक्रमों, नीतियों के कुशल संचालन हेतु 13 संभागों के प्रभारी भी नियुक्त कर दिए हैं। भाजपा संगठन की दृष्टि से नए संभाग छिंदवाड़ा, मंदसौर आदि की रचना कर नवाचार कर रहे हैं।उन्होंने संभाग प्रभारी की नियुक्ति में भाजपा की वर्तमान कार्यसमिति से परे जाकर ऊर्जावान नेताओं को समाहित कर नवाचार किया है।जिला अध्यक्षों को भी शीघ्रता पूर्वक जिला कार्यसमिति घोषित करने का निर्देश दिया है।परिणाम स्वरूप चंद जिले ही शेष हैं।भाजपा की गाइड लाइन के विरुद्ध आचरण करने वाले अनेक नेताओं पर उनके निर्देशन में अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की गई है,पार्टी से निष्कासित भी किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने अल्प समय में ही प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष,सोशल मीडिया विभाग के संयोजक की नियुक्ति कर मोर्चों को सक्रिय कर दिया है।उन्होंने भाजपा के प्रदेश मोर्चा प्रभारी, प्रकोष्ठ प्रभारी और प्रदेश कार्यालय व्यवस्था प्रभारी की नियुक्ति कर संगठन में नव ऊर्जा का संचार किया है।

संसार के सभी ग्रंथों का आधार,पवित्र ग्रंथ श्री मद भागवत गीता में वर्णित है कि-

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।

अर्थात श्रेष्ठ मनुष्य जो आचरण करते हैं,अन्य मनुष्य वैसा ही आचरण करते हैं। श्रेष्ठ मनुष्य जो कुछ प्रमाण देते हैं,अन्य मनुष्य उसी के अनुसार आचरण करते हैं।भाजपा के कर्मयोगी, संघ निष्ठ,पुरूषार्थी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल उन्हीं श्रेष्ठ मनुष्यों की श्रेणी में आते हैं। भाजपो युवा मोर्चा के मंडल कोषाध्यक्ष से राजनीतिक यात्रा आरम्भ करने वाले हेमंत खण्डेलवाल भाजपा के बैतूल लोकसभा के सांसद रहे हैं।वर्तमान में बैतूल विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।उन्होंने पूर्व में भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष का दायित्व भी कुशलता पूर्वक संपादित किया है ।वह 2024 के लोकसभा चुनाव के संयोजक रहे हैं।उनके कुशल संयोजन के परिणाम स्वरूप भाजपा को 29 लोकसभा सीट पर विजय श्री और कांग्रेस को शून्य लोकसभा सीट अर्जित करने का इतिहास रचा गया। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के उपरांत सर्वप्रथम उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय के कर्मचारियों के स्वास्थ्य बीमा का निर्णय लिया।उन्होंने कर्मचारियों को डिजिटल फ्रॉड से बचने का आग्रह किया।उनके नाम के संभावित दुरूपयोग से अवगत कराया।वह पूर्व से ही रोड पर टोल टैक्स देते आए हैं।विधायक रूप में प्रदत्त सुरक्षा गार्ड को उन्होंने वापस कर दिया है।भाजपा कार्यालय द्वारा प्रदत्त वाहन को लौटा दिया है।अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने नैतिकता के अनेक आदर्श स्थापित किए हैं।यह आदर्श अन्य राजनैतिक दलों के साथ साथ भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा देते हैं । प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल हस्ती चाल से चलते हुए भाजपा संगठन को सशक्त कर रहे हैं।केसरी रूप में पार्टी लाइन को तोड़ने वाले कार्यकर्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्यवाही कर रहे हैं।भाजपा में गज केसरी योग निर्मित कर रहे हैं।पद्म व्यूह अथवा कमल व्यूह रचना से संगठन को मजबूत बना रहे हैं।संगठन के सर्वोत्कृष्ट शिल्पी हैं, संगठन के महारथी हैं।

महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन के रचनात्मक उपाय जरुरी

- डॉ देवेन्द्र नाथ शर्मा

भाषणों, उपदेशों, सामाजिक परम्पराओं व धार्मिक पुस्तकों में यह बार-बार यह बताया जाता हैं कि भारतीय समाज में नारी देवी स्वरुपा है अतः पूज्यनीय है और इनका सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है द्य लेकिन क्या वास्तव में ऐसा हो रहा है ? नवरात्रि में स्त्री शक्ति का गुणगान करने व कन्याओं को देवी मानकर पूजा करने वाले इस देश में बेटियां अपनी सुरक्षा और अपने सम्मान के प्रति कितनी आश्वस्त हैं? वास्तविक जीवन में महिलायें अपमान, मानसिक व शारीरिक उत्पीडन, यौनिक दुर्व्यवहार, मार-पीट, हत्या, बलात्कार जैसे अपराधों की शिकार होती हैं द्य वर्ष 2023 में देश में महिलाओं के विरुद्द हुए हिंसात्मक अपराधों के 4.48 लाख मामले दर्ज हुए है अर्थात हर घंटे 51 महिलायें किसी न किसी प्रकार की हिंसा की शिकार हुई है द्य इन मामलों में शीलहरण, बलात्कार, हत्या, मारपीट सहित घरेलू हिंसा के 1.5 लाख, यौन उत्पीडन के एक लाख, दहेज़ उत्पीडन के 60 हजार की अपराध शामिल हैं। इन दर्ज मामलों के अलावा कई लाख ऐसे मामले भी हैं जो पुलिस थानों तक ही नहीं पंहुच पाए होंगे।

अधिक चिंताजनक यह है कि शिक्षा के पवित्र मंदिर माने जाने वाले संस्थानों में भी अध्यनरत छात्राएं और महिला कर्मी लैंगिक अपमान तथा यौनिक हिंसा व उत्पीडन की शिकार हो रहीं हैं । उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में हाल ही की घटनाओं ने इन संस्थाओं में शिक्षार्थियों में असुरक्षा की भावना को बढ़ाया है द्य यद्दपि उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में यौन उत्पीड़न एक विश्वव्यापी इस समस्या है लेकिन जिन नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों को लेकर भारत में हम जीते हैं, उनसे यह उम्मीद की जाती है कि हमारी शिक्षण संस्थाओं में जहाँ गुरु का दर्जा ईश्वर तुल्य माना जाता है; वहाँ यौन उत्पीड़न की घटनाएँ नहीं के बराबर होंगी। हालाकि देश में उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में यौन उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं से यह धारणा अब गलत साबित हो रही है ।

आज महिलाओं के विरुद्द हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर विशेष

ओडिशा के बालासोर के फ़कीर मोहन कालेज में बीएड पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रा अपने विभागाध्यक्ष द्वारा ही यौन उत्पीडन का शिकार हुई द्य भविष्य बर्बाद करने की धमकी देकर यौन संबंध बनाने की लगातार मांग की शिकायत प्राचार्य से की गई और इस पर कालेज के प्रबंधन द्वारा कार्यवाही नहीं किये जाने पर पीड़िता द्वारा कॉलेज में ही धरना दिया । धरने के 12 वें दिन तक प्राचार्य से संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर कॉलेज में ही पीड़ित छात्रा ने स्वयं पर आग लगा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया द्य 95त्न जली हुई अवस्था में एम्स में इलाज हेतु भर्ती किया गया, जहां उसने अंततः तीसरे दिन दम तोड़ दिया । लंबे समय से उस छात्रा से यौन दुर्व्यहार कर रहे इस प्रोफ़ेसर के अनैतिक गतिविधि के प्रति कॉलेज प्रशासन लगातार घोर असंवेदनशील रहा द्य आंतरिक सुरक्षा समिति सहित प्राचार्य ने बारह दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की द्य एक बेटी के प्रति कॉलेज का समूचा असंवेदन प्रशासन आरोपी प्रोफ़ेसर को बचाने के लिए जुटा रहा ।

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ ज़िले के मूडबिदरी स्थित एक कॉलेज के दो शिक्षकों ने एक छात्रा को नोट्स देने के बहाने एक घर में बुलाया और फिर उसके साथ बलात्कार किया है द्य इस दौरान उन्होंने उसके अश्लील वीडियो व फ़ोटो बनाए जिसके आधार पर दोनों शिक्षक व उनका एक मित्र पीड़ित छात्रा से ब्लैकमेल करते हुए उसके साथ बार-बार बलात्कार करने लगे। परेशान होकर पीड़िता ने अपने पालकों की मदद से महिला आयोग से शिकायत की तब जाकर पुलिस ने हरकत में आकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

इसी तरह देश के शीर्ष केन्द्रीय सरकार के संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट कलकत्ता के हॉस्टल में एक छात्रा के साथ बलात्कार किया गया द्य छात्रा को काउंसलिंग सेशन के लिए आईआईएम में बुलाया गया और फिर बहाने से हॉस्टल ले जाकर उसे बेहोश कर अचेत अवस्था में उसके साथ बलात्कार किया है । कलकत्ता के सरकारी आरजी कर हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज में शराब पीकर बेकौफ दिन रात घूमने वाले तथाकथित सोशल वर्कर द्वारा एक पीजी इंटर्न से जघन्य तरीके से किए गया बलात्कार और फिर उसकी हत्या का कांड सुर्खियों में रहा । इस काण्ड में कॉलेज के निदेशक की भूमिका अत्यंत शर्मनाक रही द्य उनके द्वारा न केवल घटना स्थल की तत्परता से सफाई कर कर सबूत मिटाने के प्रयास किए बल्कि पीड़िता के घरवालों व पुलिस को देरी से सूचना दी । अपने नाजायज हितों में सहायक रहे आरोपी को बचाने के प्रयास वे करते रहे द्य इस प्रकरण पर राजनीति के गर्माने की वजह से कलकत्ता पुलिस को ढुलमुल रवैया छोड़ कर अपराध को विवेचना करनी पड़ी द्य बाद में CBI द्वारा प्रकरण को अपनी विवेचना में लिया गया । कोलकता के ही साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के एक स्टाफऔर दो छात्रों ने कॉलेज के गार्ड रूम में एक छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार किया और घटना की वीडियो बनाई द्य राजनिति के गरमाने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारियां हो पाईं ।

इन उदाहरणों के आलावा देश भर से कई शैक्षणिक संस्थाओं से मीडिया के माध्यम से उभर कर आने वाले ऐसे शर्मनाक मामलों से यह स्पष्ट हो रहा है कि उच्च शिक्षण संस्थाओं में यौन उत्पीड़न एक चुनौती बनता जा रहा है द्य हाल के वर्षों में आई जागरूकता के बावजूद इस समस्या की बढती व्यापकता शैक्षणिक वातावरण में बेटियों की सुरक्षा और संस्थाओं की गरिमा को कमज़ोर कर रही है द्य यौन उत्पीड़न का चिंताजनक पहलू यह है कि इस घिनौने कृत्य से महिला शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों का सामाजिक, भावनात्मक व शैक्षणिक विकास गंभीर रूप से प्रभावित होता है । पुरुषवादी सोच के चलते लैंगिक भेद-भाव की भावना से ओतप्रोत उच्च शिक्षण संस्थाओं के प्रशासन तंत्र ऐसी घटनाओं को उपयुक्त तरीके से संभालने में नाकाम साबित होते दिखते हैं । कहीं आरोपियों के हक़ में होते हुए वे पीड़ित पक्ष पर ही इन घटनाओं जिम्मेदारी डालने का प्रयास करते हैं; तो कहीं इन मामलों में बदनामी होने, कैरियर ख़राब होने, विवाह में समस्याएं आनें या सामाजिक जीवन में कठिनाई होने, कोर्ट-कचहरी के चक्कर में फँसने जैसी बाधाओं का जीवन में आ जाने का जिक्र कर पीड़ितों को चुप रहने और समझौता कर लेने की समझाइश देने तक में जुट जाते हैं। उच्च शिक्षण संस्थाओं में यौन उत्पीड़न के मामले में भारत में हुए कुछ शोध अध्ययनों से यह पता लगता है कि शैक्षणिक संस्थाओं में यौन उत्पीड़न की स्थिति व्याप्त है द्य छात्राएँ बड़ी संख्या में अपनी पढ़ाई के दौरान किसी न किसी प्रकार के यौन उत्पीड़न का अनुभव करती है द्य हमारे देश में यौन उत्पीड़न को पीड़िताओं के लिए एक सामाजिक कलंक माना जाता है द्य एक अनुमान के अनुसार यौन उत्पीड़न के मामलों में लगभग 90% छात्राएँ बदनामी, सामाजिक रूप से तिरकृत होने, कैरियर के समाप्त होने आदि के डर से अपनी शिकायत दर्ज नहीं कराती है और न ही खुलकर बोल पाती है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

औरतें बहुत



औरतें बहुत अच्छी बुनकर होती हैं.. एक अनोखा ही संसार होता है... सूई का साथ हो तो गढ़ देती है कुछ अद्भूत सा.. मन का साथ हो तो रुकती ही नहीं... खुद से बात करते-करते दूर निकल जाती है... रंगों से खेले तो बनाती है रंगोली देहरी पर दीवारों पर बने बेल-बूटे कभी मुरझाती ही नहीं अपने ख्यालों के पंख लगा विचरती है स्वछंद होकर.. आँख भर ही समा जाने तक सपने होते हैं... थोड़ा है,थोड़े की ही बस जरुरत है...।

- सपना चन्द्रा

भोली भाली मुन्नी

भोली भाली मुन्नी की बातें खीर कटोरे सी चाँद की रातें जादू भरी इक परी कहानी थपकी देती माँ की बातें खेल रहे सब आँख मिचौनी चिंटू बन्दर हिरणी सलोनी पकड़ में आ गई नन्ही बकरी बज गई उसकी पायल सोणी मंजन करना कुल्ला करना रगड़ रगड़ के खूब नहाना कपड़े भी तुम साफ़ पहनना बिन रुमाल के स्कूल ना आने

- ज्योतसा सक्सेना

वो रेत सा फ़िसलता जाता था, उसकी मुट्ठी

वो रेत सा फिसलता जाता था, उसकी मुट्ठी उसे बंद महसूस हुआ करती थी। एक दिन उसने अपनी मुट्ठी खोल दी। कर दिया उसे बंधनमुक्त! वो पूरी तरह बिखर चुका था नदी के किनारे बिखरी रेत की तरह मूल्यविहीन! मुट्ठी की ऊष्णता ठंडी रेत हो चुकी थी... । - **सरिता खोवाला**

गीली लकड़ी से कोयला ,फिर राख

गीली लकड़ी से कोयला ,फिर राख में बदल जाता हूँ , जी भी नही पाता , मर भी नही जाता हूँ ,चलता रहता है सफ़र ,हर रोज़ यूँ ही , मैं रोज़ नए रूप में ,ढ़ल जाता हूँ।। - **नमन कुमार मिश्रा**

सीखो मुझसे खुश रहना कोई बोले चुप

सीखो मुझसे खुश रहना कोई बोले चुप चहना बात सुनो सबकी अच्छे से सोच के बोलो जो कहना खुद की इज्ज़त हाथ में अपने बचा के रक्खो ये गहना कोई कुछ भी पहने रक्खे देखो खुद ने क्या पहना गलत तरीकों से ना देखो घर में है सबके बहना. बात मेरी अच्छी ना लागे तो केवल मुझसे कहना। - **जे डी कुदाल ÷अनुश्री÷**



जिस पार्टी का अध्यक्ष खुद और

जिस पार्टी का अध्यक्ष खुद और वह उससे इस्तीफा नहीं दे सकता उसी पार्टी को पार्टी को पार्टी अध्यक्ष अपनी सम्पत्ति दान?कर रहा है बड़ा महान नेता है बच्चों ताली बजाओ अपनी सोच विकसित मत करना बस महात्मा गांधी के किसी आश्रम पर मौन धारण करना ऐसे ऐसे विचार आपको वहीं से मिलेंगे। जैसा मेरा देवता वैसा मैं। - **नवीन शंकर शर्मा**

बहुत दिनों के बाद ही ,कलम उठाई हाथ।



बहुत दिनों के बाद ही ,कलम उठाई हाथ। शारद शेष महेश के ,चरण नवांऊ माथ ।। भटक रहा संसार हूं,मिले न मनको चैन। प्रभू मिलन की आस है,अभिज्ञ हुआ बैचैन ।। शारद निर्मल बुद्धि दो , राम लिखूं बस राम। बालक बुद्धि अभिज्ञ को , चाहिए रामहि राम ।। - **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अगर आप एक स्टूडेंट हैं तो आपके लिए एक खुशखबरी है कि आज आपको करियर से रिलेटेड कोई शुभ सूचना मिल सकती है।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी भी काम को शुरूआत करने से पहले जीवनसाथी से राय-मशविरा कर लेने से अच्छा रहेगा।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको किसी व्यक्ति से बातचीत करके खुशी मिलेगी साथ ही आप कुछ नया भी सीखने को पाएंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कोई मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा।

सिंह राशिः आज आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। साथ ही आपको तरक्की के कई अवसर मिलेंगे। आज परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनायेंगे। आज आपको व्यापार में मुनाफा होने की उम्मीद है।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से पूरा करेंगे जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी काम में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है आप ज्यादातर समय व्यस्त रहेंगे।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको खुशी होगी । आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे ।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।

कुम्भ राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में आपकी तारीफ होगी और आपके काम करने की स्किल को सराहना मिलेगी। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी।

QUIZ TIME

1) दूसरी पीढ़ी के कम्प्यूटरों में कौन से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग किया गया था?

2) नासिक जिले में त्रिंबक पहाड़ियों से निकलने वाली कौनसी नदी है?

3) किसे मोलेसिस बेसिन भी कहा जाता है?

4) किस अधिवेशन में कांग्रेस नरम एवं गरम दल में विभाजित हो गई थी?

5) राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2024 में प्रथम पुरस्कार किसने जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ट्रांजिस्टर (2) वैतरणा (3) मिजोरम (4) सूरत (5) यतिन भास्कर दुग्गल

कार्टून

शब्द सामर्थ्य - 238

प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की रोकी कार, कलेक्ट्रेट के सामने बवाल

■ **जमीन की सरकारी गाइडलाईन में वृद्धि से नाराज प्रदर्शनकारियों ने भाजपा नेताओं पर लगाया धक्कामुक्की का आरोप**

दुर्ग/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में जमीन की सरकारी गाइडलाईन में बढ़ोतरी का विरोध करने वाले प्रॉपर्टी डीलर्स ने आज कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया। इसी दौरान कलेक्ट्रेट के सामने से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव की कार गुजर रही थी। किरण सिंह देव ऋषभ कॉलोनी निवासी प्रदेश राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा के परिवारजनों से मुलाकात कर वापस लौट रहे थे।

प्रॉपर्टी डीलर्स, दस्तावेज लेखकों व जमीन की रजिस्ट्री कार्य से जुड़े लोगों ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव की कार को ऋषभ कॉलोनी से आते देख कलेक्ट्रेट के सामने रोक लिया। प्रदर्शनकारी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को अपनी मांगो से अवगत कराना चाहते थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की। इससे नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार से उतरकर प्रदर्शनकारियों को हटाने का प्रयास किया। इस दौरान भाजपा नेताओं व प्रदर्शनकारियों के बीच धक्कामुक्की होने लगी।

प्रदर्शनकारियों के हटने के बाद ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव की कार वहां से आगे बढ़ पाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे कलेक्ट्रेट के सामने शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। भाजपा नेताओं ने धक्का मुक्की कर उन्हें सड़क से हटाने का प्रयास किया। भाजपा नेताओं के व्यवहार से प्रदर्शनकारी काफी आक्रोशित रहे।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया है कि भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन और महामंत्री चन्ना केशवलू सहित अन्य भाजपा नेताओं ने उन्हें हटाने का प्रयास किया। इस दौरान उनके साथ धक्कामुक्की भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने मारपीट का प्रयास करने का आरोप भी लगाया है।

इधर जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन का कहना है कि लोकतंत्र में प्रदर्शन करने का सभी को अधिकार है। प्रदर्शनकारियों को अपनी मांगों को प्रशासन के समक्ष रखना चाहिये। निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह के काफिले को रोका जाना सरासर गलत है। हमने प्रदर्शनकारियों को कार के सामने से हटाने का प्रयास किया है। मारपीट या धक्कामुक्की के आरोप सरासर गलत हैं। ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने जमीन की सरकारी गाइडलाईन में 5 प्रतिशत वृद्धि कर दी है। जिससे पूरे छत्तीसगढ़ में जमीन के रेट बढ़ गए हैं। रजिस्ट्री शुल्क में वृद्धि हुई है। स्टॉम्प की दर भी बढ़ गई है। जमीन की खरीदी-बिक्री पर इसका असर व्यापक रूप से पड़ रहा है। आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। प्रॉपर्टी डीलर्स, दस्तावेज लेखकों व जमीन की रजिस्ट्री कार्य से जुड़े लोग प्रभावित हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि राज्य सरकार जमीन की सरकारी गाइडलाइन में 5 प्रतिशत की वृद्धि के निर्णय को तत्काल वापस लें। इस संबंध में प्रदर्शनकारियों द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया है।

महिला पार्षद पर महिला ने लगाया लाठी से पीटने का आरोप, कहा- बेटी ने दबाया गला

भिलाई/नवप्रदेश। रिसाली नगर निगम की महिला पार्षद माया यादव पर वार्ड की एक महिला ने गाली गलौज करने और लाठी से पिटाई करने का आरोप लगाया है। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। इस मामले को लेकर रुआबांधा सेक्टर की रहने वाली महिला संध्या सिंह (35 वर्ष) ने मारपीट किये जाने पर भिलाई नगर थाने में महिला पार्षद और उसकी बेटी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पार्षद ने संध्या सिंह के खिलाफ भिलाई नगर थाने में अपराध दर्ज कराया है। संध्या सिंह ने बताया कि सोमवार को सुबह वह रोज की तरह मंदिर से वापस लौटने पर पार्षद माया यादव और उनकी बेटी आंचल यादव ने उसे रोककर पुरानी रंजिश को लेकर उसे मां-बहन की अश्लील गालियां दी। गला पकड़कर मुंह दबाते हुए मारपीट की। पार्षद माया यादव ने घर में रखे बांस के डंडे से उस पर हमला कर दिया। उसके दोनों पैरों, दोनों भुजाओं, दाहिने कंधे, मुंह और सिर में चोट आई है। दरअसल, तीन महीने पहले स्थानीय लोगों ने पार्षद से सड़क पर जमा पानी के निकासी को लेकर शिकायत की, लेकिन पार्षद ने इसका समाधान नहीं किया। इससे परेशान होकर स्थानीय लोगों ने आयुक्त और महापौर को समस्या हल करने पत्र लिखा था। पीड़ित महिला संध्या का कहना है कि इसके बाद से पार्षद माया यादव नागरिकों से चिढ़ गई। सुबह उसी रंजिश की वजह से हमला किया गया। इस मामले में पार्षद ने संध्या सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए कहा कि महिला ने उसके घर पर आकर मारपीट की है। वह घर के सामने बैठी थी। उसकी आंख का ऑपरेशन हुआ है। आए दिन लोग उससे लड़ाई करते थे। उसे पता नहीं था कि लोग हमला करेंगे। उन्होंने केवल अपनी सुरक्षा की है।

न्यूज गैलरी

पुलिस कस्टडी से भागा बलात्कारी तांत्रिक आरोपी, 3 आरक्षक लाइन अटैच

भिलाई। जामुल थाना क्षेत्र में तांत्रिक और बलात्कार का आरोपी पुलिस कस्टडी से 21 नवंबर को फरार हो गया था। एसएसपी विजय अग्रवाल ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए प्रधान आरक्षक और दो आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया है। तीनों पुलिस कर्मी जामुल थाना में पदस्थ हैं। लाइन अटैच होने वाले पुलिसकर्मियों में प्रधान आरक्षक दिनेश कुमार, आरक्षक रत्नेश शुक्ला और आरक्षक चेतराम गुरूंग शामिल हैं। तांत्रिक हेमंत अग्रवाल को पकडने के लिए पुलिस ने दो दिनों तक बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा और रायपुर तक पीछा किया, लेकिन थाने पहुंचते ही वह तीन पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भाग निकला। इस लापरवाही पर एसएसपी ने तीनों आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया। जानकारी के अनुसार आरोपी हेमंत अग्रवाल को जामुल पुलिस ने भिलाई थाने लाकर रखा था, लेकिन यहां के स्टाफ को इसकी विधिवत जानकारी नहीं दी गई। रोजनामचा में भी कोई प्रविष्टि दर्ज नहीं की गई। पुलिसकर्मियों ने उसे थाने के बाहर ही बैठा दिया। इसी दौरान हेमंत मौका पाकर वहां से फरार हो गया। प्राथमिक जांच में तैनात पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आने पर एसएसपी ने तीनों पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया।

एसआईआर : आवश्यक होने पर ही नए फोटो लिये जाएंगे

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार बूथ लेवल अधिकारी द्वारा 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर मतदाताओं से विधिवत् भरा हुआ गणना पत्रक प्राप्त किया जाएगा। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा वितरित गणना पत्रक में अगर मतदाता अपने फोटो से संतुष्ट नहीं है या फोटो धुंधला है या अस्पष्ट है तो ऐसी स्थिति में मतदाता चाहे तो अपना नया फोटो बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं। बूथ लेवल अधिकारी भी डायरेक्ट बीएलओ एप के माध्यम से फोटो खींचकर अपलोड कर सकते हैं। समस्त बीएलओ आयोग के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए जागरूकतापूर्वक आवश्यक होने पर ही मतदाताओं से फोटोग्राफ लेकर गणना पत्रक भराने का कार्य सम्पादित करें।

नारायणपुर में सेल खेल मेला संपन्न

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र और रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 19 वाँ सेल खेल मेला गत दिवस सम्पन्न हुआ। ग्रामीण व आदिवासी अंचल की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने आयोजित खेल मेला के दौरान विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं विभाग एवं निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व शिवराजन उपाध्यक्ष भिलाई महिला समाज आशा रानी उप महाप्रबंधक क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग राजेंद्र प्रसाद सहायक महाप्रबंधक रावघाट खदान सचिन रंगारी उपप्रबंधक, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व कमलकांत वर्मा और बीएसपी खेल विभाग प्रशिक्षक उपस्थित रहे। उद्बोधन में पवन कुमार ने रामकृष्ण मिशन नारायणपुर द्वारा सेल-बीएसपी के सहयोग से संचालित विभिन्न गतिविधियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बीएसपी रावघाट क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

200 यूनिट हॉफ बिजली बिल योजना का जोरदार विरोध, कांग्रेसियों ने ऊंट को खिलाया जीरा

साय सरकार की छूट आम जनता के लिए ऊंट के मुंह में जीरे जैसा : राकेश ठाकुर

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट के सामने आज कांग्रेसियों ने ऊंट को जीरा खिलाकर बिजली बिल हॉफ योजना को 200 यूनिट में सीमित करने का विरोध किया। कांग्रेस ने कड़े शब्दों में मांग करते हुए कहा है कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार की तरह 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ किया जाना चाहिये। साय सरकार द्वारा 2 सौ यूनिट तक छूट देना ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर है।

प्रदर्शन में पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, महामंत्री दीपक दुबे, प्रदेश सचिव अय्यूब खान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल सहित दुर्ग ग्रामीण व शहर के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, जिला पंचायत व जनपद सदस्य, पार्षद सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार ने प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए 400 यूनिट तक की बिजली खपत में हाफ बिजली बिल योजना लागू की थी। कुछ माह पूर्व वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना में कटौती करते हुए सिर्फ 100 यूनिट बिजली में हाफ बिजली बिल का निर्णय लिया। कांग्रेस के कड़े विरोध और आन्दोलन के बाद भाजपा सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना में मामूली बढ़ोतरी करते हुए 200 यूनिट किया गया। प्रदेश में महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए ऊंट के मुंह में जीरा के सामान है।

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि बिजली बिल हॉफ योजना को बंद करना भाजपा सरकार का जनविरोधी निर्णय है। यह सरकार जनता के प्रति संवेदनशील नहीं है। किसानों को परेशान करने के बाद आम जनता पर बिजली बिल का अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। लगातार आंदोलन के बाद भी सरकार जनहित के निर्णय नहीं ले रही है।

प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा कि बिजली बिल हॉफ योजना बंद करना, स्मार्ट मीटर लगाना और सौर ऊर्जा का प्रचार छत्तीसगढ़ की जनता नहीं केवल साहब के उद्योगपति मित्र अदानी को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। राज्य सरकार जंगल, जमीन, खदान सब अडानी को दे रही है। यहां की बिजली को अडानी दूसरे राज्य में 2 गुना 3 गुना में बेच रहा है। प्रदेश कांग्रेस सचिव अय्यूब खान ने कहा कि बिजली बिल योजना को भूपेश सरकार की तरह 400 यूनिट तक फ्री किया जाए। भाजपा सरकार का 200 यूनिट की खपत तक हॉफ योजना का लाभ देने का फैसला गरीब परिवारों और मध्यमवर्गीय परिवारों के साथ छलावा है। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने दुर्ग एसडीएम हितेश पिस्दा, बिजली विभाग के एई आलोक साहू को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन में वरिष्ठ नेता उमाकांत चंद्राकर, शिवकुमार वर्मा, राजीव गुप्ता, अलताफ अहमद, जिपं सदस्य दानेश्वर साहू, नासिर खोखर, परमजीत सिंह भुई, कैलाश नाहटा, ओनी महिलांग, अनूप वर्मा, सन्नी साहू, राजकुमार नारायणी, प्रेमलता साहू, पोषण साहू, राहुल शर्मा, शमशीर कुरैशी, विक्रांत अग्रवाल, करीम खान, संतोष बाफना, महेंद्र निषाद, लोकेश साहू, नागमणि साहू, सुमन साहू, हरीश ठाकुर, जितेंद्र वर्मा, लुमेश्वर पटेल, मंथिर सेन, प्रहलाद वर्मा, मुकेश साहू, सुरता सिंग, बीरेंद्र गोस्वामी, टीकम डोडे, हेमंत साहू, तारेंद्र ठाकरे, सुप्रिय टेंबुलकर, सरोजनी चंद्राकर, हीरा वर्मा, दया यादव, नेतराम, यशवंत यादव, विकास सापेकर, सुमित घोष, संजू धनकर, अनूप पाटिल, राजकुमार वर्मा सहित अन्य सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का मंत्री गजेन्द्र ने किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज सिकोला बस्ती वार्ड क्रमांक 15 में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। भवन निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और उपयोगिता की विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को समय पर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सिकोला बस्ती वार्ड 15 में बन रहा भवन क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा। सार्वजनिक कार्यक्रम, आयोजन, सामाजिक बैठकें और सामुदायिक गतिविधियों के लिए इस भवन की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार का उद्देश्य हर वार्ड में मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, जिससे नागरिकों को बेहतर वातावरण एवं सुचारू सेवाएँ मिल सकें। निरीक्षण के दौरान यादव ने स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों से वार्ड के विकास संबंधी विस्तृत चर्चा की। सड़क, पानी, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यकताओं पर नागरिकों ने अपने सुझाव दिये। मंत्री ने सभी सुझावों पर गंभीरता से कार्यवाही करने और प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को वार्ड में चल रहे विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करने कहा। निरीक्षण के दौरान निगम सभापति श्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, पार्षद देवनारायण चंद्राकर, युवराज कुंजाम, सरस निर्मलकर, मन्नू साहू, मौसमी ताम्रकार, जयश्री जोशी, जितेन्द्र ठाकुर सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

छग राज्य विधिक परिषद बिलासपुर के चुनाव में चुने गए दुर्ग के 4 अधिवक्ता

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद बिलासपुर के 25 सदस्यों का चुनाव प्रदेश के सभी बार संघ में 25 सितंबर को हो चुका है। इस चुनाव में दुर्ग अधिवक्ता संघ के 13 सदस्य चुनाव मैदान में किस्मत आजमा रहे थे। अंतिम परिणाम की घोषणा हुई।

जिसमें अधिवक्ता संघ दुर्ग के चार सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचित सदस्यों में नरेन्द्र सोनी, संतोष वर्मा, उत्तम चंदेल, बादशाह प्रसाद सिंह शामिल हैं। नवनिर्वाचित सदस्यों को जिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, महिला उपाध्यक्ष उमा भारती साहू, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, सह सचिव राकेश यादव, ग्रन्थालय सचिव बजरंग श्रीवास्तव, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव रविशंकर मानिकपुरी, सदस्य नितेश साहू, रविश राजपूत, अजय मिश्रा, विक्रम पारख, अजय शर्मा, दमयंती चंद्राकर, मीडिया प्रभारी दानिश परवेज सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

लगातार तीसरी बार परिषद के सदस्य बने बीपी सिंह

बादशाह प्रसाद सिंह लगातार तीसरी बार छत्तीसगढ़ अधिवक्ता बार काउंसिल में विजयी हुए हैं। उनकी विजय पर अधिवक्ताओं ने खुशी जाहिर की है। उनकी विजय पर एडवोकेट सत्यव्रत चौधरी, सुधाकर ने कहा सीनियर हम सभी के आदर्श व प्रेरणास्रोत हैं। जूनियर एडवोकेट टीम के अन्य अधिवक्ता नरेंद्र सिंह, एहफाज, सुधांशु, पीयूष, विद्याभूषण, वंदना, आकांक्षा, प्रियंका, आदि श्रीवास्तव ने स्वागत किया।

जिला समन्वयक आरजीएसए के संविदा पद की सूची जारी

दुर्ग। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के जिला समन्वयक आरजीएसए के संविदा पद पर भर्ती के लिये अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जिला पंचायत के सीईओ बीके दुबे ने बताया कि सूची का अवलोकन दुर्ग जिले की वेबसाईट पर किया जा सकता है।

बीएसपी मेन गेट से जेपी सीमेंट चौक तक अनाधिकृत व्यवसाय पर प्रतिबंध

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी में उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ ट्रकों व भारी वाहनों की आवाजाही में बढ़ोतरी हुई है। ट्रकों और भारी वाहनों के प्रवेश के लिए निर्धारित बोरिया गेट से रोज लगभग 1000 से 1500 ट्रक संयंत्र परिसर में प्रवेश व निकास करते हैं। भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही के कारण यह क्षेत्र संवेदनशील और दुर्घटनाजन्य बन गया है। मार्ग से संयंत्र के हजारों कार्मिकों का मेन गेट तक आवागमन प्रतिदिन होता है। इसके बावजूद बोरिया गेट व आसपास के क्षेत्र में ठेले, चाइना मार्केट के आसपास सड़क पर लगने वाली अनाधिकृत दुकानें, सड़क व चौराहों पर अवैध रूप से संचालित अस्थायी दुकानों की व्यावसायिक गतिविधियों का फैलाव लगातार बढ़ रहा है। क्षेत्र में अव्यवस्थाएं भी हो रही है। ट्रैफिक और सुरक्षा संबंधी गंभीर बाधाएं उत्पन्न होने के साथ ही विशेषकर पारंपरिक त्योहारों और उत्सवों के समय ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। मेन गेट से जेपी सीमेंट चौक तक का पूरा क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र घोषित है।

स्कूल भवन निर्माण के लिये विधायक रिकेश ने दी 67.05 लाख की सौगात

■ **विधायक ने किया भूमिपूजन, ऑफिस, क्लास सहित दर्जन भर नए कक्ष का होगा निर्माण**

भिलाई नगर/नवप्रदेश। शासकीय हाई स्कूल कैम्प-2 में 67.05 लाख रुपये के विकास कार्यों का वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने भूमिपूजन किया। रिकेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को अपने मुख्य एजेंडा में शामिल कर हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना चाहती है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ा धन है और सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए लगातार काम कर रही है। शिक्षकों के साथ अभिभावक भी बच्चों की पढ़ाई के लिए मेहनत करें। इससे शिक्षा का स्तर बढ़ेगा। सबसे बड़ा धन विद्या धन है। हमें शिक्षा को बेहतर करने के लिए लगातार काम करना है। गौरतलब है कि इसी स्कूल में रिकेश सेन ने प्रारंभिक शिक्षा पूरी की।

विधायक बनने के बाद विधानसभा क्षेत्र के सभी शासकीय स्कूलों, का कायाकल्प करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं।

आज इसी कड़ी में उन्होंने शासकीय स्कूल को लगभग 10 से अधिक नये कमरों की सौगात दी। सेन ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल कैम्प-2 में 3 आधुनिक क्लास रूम, प्राचार्य व ऑफिस कक्ष, दो विद्यार्थी कक्ष, बालक व बालिका वॉशरूम 2, प्रथम तल पर 2 क्लास रूम, लायब्रेरी रूम, कम्प्यूटर रूम, आर्ट रूम, दो नग बालक व बालिका वॉशरूम निर्माण किया जाएगा।

फार्मेसी, शिक्षा और स्वास्थ्य का उभरता हुआ केंद्र : कुलपति डॉ. सूरीशेट्टी

रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में फार्मेसी वीक का शुभारंभ

भिलाई/नवप्रदेश। फार्मेसी, शिक्षा और स्वास्थ्य का उभरता हुआ ऐसा केंद्र है, जहां सभी की नजरें केंद्रित है। फार्मासिस्ट देश के लिए अहम रोल निभा रहे हैं। फार्मासिस्ट ने देश को भयंकर महामारी से बाहर निकालने में सहयोग किया।

कम्युनिटी हेल्थ में भी समाज के साथ मददगार बनकर डटे हुए हैं। ये बातें सोमवार को रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी में फार्मेसी वीक समारोह के उद्घाटन के दौरान कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने कहीं।

उन्होंने फार्मेसी के विद्यार्थियों को इस फील्ड के जरिए समाज के साथ सीधे जुडने को सौभाग्य की बात कहा। फार्मेसी वीक का शुभारंभ विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिताओं के साथ किया गया। फार्मेसी के विद्यार्थियों ने रस्साकशी, कबड्डी खेलों के जरिये अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। आनंद मेला में सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए। कोलकाता की झालमुड़ी से लेकर मॉर्डन जमाने के लिए परोसे जाने वाला वॉफल्स इसमें शामिल रहे।

समारोह के पहले दिन छात्रों ने रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर फार्मेसी की फील्ड के प्रति सम्मान दिखाया। कॉलेज के भवन में फार्मेसी वीक के बैनर का विमोचन किया गया। विद्यार्थियों के लिए फार्मेसी की थीम पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्विज, डिबेट और पोस्ट मेकिंग कॉम्पीटिशन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-वीसी डॉ. मनीष मनोरिया, स्कूल ऑफ फार्मेसी की डायरेक्टर डॉ. मधुलिका प्रधान, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. आशीष पनत, रजिस्ट्रार डॉ.एजाजुद्दीन और परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश शर्मा शामिल रहे। समारोह तीन दिन चलेगा, जिसमें छात्रों के लिए कई प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

जिले में अब तक साढ़े 3 लाख क्वि. धान खरीदी

दुर्ग। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में तेजी आई है। 87 सहकारी समितियों के अंतर्गत सभी 102 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जा रही है। 15 नवम्बर से अब तक 345822.80 क्विंटल की धान खरीदी की गई है। जिसमें धान मोटा की मात्रा 117042.40 क्विं, धान पतला की मात्रा 83571.60 क्विंटल और धान सरोना की मात्रा 145208.80 क्विंटल शामिल है। शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य धान पतला 2389.00 प्रति क्विंटल, मोटा 2369.00 प्रति क्विंटल तथा धान सरोना 2369.00 प्रति क्विंटल दर से खरीदी की जा रही है।

कलेक्टर ने की एसआईआर की प्रगति की समीक्षा

■ **गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य तेज करने के दिए निर्देश**

दुर्ग/नवप्रदेश। वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) तेज गति से जारी है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं और भरे हुए प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर विधानसभा क्षेत्रों– 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर व 66 वैशाली नगर में डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कम डिजिटाइजेशन प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों को चिन्हांकित कर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आगामी 3 से 4 दिनों में डिजिटाइजेशन प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा को ध्यान रखते हुए सभी गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिये।

किसी विशेष रंग की स्याही से फार्म भरना अनिवार्य नहीं

बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं के बीच यह गलत जानकारी प्रसारित की जा रही है कि गणना पत्रक केवल विशेष रंग की स्याही या पेन से ही भरे जाने पर स्वीकार किए जाएंगे। इस सूचना के कारण मतदाताओं में भ्रम की स्थिति है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि गणना पत्रक भरने के लिए किसी भी विशेष रंग की स्याही या पेन का उपयोग अनिवार्य नहीं है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय गौ रक्षा गौ सेवा संघ ने आशा नगर में बाँटे गर्म कपड़े

राजनांदगांव। बढ़ती ठंड के बीच मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए राष्ट्रीय गौ रक्षा गौ सेवा संघ की टीम ने आशा नगर में बच्चों और बड़ों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। इस पुनीत कार्य में संघ की अध्यक्ष कांति मौर्य व सदस्य अंजू राव, हिमेश्वरी वर्मा और डोमन वर्मा सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। टीम द्वारा किए गए सेवा कार्य से क्षेत्र के लोगों को ठंड से राहत मिली। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि आगे भी सेवा कार्य समय-समय पर किये जाएंगे।

धान खरीदी की सुगम व्यवस्था और प्रबंधन से किसानों में उत्साह

कवर्धा। कबीरधाम जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य इस वर्ष भी पूरी पारदर्शिता, सुगमता और किसान हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जारी है। 15 नवंबर से खरीदी प्रारंभ होते ही किसान उत्साह के साथ अपने-अपने उपार्जन केंद्रों में पहुंच रहे हैं। खरीदी केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शासन ने किसानों की सुविधा के लिए नवीन पंजीयन एवं रकबा संशोधन की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 19 से 25 नवंबर कर दी है।

ग्राम दशरंगपुर के किसान घनश्याम चंद्राकर, जिनके पास 8 एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने टोकन तुहर हाथ ऐप के माध्यम से स्वयं मोबाइल से ही पहला 60 क्विंटल का टोकन निकालकर धान बेचा। घनश्याम बताते हैं कि उपार्जन केंद्र में धान की तौलाई से लेकर पेयजल, बारदाना जैसी सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित मिलीं। धान आसानी से बिक गया। अब वे शेष धान बेचने के लिए दोबारा ऑनलाइन टोकन निकालने की तैयारी में हैं। टोकन तुहर हाथ ऐप से काम बेहद आसान हो गया है। सरकार और जिला प्रशासन ने किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रख रही है।

कौहापानी जंगल में सर्चिंग के दौरान नक्सली भागे, सामग्री बरामद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। थाना बोरतलाव के ग्राम कौहापानी के पहाड़ी जंगल क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर जिला बालाघाट (म.प्र.), जिला गोंदिया (महाराष्ट्र), जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी अभियान के लिये रवाना की गई। सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें जिला बालाघाट (म.प्र.) के निरीक्षक आशीष शर्मा गोली लगने से शहीद हो गए।

मुठभेड़ के बाद नक्सलियों की घेराबंदी के लिये अभियान तेज किया गया। लगभग 300 अतिरिक्त बल को ऑपरेशन में शामिल किया गया। लगातार 3-4 दिनों तक सघन सर्चिंग की गई। ऑपरेशन के द्वितीय चरण में एसटीएफ छत्तीसगढ़, डीआरजी राजनांदगांव, डीआरजी मोहला-मानपुर की प्रमुख भागीदारी रही। 22 नवंबर को सर्चिंग पार्टी नक्सलियों के डेरे तक पहुंची, जहां पुलिस को देख नक्सली अपने सामान को छोड़कर भाग निकले।

घटना स्थल से बड़ी मात्रा में दैनिक उपयोग की सामग्री व नक्सली सामग्री बरामद किया गया है। बरामद सामग्री में नक्सलियों की वर्दी, पिट्ठू बैग, लिखे हुए दस्तावेज व डायरियां, वर्दियां, सोलर पैनल व चार्जिंग सेट्स, खाना बनाने के बर्तन, टेंट, तिरपाल, वॉकी-टॉकी सेट, विस्फोटक सामग्री, राशन सामग्री बरामद किया गया है।

मुठभेड़ स्थल से कुछ दूरी पर खून के काफी धब्बे पाए गए, जिससे आशंका है कि मुठभेड़ में कम से कम 3 नक्सली गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें से एक की स्थिति अत्यंत गंभीर बताई गई है। सूत्रों के अनुसार घायल नक्सलियों के उपचार हेतु नक्सली दस्ता स्थानीय ग्रामीणों से दवाई व डॉक्टर की व्यवस्था करने के प्रयास कर रहा था, लेकिन ग्रामीणों ने उसका विरोध किया और सहयोग करने से इंकार कर दिया। अभियान में एसटीएफ बघेरा की 6 पार्टियां, डीआरजी मोहला, व डीआरजी राजनांदगांव की पार्टियां सम्मिलित रहीं। सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा छोड़ी गई सभी सामग्री को विधिसम्मत कार्यवाही के तहत जब्त किया गया है। आने वाले दिनों में भी एसटीएफ व जिला बल, पड़ोसी राज्यों के बल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए सघन नक्सल विरोधी अभियान निरंतर जारी रखा जाएगा।

स्मार्ट क्लास से कठिन विषय भी होंगे रोचक, आकर्षक और आसान : उप मुख्यमंत्री शर्मा

- सहसपुर लोहारा विकासखंड के 9 शासकीय स्कूलों में एक साथ स्मार्ट क्लास की शुरुआत
- उप मुख्यमंत्री ने मुख्य सड़क से स्कूल तक पहुंचने के लिए सीसी रोड निर्माण की घोषणा की

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के स्कूलों में डिजिटलीकरण की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज ग्राम सिलहाटी के उच्चतर माध्यमिक शाला से सहसपुर लोहारा विकासखंड के अंतर्गत संचालित 9 शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सिलहाटी से विकासखंड के सभी 9 स्कूल वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

इस पहल के तहत विकासखंड कवर्धा में यह सुविधा का शुभारंभ पहले ही किया जा चुका है, जिसके बाद अब सहसपुर लोहारा क्षेत्र में भी डिजिटल शिक्षा का विस्तार तेजी से हो रहा है। आज सोनझरी, रक्से, सिलहाटी, सहसपुर लोहारा, सुरजपुरा वन, कोयलारी, छिरबांधा, खोलवा, राम्हेपुर के स्कूल में स्मार्ट क्लास की सुविधा शुरू की गई। उप मुख्यमंत्री ने सड़क से स्कूल तक पहुंचने के लिए सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, वरिष्ठ पत्रकार महेश मिश्रा, श्रीकांत उपाध्याय, सरपंच सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से जुड़े विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास के लाभ बताते हुए समझाया कि वे इस आधुनिक तकनीक का उपयोग कर अपनी पढ़ाई को अधिक प्रभावी और रोचक बना सकते हैं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने अनुभव साझा किए। उपमुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी कल्पना शक्ति को हमेशा सक्रिय और प्रबल रखें। स्मार्ट क्लास के माध्यम से भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और भूगोल जैसे विषयों में जटिल अवधारणाओं को सरलता से समझा जा सकेगा। सौर मंडल, संरचनात्मक प्रक्रियाओं और वैज्ञानिक विषयों को समझने में आसानी होगी। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बैठकर डिजिटल बोर्ड के माध्यम से आंख की संरचना में रेटिना की कार्यप्रणाली तथा हृदय की संरचना से संबंधित थ्रीडी एनिमेटेड डिजिटल कंटेंट का लाइव प्रदर्शन देखा।

अगले चरण में बोड़ला विकासखंड के शासकीय स्कूलों में भी इस सुविधा का विस्तार किया जाएगा। जिले में सीएसआर मद से कुल 50 स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित करने की योजना है। अन्य स्कूलों में भी यह पहल शुरू की गई है। इस महत्वपूर्ण कदम से जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता, तकनीकी पहुँच और विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी।

पीपरछेड़ी में बनेगा नवीन हॉयर सेकेंडरी स्कूल भवन

बालोद/नवप्रदेश। पीपरछेड़ी बालोद में विधायक ललित चंद्राकर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में नवीन हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण का भूमिपूजन व डोम शेड का लोकार्पण किया। कुल 1 करोड़ 21 लाख की लागत बनने वाले विकास कार्य का भूमिपूजन व डोम शेड का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद चेमन देशमुख, जिपं अध्यक्ष बालोद तारिणी चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष राकेश यादव, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, जनपद सदस्य हुलसी साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष करहीभदर धर्मेन्द्र साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष बालोद कृष्णा राम साहू, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष गजेंद्र भेडिया, श्रवण ठाकुर, सरपंच कृष्णा साहू, प्रभारी प्राचार्य एमएल सार्वा, असवन बारले, नरेंद्र सिन्हा, चंद्र कुमार गांधी, भवरलाल भूतड़ा, मोनू चौधरी, दिनेश साहू, प्रदीप साहू, मनीष गांधी सहित ग्रामीण, छात्र-छात्रा, शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शासन को भेजा 59.44 करोड़ की लागत से फोरलेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव

- तीन किमी फोरलेन निर्माण किया जाएगा, इससे आवाजाही सुगम होगी

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के भीतर बस स्टैंड से पिपरिया तक फोरलेन का प्रस्ताव लोनिवि ने सरकार को भेज दिया है। शहर में साढ़े तीन किमी सड़क के साथ साथ गंडई शहर में भी तीन किमी लंबी फोरलेन के लिए लोनिवि ने कुल 59 करोड़ 44 लाख रु का प्रस्ताव सरकार को भेजा है। सरकार ने दोनों शहरों में यातायात व्यवस्था सुधारने फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को बजट में शामिल किया था।

दो माह पहले लोनिवि ने इसका प्रस्ताव तैयार किया। स्वीकृति मिलने के बाद खैरागढ़ और गंडई में फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। खैरागढ़ में फोरलेन सड़क का निर्माण बस स्टैण्ड से बांसागार पिपरिया तक किया जाएगा। बस स्टैण्ड से कलेक्टर बंगले तक सड़क की चौड़ाई 12 मीटर है जो फोरलेन निर्माण के बाद 14 मीटर चौड़ी हो जाएगी।

कलेक्टर बंगले से बांसागार पिपरिया तक की सड़क की चौड़ाई 7 मीटर से बढ़कर 14 मीटर हो जाएगी। इससे आवाजाही सुगम होगी। पेड़ों के अलावा बिजली पोल, पाइपलाइन सहित अन्य निर्माण कार्य हटाए जाएंगे। गंडई शहर के भीतर से गुजरने वाली राजनांदगांव कवर्धा सड़क का निर्माण करने तीन किमी फोरलेन निर्माण किया जाएगा।

गंडई शहर में इसी सड़क पर विश्राम गृह, नगरपंचायत कार्यालय, बस स्टैण्ड सहित कई भीड़भाड़ वाले जगह है। यहां लगभग रोजाना जाम की स्थिति बनती है। लोनिवि की उपअभियंता स्मारिका तिवारी ने बताया कि खैरागढ़ में साढ़े तीन किमी और गंडई में तीन किमी कुल साढ़े किमी चौड़ी फोरलेन सड़क निर्माण का 59 करोड़ 44 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। स्वीकृति के बाद निर्माण कार्यवाही शुरू होगी।

सरकार 500 यूनिट तक बिजली बिल करें हाफ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस के जिला महासचिव रवि साहू ने प्रेस बयान जारी कर 5 सौ यूनिट बिजली बिल हाफ करने की मांग की है। साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे समृद्ध राज्य में कोयला, लोहा, हीरा सहित अनेक महत्वपूर्ण खनिजों का विशाल भंडार मौजूद है। राज्य आवश्यकता से अधिक बिजली का उत्पादन करता है, इसके बावजूद जनता को महंगी बिजली दी जा रही है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और जनविरोधी निर्णय है। साहू ने आगे कहा कि भाजपा सरकार जनता के अधिकारों पर डाका डालकर अपनी पीठ थपथपा रही है। संसाधनों पर पहला अधिकार जनता का है, लेकिन सरकार जनहित की अनदेखी कर भारी-भरकम बिजली बिल थोप रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि भाजपा सरकार तुरंत 500 यूनिट तक बिजली बिल हाफ करे। ताकि, आम जनता, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग को राहत मिल सके। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा 400 यूनिट तक बिजली हाफ दर पर दी जा रही थी जिससे जनता को बड़ी राहत मिली। भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही इस योजना को खत्म कर दिया और इसे घटाकर केवल 200 यूनिट कर दिया। यह जनता से धोखा है। रवि साहू ने कहा कि युवा कांग्रेस जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी और सरकार के जनविरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी।

कल प्लेसमेंट कैम्प

कवर्धा। जिले के प्रशिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई.टी.आई.) कवर्धा द्वारा 26 नवम्बर को सुबह 10 बजे से एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन शासकीय आई.टी.आई. परिसर ग्राम तारों में किया जा रहा है।

पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

बालोद/नवप्रदेश। अदालत ने आरोपी फागुराम प्रजापति उम्र-40 वर्ष, निवासी खेरथाबाजार, चौकी संजारी, थाना-डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद को धारा 302 के अपराध में आजीवन कारावास व 500 रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। प्रधान सत्र न्यायाधीश बालोद एसएल नवरत्न ने फैसला सुनाया। अभियोजन की ओर से प्रकरण की पैरवी लोक अभियोजक तोमन लाल साहू ने की।

जानकारी के अनुसार 16 जनवरी 2023 की शाम 5:35 बजे आरोपी फागु राम प्रजापति ने अपनी पत्नी तिजनबाई को दूसरे व्यक्ति के साथ अवैध संबंध होने के शक में कमरे का दरवाजा बंद कर दिया और खाट में गला दबाकर बोरी सिलने के लिये प्रयुक्त होने वाले लोहे के सूजा से गला, पेट व प्राइवेट पार्ट में चोट पहुंचाकर हत्या कर दी। प्रार्थी कुंजलाल प्रजापति की रिपोर्ट पर थाना डौण्डीलोहारा में मर्ग कायम कर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। मृतिका की पुत्री कु साधना चाय बनाने लकड़ी लाने गई थी, उसी समय उसके पिता ने कमरे का दरवाजा अचानक बंद कर दिया। दरवाजा खोलने के लिये काफी आवाज दी लेकिन उसके पिता ने दरवाजा नहीं खोला। भागते हुए दादा कुंजलाल को बुलाने गई। दादा ने भी कमरे का दरवाजा खोलने के लिये आवाज लगाया। बाद में कमरे का दरवाजा खोला गया। दरवाजा खुलने पर सभी ने देखा कि फागु राम अपनी पत्नी के गले को हांथ से दबाकर हंस रहा था। उसकी पत्नी की मौत हो चुकी थी। शासकीय अस्पताल डौण्डीलोहारा में पीएम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धारा 302 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया। ठोस साक्ष्य के आधार पर आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। प्रकरण की विवेचना निरीक्षक टीएस पट्टावी द्वारा की गई।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल : भावना

विधायक भावना ने आगरपानी में किया 97 लाख के कृषि परियोजनाओं का लोकार्पण

पंडरिया/नवप्रदेश। विधायक भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत आयोजित वाटरशेड महोत्सव के अवसर पर आज ग्राम आगरपानी में 12 ग्राम पंचायत अंतर्गत 21 गांवों में 96 लाख 96 हजार रु. की लागत से स्वीकृत कृषि व जल-संरक्षण संबंधित परियोजनाओं डबरी, कुंआ एवं स्टॉप डैम निर्माण कार्य का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। सभी परियोजनाएँ ग्रामीण अंचलों में जल-संरक्षण, सिंचाई सुविधा का विस्तार और किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने 79.48 लाख के अधोसंरचना निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 17 लाख 50 हजार रुपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। लाभार्थी किसानों को 29 डीजल पम्प, बीज एवं किट, अनुदान राशि व लाभार्थी प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में विधायक भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम का आभार व्यक्त करते हुए ग्रामवासियों व किसानों को इन परियोजनाओं के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाएँ किसानों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं और पंडरिया क्षेत्र को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता है।

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, हर खेत को पानी, जल प्रबंधन व सनाराक्षण और आधुनिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। क्षेत्र में संचालित जल-संरक्षण संरचनाएँ, स्टॉप-डैम, डबरी, कुंआ निर्माण और अन्य परियोजनाएँ आगामी वर्षों में सिंचाई के बेहतर साधन उपलब्ध कराएंगी। इन परियोजनाओं से न केवल खेती में स्थिरता आएगी, बल्कि भू-जल स्तर भी बढ़ेगा और किसानों को वर्षभर पर्याप्त सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगी। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इन विकास कार्यों से कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, कृषि विभाग के अधिकारी,कर्मचारी,जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

किसान के बेटे ने किया कमाल - बिना कोचिंग घर बैठे यूट्यूब से की पढ़ाई, मिली पीएससी में सफलता

बालोद/नवप्रदेश। जिले के आदिवासी विकासखंड डौंडी के वनांचल ग्राम पेंड्री निवासी डेमन सिंह सोरी पिता पीउ राम सोरी किसान पुत्र है।

विगत दो वर्षों से सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर खेमलाल सोरी और सेवानिवृत्त व्याख्याता गैंदलाल सोरी के मार्गदर्शन में गांव में ही रहकर पीएससी परीक्षा की तैयारी करते रहे। अपनी प्रतिभा के बल पर परिश्रम व लगन से कामयाबी की मंजिल पाने में कामयाब रहे। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अंतर्गत राज्य सेवा परीक्षा 2024 द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में चयनित होने पर परिवार व समाज में खुशी व जश्न का माहौल है।

बधाईयाँ और शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। अपने दीदी जीजा के पास रहकर कम्प्यूटर साइंस में स्नातक तक की पढ़ाई करने वाले डेमन सिंह ने माता-पिता व परिवार का सपना संजोकर पूरा करने में सफल रहे। डेमन ने बिना किसी ऑफ लाइन कोचिंग के यह सफलता पाई है।

उन्होंने यूट्यूब को पढ़ाई का जरिया बनाया। यूट्यूब में चलने वाले क्लासेस से उन्होंने खुद नोट्स बनाए और तन्मयता से पढ़ाई कर सफलता हासिल की। इसके पूर्व सोरी परिवार से ही सीजी पीएससी से धन्वंतरि सोरी सहायक प्रध्यापक पद पर चयनित हुए। वर्तमान में शासकीय कँगला मांझी महाविद्यालय डौंडी में ही पदस्थ हैं। बच्चों को बेहतर ढंग से अध्ययन-अध्यापन का कार्य करवा रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी पद पर चयनित होने पर परिवारजनों ने शुभकामनाएं दी है।

शेष खबरो के लिए

सिने अभिनेता धमेन्द्र...

इलाज की बात कही थी।

प्रदूषण से लड़ाई नक्सल...

गिरफ्तारी हो चुकी है। बता दें कि नक्सली कमांडर माडवी हिडमा को हाल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में मार गिराया था। उसने कई नक्सली वारदातों को अंजाम दिया था। वह 76 सीआरपीएफजवानों को ब्लास्ट करके उड़ाने की वारदात में भी शामिल था।

प्रदर्शन के दौरान ...

संघर्ष करने वाला बताया गया।

नक्सली सरेंडर करने ...

रिलीज पर सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार किया जाएगा। इसके बाद अगली प्रेस रिलीज जारी कर हथियार छोडने की अंतिम तारीख घोषित की जाएगी।

सशस्त्र संघर्ष को अस्थाई विराम देने का फैसला

प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय कमेटी के सदस्य और पोलित ब्यूरो मेंबर कॉमरेड सोनू दादा ने बदलती परिस्थितियों का आकलन करते हुए सशस्त्र संघर्ष को अस्थाई विराम देने का फैसला लिया है, जिसका समर्थन सीसीएम सतीश दादा और सीसीएम चंद्रन्ना भी कर चुके हैं। एमएमसी जोन ने भी सामूहिक निर्णय प्रक्रिया पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा है।

नहीं मनाएंगे पीएलजीए सप्ताह

अनंत ने कहा कि संगठन जनवादी केंद्रीयता की पद्धति पर चलता है, इसलिए सभी साथियों तक संदेश पहुंचाने और सामूहिक राय बनाने में समय लगेगा। उन्होंने तीनों राज्यों की सरकारों से इस अवधि तक सुरक्षाबलों के अभियान रोकने की अपील की। यहां तक कि पीएलजीए सप्ताह के दौरान भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने का अनुरोध किया है। समिति ने आश्वासन दिया है कि वे इस बार पीएलजीए सप्ताह नहीं मनाएंगे और सभी गतिविधियों पर विराम देंगे।

ऑपरेशनों पर भी रोक लगाने की मांग

प्रेस रिलीज में सरकार से मुखबिर गतिविधियों और इनपुट-आधारित ऑपरेशनों पर भी रोक लगाने की मांग की गई है। साथ ही, सरकार से रेडियो पर उनके संदेश को प्रसारित करने का अनुरोध किया है ताकि दूर-दराज क्षेत्रों में मौजूद साथियों तक सूचना पहुंच सके, क्योंकि यह उनके पास बाहरी दुनिया से अपडेट रहने का एकमात्र विश्वसनीय माध्यम है।

जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने मिलने का मौका मांगा

एमएमसी जोन ने यह भी इच्छा जताई है कि इस बीच उन्हें कुछ जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और यूट्यूबर पत्रकारों से मिलने का अवसर दिया जाए, ताकि हथियार त्यागने की निश्चित तारीख तय कर जल्द घोषणा की जा सके। समिति ने मध्यस्थों से भी सरकार और संगठन के बीच संवाद बढ़ाने की अपील की है। बता दें कि इसके पहले 21 नवंबर को नक्सल संगठन ने अभय के नाम से एक पत्र जारी कर हिड़मा के एनकाउंटर को पुलिस की झूठी और मनगढ़त कहानी बताया था। पत्र में नक्सलियों का कहना था कि हिड़मा बीमार था और इलाज के लिए विजयवाड़ा गया हुआ था।

लेकिन इस जानकारी के लीक होने के बाद 15 नवंबर को पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद आंध्र प्रदेश पुलिस हिड़मा को अल्लुरी सितारामा राजू जिले के मारेडुमिल्ली इलाके ले गई और 18 नवंबर को उसकी हत्या कर दी गई। हिड़मा के साथ उसकी पत्नी राजे समेत कुल 6 लोगों की हत्या की गई। नक्सलियों ने यह भी कहा कि पुलिस ने मुठभेड़ की झूठी कहानी गढ़ी। इसके अलावा 19 नवंबर को 7 लोगों के एनकाउंटर को भी झूठा बताया गया है।

सुकमा में बड़ा समर्पण: 15 नक्सलियों ...

कुल 48 लाख के 15 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

शुभ घड़ी आई आज होगा ...

किए जा रहे हैं। इसकी निरंतर मॉनीटरिंग भी प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से की जा रही है। हेलीकाप्टर से नजर रखी जा रही है। रविवार को सेना के हेलीकाप्टर ने आकाश पर गरजे। उन्होंने घूम-घूमकर राम मंदिर व आसपास का जायजा लिया।

पुष्प वर्षा से होगा पीएम का स्वागत

इस एक किमी के रास्ते में 12 स्थान पर उनका पुष्प वर्षा से स्वागत होगा। सात जगह पर सांस्कृतिक मंच बनाए गए हैं। जहां लोक कलाकार गायन, नृत्य और वादन से स्वागत करेंगे। साकेत महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर 501 वैदिक आचार्य और बटुक स्वस्ति वाचन करेंगे। प्रधानमंत्री राम मंदिर परिसर में बने सप्त ऋषि मंदिर और शेषावतार मंदिर में भी ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद बटन दबाकर राम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे। फिर देश के नाम उनका संबोधन होगा। दोपहर लगभग 1:30 बजे पीएम मोदी अयोध्या से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

पीएम मोदी के लिए सुरक्षा व सजावट की नजीर होगा रामपथ

ध्वजारोहण समारोह में आ रहे प्रधानमंत्री के लिए रामपथ सुरक्षा और सजावट की नजीर बनेगा। पीएम मोदी के काफिले के गुजरने वाले मार्ग पर सुरक्षा के लिए दोहरे स्तर पर बैरिकेडिंग की जा रही है। सांस्कृतिक मंच सजने लगे हैं। पथ के दोनों तरफघरों व प्रतिष्ठानों पर भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। पीएम मोदी के मूवमेंट के दौरान कोई भी शख्स फुटपाथ से रामपथ पर नहीं आ सकेगा।

जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार से ...

गए हैं। यहां पीएम मोदी का हेलीकॉप्टर लैंड होगा। यहां से सड़क मार्ग से रामपथ पर लगभग एक किमी दूर वीआईपी गेट नंबर 11 यानी जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार से राम मंदिर में प्रवेश करेंगे।

जायसवाल नेको इंडस्ट्रीज लिमिटेड में सफलतापूर्वक मॉक ड्रिल आयोजित

धरसीवां/नवप्रदेश। ब्लास्ट फर्नेस के त्ष्टक्क एरिया में क्क्त्र गैस लीकेज के सिनेरियो पर एक मॉक ड्रिल सक्सेसफुली की गई। ष्ह्ल गैस पॉइज़निंग के कारण 4 मॉक कैजुअल्टीज़ को प्रभावित दिखाया गया, जिन्हें स्ष्ठक्क सेट से लैस रेस्क्यू टीम ने बचाया। उनमें से 3 लोगों को प्लांट के ह्।ष्ट में ठीक कर दिया गया और 1 व्यक्ति को बाहर शिफ्ट कर दिया गया, जो स्टेबल कंडीशन में था और बाद में ठीक हो गया। सभी इमरजेंसी सपोर्ट फ्क्रशनरी जैसे कॉम्बैट टीम, रेस्क्यू टीम, मेडिकल टीम, ऑक्ज़ीलरी टीम और आस-पास के संयंत्रों ने भी सहभागिता किया और म्यूचुअल एड्स ने तुरंत अपनी ज़िम्मेदारी निभाई और सिचुएशन को नॉर्मल कंडीशन में लाया। क्क्त्र, त्ष्टक्क क्ष्टद्ध, क्ष्टरू और दूसरे सस्पेक्टेड एरिया से सभी लोगों को खतरे से बाहर एक जगह पर असेंबली पॉइंट पर सेफ्ली निकाल लिया गया है। मॉक ड्रिल के बाद एक डीब्रीफिंग सेशन किया गया और सभी टीमों के साथ-साथ ऑब्ज़र्वर ने अपनी राय और एक्सपर्ट सलाह दी, जिसे आगे और सुधार के लिए नोट किया गया। कुल मिलाकर, मॉक ड्रिल सफल रही।

टेकारी मंडी में पुराने धान खरीदी का मामला गरमाया

■ **दोषियों पर उचित कार्यवाही हेतु कलेक्टर को दिए ज्ञापन**

धरसीवां /नवप्रदेश। राजधानी रायपुर से लगा हुआ प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति टेकारी ,धरसींवा जिला रायपुर पं. क्रमांक 303 में बीते दिनों कर्मचारियों के मिलीभगत से लगभग 400 कट्टा रबी फसल का पुराना धान का खरीदी करने का मामला सामने आया था। जिसका लिखित शिकायत भी आस पास के किसानो व जनप्रतिनिधियो द्वारा किया गया था जिस पर शनिवार को इस मामले में पंचनामा कार्यवाही हुआ था , किंतु शासन के द्वारा अभी तक दोषियों के ऊपर किसी भी प्रकार से कार्यवाही नही किया गया।

आज प्रदेश मंत्री भाजपा श्ड्डष् मोर्चा एवं सांसद प्रतिनिधि अशोक सिन्हा के नेतृत्व में ग्राम छपोरा के सरपंच राजकुमार भारती व वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीलाल साहू जी के साथ आस पास के किसानों ने दोषियों के ऊपर उचित कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर रायपुर कलेक्टर को ज्ञापन दिए है।

सिन्हा जी ने बताया कि प्रशासन स्तर पर हमारी सरकार बाहर राज्यो से हमारे छत्तीसगढ़ में परिवहन कर लाये जा रहे धान को बेरिकेटिंग कर कार्यवाही कर कर रही है वही यह एक तरह से एक नया मामला सामने आया है जिसमे कुछ आपराधिक किश्म के लोग टेकारी मंडी में प्रशासन के नजरो में धूल झोकते हुए रबी फसल के पुराने धान को अभी खरीफ फसल का धान बताकर लगभग 400 कट्टा बेच दिये हद तो तब हो गया जब उपस्थित कर्मचारियों ने भी इसे नया धान मानकर इसे खरीद भी लिया और इसका भुगतान भी कर दिया , लाट में रखे धान को तथा पुनः उसी व्यक्ति के द्वारा धान कांटा कराने लाया गया धान को पहचान कर किसानो एवं जनप्रतिनिधियों ने देखा की यह तो पुराना धान है कहकर जब इसका लिखित शिकायत किये तब जाकर मामला प्रकाश में आ पाया।

सिन्हा जी ने इसे शासन प्रशासन के साथ धोखाधड़ी करना तथा शासकीय पैसों का भ्रष्टाचार करना बताया तथा इसमें संलिप्त व्यक्तियों के ऊपर उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग को लेकर कलेक्टर महोदय को किसानों के साथ ज्ञापन दिए है।

चाकू दिखाकर लोगों डराते युवक पकड़ाया

महासमुंद/नवप्रदेश। आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल तुमाडबरी मार्ग पर चाकू लेकर आने-जाने वालों को डराने-धमकाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट 25 के तहत कार्यवाई की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को रविवार को पट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल तुमाडबरी मार्ग में एक व्यक्ति बड़ा चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। पुलिस की पूछताछ में उसने अपना नाम-पता बनसिवनी महासमुंद निवासी युगलकिशोर निर्मलकर (27) बताया । पुलिस ने युवक के पास से कुल लम्बाई 16 इंच, फल की लम्बाई 11 इंच, चौडाई 11/2 इंच, मुठ की लम्बाई 05 इंच, मूठ की गोलाई 31/2 इंच का चाकू बरामद कर उसे गिरफ्तार किया।

दो सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल हो गए। पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम सिंघनपुर चौक के पास 18 नवंबर को ग्राम गौरटेक निवासी अशोक कुमार बंछोर अपनी स्कूटी क्र. सीजी 06 एचई 0167 से अपनी पुत्री को महिन्द्रा वाहन प्रदर्शनी केंद्र, सरायपाली में छोड़कर वापस लौट रहे थे कि सुबह 11.30 बजे वे पान दुकान की ओर जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे, तभी बसना से सरायपाली की ओर तेज गति से जा रही बाइक क्र. सीजी 04 एचपी 3429 के चालक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में अशोक बंछोर स्कूटी सहित गिर गया और घायल हो गया, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 184-एलकेएस, 125 (क) बीएनएस, 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। दूसरी घटना ग्राम नौगड़ी बस्ती मुख्य मार्ग पर हुई। ग्राम भैसाखुरी निवासी अंजोर सिंह साव अपने पुत्र टिकेश्वर साहू को उपचार कराने के बाद बाइक क्र. सीजी 25 जी 8020 से घर लौट रहे थे। तभी 11 बजे विपरीत दिशा से पिकअप वाहन क्र.सीजी 13 एबी 3798 ने सामने से उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे अंजोर सिंह बेहोश हो गया। सूचना पर पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया शिकायत पर पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ धरा 184 एलकेएस, 125 बीएनएस, 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

नपाध्यक्ष ने की नगरीय निकाय के संयुक्त निदेशक से चर्चा

महासमुंद/नवप्रदेश। आज नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त निदेशक श्री एसके सुंदरानी का आगमन नगर पालिका महासमुंद में हुआ। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष कक्ष में श्री सुंदरानी के साथ सीएमओ की उपस्थिति में अध्यक्ष श्री साहू ने शहर विकास को लेकर चर्चा की। श्री साहू ने उन्हें नगर विकास के आगामी कार्य योजना से अवगत कराया। उन्होंने संयुक्त निदेशक नगरीय प्रशासन से शहर की प्रमुख मांग न्यू बस स्टैंड की स्वीकृति तत्काल करने आग्रह किया। उन्होंने बस स्टैंड की समस्या बताते हुए कहा कि शहर की आबादी व यात्रियों के आवाजाही को देखते हुए एक सुव्यस्थित बस स्टैंड की आवश्यकता है। स्थल का चिन्हांकन कर लिया गया है। स्वीकृति मिलते ही नई बस स्टैंड निर्माण की दिशा में कार्य में गति आएगी। इसके अलावा अन्य विकास कार्यों, निर्माण कार्यों, जन सुविधा के लिए आवश्यक गतिविधियों को आगे बढ़ाने सहयोग की अपील की। इस दौरान सीएमओ अशोक सलामे उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों एवं अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

राज्य में सर्वाधिक 51 प्रकरणों में 5071 क्विंटल धान जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज महासमुंद के बिरकोनी एवं सरायपाली विकासखण्ड के प्राथमिक कृषि एवं साख समिति जंगलबेड़ा, सिरबोड़ा, कुसमीसरार, तोरेसिंहा और अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट सिरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों में धान बेचने आए किसानों से चर्चा कर उनसे धान उपार्जन केंद्र में लाये गये धान की मात्रा, धान का उत्पादन के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों द्वारा आज जारी टोकन के विरुद्ध लाई गई धान की आवक में नमी की जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अधिक नमी वाले धान को स्वीकार न किया जाए तथा नमी परीक्षण में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने केंद्र में 100 प्रतिशत गेट पास एंट्री अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आज की तिथि तक खरीदे गए धान की कुल मात्रा तथा उसके अनुरूप जारी किए गए बारदाने का भौतिक सत्यापन भी कराया गया।

इन केन्द्रों में उन्होंने किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी केंद्र में स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, किसानों के बैठने के लिए छायादार स्थान, त्रुटिरहित धान खरीदी हेतु कांटा-बांट अथवा इलेक्ट्रॉनिक कांटा का सत्यापन आदि का जायजा लिया। साथ ही उपार्जन केंद्रों में कैप कवर, बारदाने की व्यवस्था, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाएं भी देखी। इसके अलावा कलेक्टर ने प्राधिकृत अधिकारी को पर्याप्त संख्या में हमाल उपलब्ध कराने, प्रतिदिन खरीदी गई मात्रा का नियमित स्टैकिंग करने तथा प्रत्येक बोरे पर अनिवार्य रूप से स्टेंसिल लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी कार्य सुचारू, पारदर्शी और किसानों के हित में संचालित हो, इसके लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्र में सतत निगरानी रखते हुए धान खरीदी के निर्देश दिए हैं।

दस्तावेजों की जांच की

इस दौरान कलेक्टर ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को चेकिंग व्यवस्था को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वाहनों की आवाजाही, दस्तावेजों की जाचं, इंटर स्टेट मूवमेंट रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को सतत निगरानी करते हुए अवैध परिवहन करते वाहन पाए जाने पर तत्काल सीज कर प्रकरण दर्ज करने तथा संदेहास्पद गतिविधियों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बिरकोनी में निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अक्षा गुप्ता, सरायपाली में अनुविभागीय अधिकारी अनुपमा आनंद, संबंधित तहसीलदार, खाद्य, सहकारिता एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

मितानिनों का नगर पंचायत ने किया सम्मान, राधा ने बढ़ाया उत्साह

महासमुंद/नवप्रदेश। जनसेवा और सामाजिक स्वास्थ्य सुरक्षा की रीढ़ मानी जाने वाली मितानिनों के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए आज तुमगांव नगर पंचायत में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलराम कांत साहू ने अपने निवास पर क्षेत्र की सभी मितानिन बहनों को आमंत्रित कर शाल और श्रीफल भेंट कर उनका गरिमामय सम्मान किया। मितानिनों के अथक प्रयास और सामाजिक सेवा की सराहना करते हुए साहू ने कहा कि मितानिन बहनें घर-घर पहुंचकर जिस तरह स्वास्थ्य सुविधाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाती हैं, वह वास्तव में प्रेरणादायी और समाज के लिए पूजनीय कार्य है। सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। कार्यक्रम में उपस्थित मितानिनों का उत्साह और बढ़ा जब नगर पंचायत अध्यक्ष की धर्मपत्नी श्रीमती राधा साहू ने सभी के साथ केक काटकर मितानिन दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि मितानिनें सिर्फ स्वास्थ्य कर्मी नहीं, बल्कि हर परिवार की आशा और संकट की घड़ी में सबसे पहले पहुंचने वाली सच्ची स्वजन होती हैं। इनके समर्पण को जितनी बार सम्मानित किया जाए, कम है।

पीएससी की पहली प्रयास में वैभवी साहू को मिला 17 वां रैंक

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ संघ लोक सेवा आयोग स्टेट सर्विस 2024 के परीक्षा में ग्राम-सांकरा,नगरी निवासी कुमारी वैभवी साहू को अपने प्रथम प्रयास में ही चयन मेरिट लिस्ट में 17वां रैंक लाकर ग्राम-सांकरा एवं सिहावा क्षेत्र का नाम रोशन की है। उनको सहायक संचालक जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के का पद मिला है ।वे श्री प्रदीप कुमार साहू (व्याख्याता) एवं श्रीमती कंचन साहू (पीएम श्री नवागांव सांकरा प्रधान पाठक)की पुत्री है। जिसमे कुमारी वैभवी साहू बचपन से ही मेधावी छात्रा रही है ,उन्होंने कक्षा दसवीं में मा.शि.मं. के मेरिट लिस्ट में पांचवा स्थान,एम.एस.सी. के अध्ययन काल मे ही सेट,नेट ,जे.आर.एफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

वर्तमान में वे (ष्ठद्ध)सहायक संचालक उद्योग विभाग में कार्यरत है ।उनकी सफलता पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा,सरपंच नागेंद्र बोरझा, उप सरपंच हरीश(राजू)साहू, जनपद सदस्य राजेश गोसाई, पूर्व जनपद सदस्य कैलाश बिसेन, सुलोचना साहू, हेमलता साहू ,भूपेश बनपेला, कृपाराम साहू(प्रोफेसर),प्रखर बनपेला, ख्याती साहू, , ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष सांकरा गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, पत्रकार राजू पटेल,गिरधारी साहू, मिथलेश साहू, अनिल कुमार साहू , प्रवीण साहू, मनोज साहू, दिनेश सोनवानी , दुष्यंत साहू, रोमनलाल सोनबेर, राजेश नाहटा,संतोष राम साहू,भुनेश्वर साहू,नारायण मोहनमाला,हितेश सिन्हा, मानाराम साहू, पिल्साई साहू , योगेश्वर साहू एवं ग्राम सांकरा के गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

सड़क दुर्घटना में दिवंगतों की स्मृति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र, नगरी

नगरी/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र नगरी के तत्वावधान में विश्व सड़क दुर्घटना स्मृति दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए दिवंगतों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी उपस्थित रहे।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना ने अपने उद्बोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा की मूल आधारशिला मन की एकाग्रता और जागरूकता है। उन्होंने कहा—यदि मन शांत और संयमित हो, तो व्यक्ति हर कार्य सही ढंग से कर पाता है। वाहन चलाते समय जल्दबाज़ी, असावधानी और नशे की स्थिति ही अधिकतर दुर्घटनाओं का कारण बनती है। उन्होंने नियमित मेडिटेशन को मन के संयम और जागरूकता के लिए आवश्यक बताया।

भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अकबर कश्यप और बी. यदु ने भी सुरक्षित ड्राइविंग, नियमों के पालन और नशे से दूर रहने की सलाह दी ।कार्यक्रम में पीतांबर भाई ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात परमपिता शिव परमात्मा की स्मृति में दीप प्रज्वलित किया गया। अतिथियों का पारंपरिक तिलक व पुष्पगुच्छ से स्वागत ब्रह्माकुमारी कमलेश्वरी द्वारा किया गया। भावना बहन ने अतिथियों को ईश्वरीय प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। दिवंगत आत्माओं की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। सभी ने कैंडल जलाकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की ।कार्यक्रम में संस्था के सभी भाई-बहनों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अंत में, सभी ने सुरक्षित व जिम्मेदार वाहन चलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन निशा साहू ने किया।

मितानिन दीदियों का गुलाल, पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। विश्व मितानिन दिवस के अवसर पर नगर पंचायत नगरी के सभा हाल में कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत के 15 वार्डों में सेवा दे रही मितानिन दीदियों का आज गुलाल, पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि—छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के साथ ही मितानिन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तब से लेकर आज तक मितानिन बहनें कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना के साथ गांव-गांव, घर-घर स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचा रही हैं। वे गर्भवती महिलाओं की देखरेख से लेकर नवजात शिशु के 7 प्रकार के लक्षणों की पहचान, टीबी, मलेरिया, सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों का प्राथमिक उपचार घर-घर पहुंचकर करती हैं। उनके इस अथक परिश्रम और सेवा भाव को हम सभी नमन करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज का दिन हम सभी पार्षदों और जनप्रतिनिधियों के लिए गौरव का क्षण है, क्योंकि हमें ऐसी कर्म देवियों और महिला शक्ति का सम्मान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। पूर्व विधायक ने मितानिन बहनों को आज के इस दिवस की बधाई दी एवं मतदाता सूची पूर्ण निरीक्षण कार्य मैं समस्त जनप्रतिनिधि लोगों को मतदाता सूची को त्रुटि रहित एवं निष्पक्ष पूर्वक बनाने के लिए आप सभी जनप्रतिनिधियों को इस कार्य में निर्वाचन आयोग का सहयोग करना चाहिए।

बिना जांच राशन कार्ड निरस्त करने वालों पर हो कार्रवाई : देवीचंद

महासमुंद/नवप्रदेश। गरीबों के राशन कार्ड काटे जाने को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि नगर पालिका महासमुंद में स्थानीय सरकार कांग्रेस की है, वे अध्यक्ष हैं। कर्मचारी अगर बिना जांच किए बीपीएल कार्डधारियों का राशन कार्ड काट रहे हैं, यह तो उन्हीं के इशारे में हो रहा है। किसी भी गरीब जनता के साथ यह अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कि राशन कार्ड संवेदनशील विषय है। बिना जांच पड़ताल यदि कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। जबकि, नपाध्यक्ष राज्य सरकार पर आरोप लगा रहे है, जो सीधे सीधे पल्ला झाड़ने वाली बात है। वार्डों में जलकर वसूली का कार्य होना चाहिए। लेकिन, जिस परिवार ने नल विच्छेद का आवेदन पूर्व में दे दिया है, नल काट दिया गया है, उनसे वसूली करना गैर वाजिब है। जनता भय एवं भ्रम में है।

बोर्ड परीक्षाएं इस बार 10 दिन पहले होगी शुरू

■ **21 से दसवीं और 20 से 12वीं की परीक्षा होगी शुरू**

महासमुंद/नवप्रदेश। इस वर्ष छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं गत वर्षों से 10 दिन पहले ही शुरू हो जाएगी। जिसके लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार 10 वीं की परीक्षा 21 फरवरी से और 12 वीं की 20 फरवरी से शुरू हो रही है। जिसमें जिले के लगभग 23 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। जारी समय सारिणी के अनुसार, 10वीं बोर्ड परीक्षा 21 फरवरी से हिंदी विषय के साथ शुरू होगी। 24 फरवरी को अंग्रेजी, 26 फरवरी को सामाजिक विज्ञान, 28 फरवरी को विज्ञान, 6 मार्च को गणित और 9 मार्च को तृतीय भाषा (संस्कृत,मराठी,उर्दू) की परीक्षा होगी। 12वीं बोर्ड की परीक्षा भी 20 फरवरी से शुरू होगी। पहले दिन हिंदी, 24 को अंग्रेजी, 26 को सामाजिक विज्ञान, 6 मार्च को गणित और 9 मार्च को संस्कृत, मराठी, उर्दू, पंजाबी, तेलगू, तमिल, मलयालम जैसे विषयों की परीक्षा होगी। 11 मार्च को व्यावसायिक पाठ्यक्रम और 13 मार्च को अंतिम विषयों के साथ परीक्षा का समापन होगा। सभी परीक्षाएं सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक चलेंगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल, छत्तीसगढ़ ने इस वर्ष सीबीएसई पैटर्न का अनुसरण करते हुए 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की समय सारिणी एक महीने पहले ही जारी कर दी है। वहीं गत वर्षों में अमूमन उक्त परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होती थी जो अब 10 दिन पहले ही शुरू हो रही है।

10 वीं में गणित के लिए 5 और 12 वीं में 2 दिन का गेप

बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी जारी होने के बाद से ही विद्यार्थियों की चिंता बढ़ गई है। खासकर 12 वीं के गणित और जीव विज्ञान संकाय के विद्यार्थी परेशान हैं। उनका कहना है कि जीव विज्ञान की अंतिम तैयारी के लिए मात्र एक दिन का गेप है।

आयोजन | **मितानिन दिवस पर छुरा में हुआ भव्य आयोजन**

विधायक रोहित साहू ने मितानिनों की निस्वार्थ सेवा को सराहा

छुरा/नवप्रदेश। मितानिन दिवस के अवसर पर छुरा में शीतला मात्रा मंदिर प्रांगण में विकासखंड स्तरीय एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में छुरा जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव आदि शामिल हुए। विधायक ने मितानिनों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण की जमकर सराहना की और उन्हें स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता और प्राथमिक उपचार पहुँचाने में मितानिनों की भूमिका अतुलनीय है। मितानिन बहनें न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाती हैं, बल्कि वे गाँव-गाँव में जागरूकता की अलख जगाती हैं। कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर जो सेवा की, वह राष्ट्र सेवा का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। गांव में जब भी प्रसव संबंधित कार्य होता है तो रात को 2 बजे भी मितानिन बहनें सेवा में तत्पर रहती हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने मितानिनों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका कार्य मानव सेवा का एक अद्भुत उदाहरण है। मितानिन बहनें एक सच्चे समाजसेवी की तरह काम करती हैं। उनकी यह निस्वार्थ सेवा ही हमारे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत नींव है। जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा कि इस मंच से आपकी मेहनत और ईमानदारी को नमन करती हूँ। विधायक सहित सभी सभी अतिथियों ने मितानिनों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, उन्होंने मितानिनों की समस्याओं को सुनकर उनके शीघ्र समाधान का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एस नवरत्न, बीएमओ डॉ कीर्तन साहू सहित बड़ी संख्या में मितानिनें और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यह कार्यक्रम मितानिनों के हौसले और उनके सामाजिक योगदान को नई पहचान देने वाला सिद्ध हुआ।

न्यूज गैलरी

मां खल्लारी व चंडी दर्शन करने पहुंचे पाटन के विद्यार्थी

खल्लारी/नवप्रदेश। खल्लारी स्थित पहाड़ी वाली खल्लारी मातेश्वरी का दर्शन पूजन करने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला (पाटन/दुर्ग) के प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे पहुंचे। सभी ने मां खल्लारी का दर्शन पूजन करने के साथ खल्लारी पहाड़ी के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ महाभारत कालीन चिन्हों का प्रमुखता से अवलोकन किया। बता दें कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला (पाटन) से 16 लोगों के स्टाफके साथ करीब 40 छात्र-छात्राएं भी खल्लारी पहुंचे थे। बाद मां चंडी का दर्शन करने घुंचापाली गए।

89 विद्यार्थियों ने दी चौथे टेस्ट सीरीज में परीक्षा

महासमुंद/नवप्रदेश। नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 8 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को चौथा टेस्ट का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी. बसंत साव ने बताया कि 8 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को चौथा टेस्ट पेपर भारत का भूगोल एवं छत्तीसगढ़ का भूगोल का हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ, इसमें भारत का भूगोल एवं छत्तीसगढ़ का भूगोल आदि के प्रश्न पूछे गए थे। चौथा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत कुल 89 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दी। 8 टेस्ट के क्रम में पांचवा टेस्ट का आयोजन 30 नवंबर को दर्शनशास्त्र, करेंट अफेयर्स, कला संस्कृति, पर्यावरण का होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और सीजी पीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में संपर्क कर सकते हैं।

ताश पत्ती जुआ खेलते 4 जुआडी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर बीती रात थाना भाटापारा शहर की पुलिस द्वारा तरेंगा रोड भाटापारा के पास खेत में जुआ खेलते हुए 04 जुआरियों दीपक ठाकुर हेमू कल्याणी वार्ड,नासिर खान संत कंवरराम वार्ड,प्रमोद तिवारी मातादेवालय वार्ड और अब्दुल शोहेब निवासी मातादेवालय वार्ड को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी जुआरियों से नगदी रकम ?61,250 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है।* आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना भाटापारा शहर में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

किरण इवेंट फ्यूज़न ने शिक्षण संस्थाओं में किया मोटिवेशनल प्रोग्राम

भाटापारा/नवप्रदेश। किरण इवेंट फ़्यूज़न वेलफेयर फ़ाउंडेशन के चेयरमैन अरूण छाबड़ा बंटी द्वारा शैक्षणिक उत्थान के लिए सरस्वती शिशु मंदिर और मंयुर शिशु मंदिर स्कूलों में कैरियर काउंसिल और मोटिवेशनल प्रोग्राम कराया गया जिसमें लक्ष्य टारगेट नेशनल ट्रेनर द्वारा केरियर काउंसिल की ट्रेनिंग दी गई । इस प्रकार के आयोजन लगातार स्कुल में करायें जा रहें हैं यह कार्य लोगों को प्रेरणा का संदेश संचालित करता है संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाना और अवसर प्रदान करना है।

कलेक्टर ने पीएससी में चयनित जिले के होनहार युवाओं को किया सम्मानित

भविष्य की जिम्मेदारियों के लिये दी शुभकामनायें

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा 2024 में विभिन्न पदों पर चयनित जिले के प्रतिभावान युवाओ ने सोमवार को कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाक़ात की। कलेक्टर श्री सोनी ने युवाओं को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और उन्हें भावी जिम्मेदारियों की बेहतर निर्वहन के लिये शुभकामनाएं दीं। इस दौरान युवाओ के अभिभावक भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सोनी ने युवाओं से संक्षिप्त परिचय प्राप्त कर पीएससी की तैयारी और चयनित पद की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु नवप्रेरणा कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही उड़ान आईएएस एकेडमी से भी एमओयू हुआ है जिसमें 40 चयनित युवाओं को निःशुल्क आवासीय कोचिंग की सुविधा मिलेगी।

बताया गया कि इस बार पीएससी में जिले के 6 युवाओं का चयन हुआ है। इसमें से 4 युवाओ ने सोमवार को कलेक्टर से मुलाक़ात की जिसमें उप पुलिस अधीक्षक पद पर चयनित टिकुलिया भाटापारा के हितेंद्र सिंह बाघे, आबकारी उपनिरीक्षक पद पर चयनित कटगी के देवाशीष शर्मा, सहकारिता विस्तार अधिकारी पद पर चयनित हरिनभट्ठा पलारी के ओजस्वी कुमार पटेल एवं नायब तहसीलदार के पद पर चयनित नेवधा के करन सोनी शामिल हैं।

विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने पर राज ने दी बधाई

कुरूद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ही नहीं देश के जाने माने प्रसिध्द साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को भारतीय साहित्य का सर्वोच्च सम्मान ज्ञान पीठ पुरस्कार मिलने पर वरिष्ठ साहित्यकार पुनूराम साहू'राज' ने सादर बधाई प्रेषित की है। अपने बधाई संदेश में श्री राज ने कहा है कि नौकर की कमीज, खिलेगा तो देखेंगे, दीवार में एक खिड़की रहती थी, हरी घांस की छप्पर वाली झोपड़ी आदि उपन्यास और गोदाम, गमले मे जंगल, तीसरा दोस्त आदि कहानी संग्रह तथा अनेक कविता संग्रह जैसे अमर कृतियों के रचयिता श्री शुक्लजी छत्तीसगढ़ के प्रथम साहित्यकार है।

नगर के राधाकृष्ण मंदिर में मनाया जा रहा शताब्दी महोत्सव

विष्णु महायज्ञ का धर्म ध्वजा फहराया

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर के राधाकृष्ण मंदिर में मनाए जा रहे शताब्दी महोत्सव में आज यज्ञ शाला के ऊपर धर्म ध्वजा फहराई गई। इसके साथ ही विशाल विष्णु महायज्ञ का आगाज हो गया।

त्रिवेणी संगम से 21सुहागनी महिलाओं को मंगल कलश में जल भरकर लाना था ,पर नगर में उत्साह चरम सीमा पर है और देखते देखते 72 माताएं स्वेच्छा से लाल, पीली साड़ी में सोलह श्रृंगार कर जब यज्ञ स्थल में पहुंची तो सिर श्रद्धा से झुक गया क्योकि कोई भी कार्य मातृ शक्ति के बिना सफल नही हो सकता।उत्साह इतना कि ये माता बहने खुद ही एक दूसरे के पैरों पर आलता रूपी शुभ सूचक लाल रंग लगाने लगी। जब ढोल बाजे की थाप के साथ कतार बद्ध होकर विद्वान ब्राम्हणों एवम मंदिर कमेटी एवम अन्य लोग इन माता बहनों के साथ त्रिवेणी संगम की ओर बढ़ चले। त्रिवेणी के तट पर ब्राम्हण वृन्द जो लगभग 21 की संख्या में थे, सभी शुभ महूर्त चौघड़िया देखकर मां गंगा का पूजन कर उनसे अनुमति लेने के लिए जल की मांग एक स्वर में मंत्रोच्चार करने लगे। उस क्षण को हर उपस्थित अपने मोबाइल कैमरे में कैद करने लगा। एक तरफ राजीव लोचन, एक तरफ कुलेश्वर महादेव मंदिर का दर्शन हो रहा था तब ऐसे लगने लगा कि देवता भी इस दृश्य को आकाश से देख रहे हो। उसके बाद विधि विधान से जल भरकर वापस यज्ञ स्थल की ओर सभी बढ़ने लगे, बाजे गाजे के साथ चल रही माता बहने जोर जोर से जयकारे लगा रही थी। हर जाति वर्ग के भक्तगण वहां पर थे और हर कोई चाह रहा था कि मुझे कोई सेवा मिल जावे। जैसे ही कुछ आवश्यकता होने पर उसे लाने किसी को कहने की देर थी वह दौड़ पड़ता था। यज्ञ स्थल पर पहुंचने के बाद यज्ञ स्थल की परिक्रमा हुई और तत्पश्चात यज्ञ यजमान नयन निधि अग्रवाल, प्रतीक पूजा अग्रवाल को यज्ञ स्थल की पूजा करवाई गई। पूरे विधि विधान के साथ उनका यज्ञशाला में प्रवेश करवाया गया।

इतने ठंड में भी उन्हें वैदिक नियमो का पालन करना होगा जो आज के समय मे कठोर नियम है। साथ ही यज्ञ शाला के बिल्कुल समीप कामधेनु रूपी गौ माता के भी दर्शन हो रहे है। आज मंगल कलश को लाते हुए यज्ञ शाला के विशाल प्रांगण की दिव्यता भव्यता, देखते ही बन रही है।आज के इस आयोजन का साक्षी बना हर भक्त अपने भाग्य की सराहना कर रहा और सही है इस विशाल विष्णु महायज्ञ के दर्शन मात्र से जन्म जन्म के पाप कट जाते है।

दर्शन एवं परिक्रमा का सौभाग्य प्राप्त होगा

संकल्पित यज्ञ होने से दर्शन एवम परिक्रमा का सौभाग्य सभी को प्राप्त होगा। आज सेठ रेखराज चतुर्भुज अग्रवाल एवम सभी पूर्वज आज स्वर्ग से अपने इन वंशज को लाखों आशीर्वाद दे रहे होंगे उनकी आत्मा बहुत प्रसन्न होगी। वास्तव में मंदिर ट्रस्ट के सर्वराकार मोहनलाल, ट्रस्टी गोपाल गिरधारी अग्रवाल ने अपने नाम के अनुरूप अपने वंशजो के नाम के साथ साथ पूरे नगर ही नही अंचल में सबका सिर ऊंचा किया है। इस ऐतिहासिक आयोजन के कारण इतिहास के पन्नो में इन्होंने अपना नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा लिया है जिसे युगों युगों तक याद रखा जावेगा।

नवापारा पुलिस ने अपराधियों पर कसा शिकंजा, कई बदमाश गिरफ्तार

भेजे गए जेल, अवैध गतिविधियों पर लगेगा ब्रेक

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा पुलिस ने अपराध और अवैध गतिविधियों पर सख्त नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चला रही है। पुलिस ने विभिन्न इलाकों में दबिश देकर शांति भंग करने वाले आरोपियों एवं फरार स्थायी गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आम नागरिकों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा है कि ऐसी कार्रवाई लगातार होनी चाहिए, ताकि गुंडे-बदमाशों में कानून का भय बना रहे और क्षेत्र में शांति व व्यवस्था सुनिश्चित हो।

पुलिस ने अभियान के तहत शांति भंग करने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें राजेश साहू उर्फ ठाकुर राम पिता धनेश राम साहू (44 वर्ष), अजीत साहू पिता देव कुमार साहू (38 वर्ष), बुधराम साहू पिता भागीरथी साहू (33 वर्ष), प्रहलाद कुमार साहू पिता भागवत राम साहू (53 वर्ष), धीरज दरयानी पिता स्व. प्रकाश दरयानी (22 वर्ष), दीपक निषाद पिता विष्णु निषाद (48 वर्ष), रवि ध्रुव पिता आनंद राम ध्रुव (25 वर्ष) शामिल है। आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को भी धर दबोचा। जिसमें योगेश सोनकर पिता कमल नारायण सोनकर (31 वर्ष), आयुष शर्मा पिता स्व. रतन शर्मा (24 वर्ष) दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

मतदाता सूची अद्यतन एवं सही प्रविष्टियों के लिए दिए निर्देश

राजिम/नवप्रदेश। रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने आज कलेक्टर बी.एस. उईके की मौजूदगी में जिले के राजिम एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजिम तहसील कार्यालय, कोपरा एवं कोमा मतदान केंद्रों मतदाता सूची अद्यतन एवं डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। आयुक्त श्री कावरे ने संबंधित बीएलओ एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर अंतर्गत गणना पत्रक में सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करें तथा निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि वास्तविक मतदाताओं का नाम जोड़ने, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के सुधार एवं छूटे हुए पात्र मतदाताओं को शामिल करने के लिए ग्रामीणों से समुचित संपर्क एवं संवाद स्थापित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता आगामी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए प्रत्येक प्रविष्टि की सटीकता सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कहा कि मतदाता सूची अद्यतन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर एसडीएम राजिम विशाल महाराणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे।

बस स्टैंड स्थित ढाबा से अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार

नवापारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर लगाम लगाने के उद्देश्य से बड़ी कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड क्षेत्र से एक शराब कोचिया को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कोचिया के पास से बड़ी मात्रा में शराब भी जब्त की गई है। यह कार्रवाई रायपुर पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अटल नगर तथा नगर पुलिस अधीक्षक अटल नगर के निर्देश पर नवापारा थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल के नेतृत्व में की गई। दरअसल, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि श्रीराम सोनकर अपने सोनकर ढाबा में प्लास्टिक बोरी में अवैध शराब बिक्री के लिए छिपाकर रख रहा है। सूचना पर पुलिस टीम बस स्टैंड स्थित ढाबा पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम श्रीराम सोनकर (27 वर्ष) निवासी केसरपारा वार्ड 13 नवापारा बताया।

पुलिस ने उसके कब्जे से प्लास्टिक बोरी में रखे 28 पौवा देसी मसाला शराब बरामद की है। जिसकी कीमत लगभग 2800 रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ थाना गोबरा नवापारा में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर रायपुर भेजा गया है। कार्रवाई में सउनि साबिर अली, आरक्षक हुलास साहू, कशान रज़ा और सुदीप मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शिक्षक संवर्ग को 'मल्टी-टास्किंग स्टाफ' बना रही सरकार, फेडरेशन ने जताया कड़ा विरोध

राजिम/नवप्रदेश। शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के दावे करने वाली राज्य सरकार अब शिक्षकों से आवारा कुत्तों की निगरानी कराने तक पहुंच गई है। शासन के इस नए आदेश ने शिक्षकों में नाराजगी और रोष की लहर पैदा कर दी है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष राजेश चटर्जी, संभाग अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष एम.एल. तारक, विकासखंड अध्यक्ष यशवंत कुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष सोहनलाल सेन, ब्लॉक सचिव शोभा राम साहू, आर.डी. साहू, सुनीता यादव, अंजनी यादव तथा आशा ध्रुव ने संयुक्त बयान जारी कर सरकार से सवाल पूछा है कि क्या बच्चों को विषय ज्ञान देना अत्यावश्यक सेवा नहीं है? क्या सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों को आवारा कुत्तों की सूचना देने का आदेश दिया है?

बाउंड्रीवॉल नहीं, सुरक्षा नहीं, फिर भी जिम्मेदारी शिक्षक पर फेडरेशन ने कहा कि अधिकांश स्कूलों में बाउंड्रीवाल ही नहीं है। जहां है भी, वह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में। ऐसी स्थिति में कुत्तों को स्कूल में घुसने से रोकने का प्रबंध शिक्षक कैसे करें? उन्होंने यह भी कहा कि जैसे कुत्तों से बच्चों को खतरा है, वैसे ही शिक्षकों की सुरक्षा भी चिंता का विषय है। बाउंड्रीवॉल न होने के कारण रात में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगना आम बात है, जिससे शालाओं का वातावरण प्रभावित होता है। लेकिन शिकायतों के बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। दुर्घटना होने पर दोष सिर्फ शिक्षकों पर मढ़ दिया जाता है।

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में हुआ आनंद मेला

भाटापारा/नवप्रदेश। कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में उत्साह और रचनात्मकता से भरपूर आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सुबह से ही परिसर रंग-बिरंगे स्टॉलों, बच्चों की सक्रिय भागीदारी और कलात्मक प्रदर्शनी से जीवंत दिखाई दे रहा था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनीष शुक्ला , विशेष अतिथि अंजलि शुक्ला ,और प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान की गरिमामयी उपस्थिति ने वातावरण को और अधिक प्रेरणादायक बनाया। बी एड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर एवं अन्य कोर्स के विद्यार्थियों ने विविध व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल लगाए, साथ ही मंडला आर्ट और पेंटिंग एग्जिबिशन ने आगंतुकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। छात्रों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स की बिक्री भी की गई, जिससे विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और उद्यमिता क्षमता को प्रोत्साहन मिला। मुख्य अतिथि मनीष शुक्ला ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा को व्यावहारिक स्वरूप प्रदान करते हैं।

सप्तशक्ति संगम का हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर भाटापारा में कुटुंब व्यवस्था एवं पर्यावरण के प्रति मातृ शक्ति की भारतीय दृष्टि से विकसित करने समाज में तथा विशेष रूप से विद्या भारती संगठन में महिलाओं की सक्रियता बढ़ाने एवं महिलाओं को परिवार समाज एवं देश कल्याण के कार्यों को प्रेरणा देने के के उद्देश्य से विद्या भारती शिक्षा संस्थान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देश के अपने 22000 विद्यालयों में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है।

स्थानीय विद्यालय भाटापारा में मुख्य अतिथि डॉक्टर पूर्णिमा कौशिक प्रोफेसर बी एड कॉलेज विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती कविता शर्मा प्रधान पाठिका दतरेंगा ,अध्यक्ष के रूप में श्रीमती हंसा राठी पूर्व प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर की उपस्थिति में सप्तशक्ति संगम का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में विशिष्ट माता के रूप में श्रीमती सरोज यादव श्रीमती प्रमिला शर्मा एवं श्रीमती सीता देवी अग्रवाल भूतपूर्व अभिभावक के द्वारा संपन्न हुआ विद्यालय की बहनों के द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत की गई सभी को मंत्र मुक्त कर दिया वैशाली दीदी द्वारा एक सुंदर गीत की प्रस्तुति दी गई विद्यालय की आचार्य श्रीमती किरण वर्मा के द्वारा प्रस्तावना प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती निकिता शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य टेकराम वर्मा एवं प्रधानाचार्य श्रीकांत मंडल वह सभी आचार्य गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती पुनीता तिवारी एवं श्रीमती हेमलता राठौर दीदी के द्वारा किया गया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार- प्रसार प्रमुख राम कुमार राठौर द्वारा दिया गया।

श्री गुरू तेग बहादर जी की शहादत

श्री गुरू तेग बहादर जी सिखों के नवम् गुरू थे। इनका प्रकाश 1621 ई.मे. पिता गुरू हरगोविन्द साहिब जी माता नानकी जी गुरू के महल अमृतसर साहिब में हुआ।

श्री गुरू तेग बहादर जी के जीवन पर उनके पिता जी का अत्यधिक प्रभाव पड़ा। वे निडर और साहसी थे । अपना समस्त जीवन त्याग एवं तपस्या में व्यतीत किया ।

श्री गुरू तेग बहादर जी ने मनुष्य को लोभ एवं मोह से दूर रहकर गुरू सेवा का संदेश दिया और धन को महत्व न देकर मुक्ति मार्ग को अपनाने का संदेश देते हुए कहा है

धन दारा संपति सगल,
जिनि अपनी करि मानि ।।
इन मै कछु संगी नहीं,
नानक साची जानि ।।

अर्थात इतना प्रेम व्यक्ति ईश्वर से करता तो अवश्य ही इस संसार चक्र से पार हो जाता । श्री गुरू तेग बहादर साहिब ने चक्क नानकी के नाम पर एक नगर बसाया जिसे अनंदपुर साहिब के नाम से जाना जाता है।

श्री गुरू तेग बहादर जी ने करतारपुर के युद्ध मे अपनी तेग के जोहर दिखाये । तेग के जौहर देखकर पिता श्री गुरू हर गोबिंद साहिब जी ने आपका नाम श्री गुरू तेग बहादर साहिब जी रख दिया ।

गुरू हरिक्रिशन साहिब जी जब दिल्ली में ज्योति जोत समाए तो उन्होनें कहा था कि बाबा बकाले भाव गुरूगद्दी का मालिक बकाले में है ।

इस बात का नाजायज फायदा उठाकर बाईस पाखंडी दावेदर बनकर बकाले आ इकट्ठे हुए। गुरू बन बैठे इन पाखंडियों को देख भोले भाले लोग धोखा खाने लगे ।

भाई मक्खण शाह लुबाणा गुरू घर का सच्चा श्रद्धालु सिख था। सूरत के पास इनका समुद्री जहाज तूफान में घिर गया। जहाज को डूबाने से बचाना मुश्किल हो गया। भाई मकखशाह ने बेड़ा पार लगाने के लिए अरदास की और 500 मोहरें भेंट करने का संकल्प यिका। अरदास करने से ऐसी कृपा हुई कि भारी तूफान होने के बाद भी समुन्द्र शांत हो गया और जहाज किनारे लग गया।

गुरू घर का श्रद्धालु सिख मक्खन शाह दसवंत की रकम पांच सौ मोहरें लेकर बकाले गुरू जी को भेंट करने आया तो आगे बाईस गुरू देखे। उसने प्रत्येक के आगे दो दो मोहरे रखी व परख लिया कि सब पाखंडी है फिर वह (गुरू) तेग बहादर साहिब के पास गया। वहां भी दो मोहरे रखी। पर अतंरजामी सच्चे गुरू ने पूरे पांच सौ मोहरें देने की बात याद दिलाई। मक्खन शाह ने सच्चे गुरू को ढूंढ लिया । वह छत पर चढ़कर ढिंढोरा पीटने लगा गुरू लाधो रे । गुरू लाधो दें।

गुरू ढूंढ लिया । गुरू ढूंढ लिया ।

1664 ई. मे गुरू तेग बहादर जी गुरिआई गददी पर विराजमान हुए। जब संगत को सच्चाई का पता चला तो पाखंडियों को छोड़ सब सच्चे गुरु की शरण में आये । उस समय औरंगजेब मानवता पर बहुत अत्याचार कर रहा था। जब काश्मीर के हिंदू पंड़ितों ने श्री गुरू तेग बहादर जी को अपना दुख दर्द बताया कि हमारा धर्म, हमारी बहू-बेटियां, धन सम्पत्ति दिन-दहाड़े लूटी जाती है। कृपया हमारी रक्षा किजिये । यदि कोई महान पुरूष अपना बलिदान दे तभी कुछ हो सकता है।

श्री गुरू तेग बहादर साहिब जी उनकी सहायता करने के तैयार हो गये और दिल्ली जाकर शहीद होने का फैसला कर दिया। उनके साथ पांच सिक्ख सेवक थे। औरंगजेब ने इन सभी को गिरफ्तार करने का आदेश दे दिया।

श्री गुरू तेग बहादर साहिब जी को कहा गया कि वे इस्लाम कबूल करे याशीश देने के लिए तैयार हो जाये।

श्री गुरू तेग बहादर साहिब जी ने कहा धर्म छोड़ने का तो प्रश्न नहीं उठता । शीश देने के लिए हम तैयार है ।

श्री गुरू तेग बहादर जी को भयभीत करने के लिए भाई मतीदास जी को उनके सामने ही चीरकर दो फाड़ कर दिया गया। फिर भाई दयाला जी को देग में उबालकर शहीद कर लिया। भाई सतीदास जी को जिंदा ही जला दिया गया। श्री गुरू तेग बहादर जी फिर भी नहीं डरे और अपना शीश देने को तैयार हो गये । 11 नवंबर सन्
1675 को चांदनी चौक
धड से अलग कर दिया ।

श्री शहीद कर, जल्लाद ने तलवार से गुरू जी के पावन शीश को

गुरू तेग बहादर जी अपना शीश बलिदान कर हिन्द की चादर बन गये । गुरू के सिक्खों ने चरखड़ियों पर चढ़, बंद बंद करवाएं आरे से तन चिरवाएं गए, देगों मे उबाले गए। देश कौम की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करके अंत में भारत को परतन्त्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने में सफल हो गए। भाई लक्खी शाह ने अपने घर को आग लगाकर गुरू जी के पावन धड़ का अंतिम संस्कार किया। जहां आज गुरूद्वारा 'रकाबगंज साहिब' सुशोभित है।

भाई जैता जी ने जहां श्री गुरू तेग बहादर जी के शीश का अंतिम संस्कार किया वहां आजकल गुरुद्वारा 'सीसगंज साहिब' सुशोभित है।

वाहिगुरू जी का खालसा
वाहिगुरू जी की फतहि।

-मनजीत कौर पसरीजा

गुपचुप खाना पड़ा गया भारी, 34 को फूड पॉइजनिंग

अकलतरा/नवप्रदेश। क्षेत्र के बरगवां में साप्ताहिक बाजार में गुपचुप खाने से 34 लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए। बीमार में ज्यादार बच्चे शामिल हैं। इसमें 2 से 3 बच्चों की तबीयत ज्यादा खराब होने पर सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना पर सीएमएचओ निरीक्षण करने पहुंचे। जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार अकलतरा ब्लॉक के गांव बरगवां में शनिवार को साप्ताहिक बाजार था। शाम को गांव के लोगों ने गुपचुप खाए, देर शाम व रात में कई लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। देखते-देखते ही उल्टी व दस्त शुरू हो गई। 23 नवंबर को पता चला कि गांव में दो दर्जन से अधिक लोगों को उल्टी व दस्त हो रही है। फिर पता चला कि सभी एक ही गुपचुप वाले के पास से गुपचुप खाएं हैं।

फूड पॉइजनिंग के कई मरीज सामने आने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जांजगीर-चांपा डॉ. उमेश मरकाम ने बरगवां पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और मरीजों से मुलाकात कर उनकी हालत जानी। 34 मरीज फूड पॉइजनिंग से प्रभावित पाए गए हैं। इनमें से 2 मरीजों की तबीयत अधिक खराब होने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा में भर्ती कराया गया है। जबकि बाकी मरीजों का उपचार गांव में ही किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डॉ. मरकाम ने मरीजों की जांच प्रक्रिया, उपचार व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता एवं स्टाफ की तैनाती के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकीय स्टाफ को मरीजों की लगातार निगरानी रखने, समय पर दवा उपलब्ध कराने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने के सत निर्देश दिए। साथ ही फूड पॉइजनिंग की वजहों की जानकारी एकत्र कर रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए गए।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान: जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में जीवन कुमार प्रथम

डोंगरगांव/नवप्रदेश। छात्र-छात्राओं में गणित एवं विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा राजनांदगांव द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान2025 क्विज प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आसरा के छात्र जीवन कुमार (कक्षा 12वीं बायो), पिता श्री बृजभूषण वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।प्रतियोगिता दो चरणों–विकासखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय–में संपन्न हुई। जीवन कुमार ने विकासखंड स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला स्तर के लिए क्वालिफाई किया और दिनांक 21 नवंबर 2025 को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। छात्र की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य श्री रोहित कुमार तारम एवं समस्त शिक्षक-स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

आरएसएस शताब्दी वर्ष गृह संपर्क अभियान जारी नगर व गांवों में घर घर पहुंच रहे है स्वयंसेवक

डोंगरगांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत वृहद गृह संपर्क अभियान में संघ के स्वयंसेवक घर-घर दस्तक दे रहे हैं । इस दौरान संघ के सौ वर्षों के सफर की जानकारी सहित आरएसएस के विभिन्न कार्यों एवं कार्य पद्धति को भी बता रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत नगर के वार्ड दो और किलापारा में संपर्क अभियान प्रारंभ किया जिसमें खंड संघचालक दिग्विजय शांडिल्य, नगर के वरिष्ठ स्वयंसेवक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पूर्व पार्षद संतोष यादव वरिष्ठ शिक्षक जीवन साहू, जिला प्रचार प्रमुख प्रेम गोस्वामी, खंड कार्यवाह भजन लाल साहू, राष्ट्र सेविका समिति की मिताली, तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अन्य पदाधिकारियो सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने घर-घर दस्तक देकर संघ के स्थापना तथा संघ की आवश्यकता तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा चलाए जा रहे पंच परिवर्तन कार्यों को विस्तार से बताते हुए राष्ट्र और समाज के सभी पंच परिवर्तन कार्य को आवश्यक बताते हुए सभी की सहभागिता का आव्हान किया। ज्ञात हो कि संघ के इस गृह संपर्क अभियान में स्वयंसेवकों के द्वारा नगर एवं ग्राम के प्रत्येक घरों में भारत माता का तैल चित्र तथा पत्रक एवं साहित्य का वितरण किया जा रहा है।

चुनौती भरा रहा है संघ का सफर–गृह संपर्क अभियान के दौरान गोष्ठी में श्री गांधी ने कहा कि,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा तमाम चुनौतियों और झंझावातों से भरी रही है, लेकिन संघ ने हमेशा अपने मूल्यों और लक्ष्यों को कायम रखा। संघ का यह अनवरत प्रयास समाज को एकजुट करने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता रहा है। इस दौरान राजेन्द्र देवांगन,भोज साहू, हेमलाल साहू, ईश्वर साहू, तामेश्वर साहू, चमन वर्मा, राकेश देवांगन, प्रतीक साहू सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, मातृशक्ति एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

सड़कों पर फैली निर्माण सामग्री से दुर्घटना की आशंका, जोखिम के बाद भी कर रहे आवाजाही

■ पिथौरा गौरव पथ और थाना के सामने निर्माण सामग्री का जमावड़ा, हादसे को दे रहा खुला न्योता

पिथौरा / नवप्रदेश। नगर पंचायत पिथौरा के अंतर्गत आने वाले प्रमुख गौरव पथ मार्ग और नगर के मुख्य पुलिस थाने के सामने की सड़कें इन दिनों ठेकेदारों समेत अन्य की मनमानी देखने को मिल रही । सड़कों पर बेतरतीब ढंग से रखे गए फ्लाई ऐश ब्रिक्स और निर्माण मलबे के कारण न केवल जाम की स्थिति बन रही है, बल्कि हर पल बड़े हादसे की आशंका भी बनी रहती है।

हादसों का 'हॉटस्पॉट' बनी सड़कें

नगर के हृदय स्थल कहे जाने वाले गौरव पथ मार्ग पर हाल ही में दोनों ओर नाली निर्माण के बाद सीसी रोड बनाई गई है। लेकिन विडंबना यह है कि सड़क निर्माण पूरा होने के बावजूद, ठेकेदार द्वारा बची हुई निर्माण सामग्री, विशेषकर ईंटें और मलबा, सड़क से हटाया नहीं गया है। यही हाल नगर के प्रमुख पुलिस थाने के सामने का भी है, जहाँ बीच सड़क पर रखे गए मलबे के ढेर ने राहगीरों का निकलना दूभर कर दिया है। उल्लेखनीय हो रात के अंधेरे में या तेज रफ्तार वाहनों के लिए सड़क पर पड़ा यह सामान जानलेवा साबित हो सकता है।

व्यापारी पहले से थे परेशान, अब और बढ़ी मुसीबत

ज्ञात हो कि गौरव पथ मार्ग के निर्माण के दौरान ठेकेदार की सुस्त रफ्तार और कार्यविलंब के चलते यहाँ निवासरत व्यापारी वर्ग और रहवासी पहले ही लंबा संताप झेल चुके हैं। धूल और गड्ढों से मुक्ति मिलने की उम्मीद में जब सीसी रोड तैयार हुई, तो अब ठेकेदार की लापरवाही ने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। नाली ढकने के बाद भी सड़क और नगर की कुछ प्रमुख गलियों में निर्माण सामग्री के ढेर जस के तस पड़े हैं, जो प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करते हैं।

इधर इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बिरझु राम सोनबेर ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सड़क पर अवैध रूप से सामग्री रखने वालों को चिन्हित कर नोटिस थमा दिया गया

सीएमओ का बयान:

सड़क पर सामग्री रखकर आवागमन बाधित करने वालों को नोटिस तामील किया जा चुका है। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि तीन दिवस के भीतर उन्होंने सामग्री नहीं हटाई, तो नगर पंचायत द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। सामग्री को जब्त कर लिया जाएगा और इसे हटाने में जो भी खर्च आएगा, उसकी वसूली भी संबंधित ठेकेदार या व्यक्ति से ही की जाएगी।

बिरझु राम सोनबेर–

अपूर्ण कार्य और गुणवत्ताहीन निर्माण का आरोप: वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद आशीष अग्रवाल ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि गौरव पथ निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घोर लापरवाही बरती गई है। कहा ठेकेदार द्वारा कराए गए कार्यों में अभी भी अधिकांश नालियों का निर्माण कार्य अभी भी अपूर्ण है, जिसे बिना पूरा किए ही छोड़ दिया गया है। इतना ही नहीं, जो कार्य हुआ है, उसकी गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में है। नाली निर्माण और सीसी रोड की उच्च स्तरीय गुणवत्ता जांच होनी चाहिए।

श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि ठेकेदार ने न केवल कार्य अधूरा छोड़ा है, बल्कि अब सड़कों पर निर्माण सामग्री फैलाकर आम जनमानस के जीवन को संकट में डाल दिया है।

बाघ ने किया चरवाहे का शिकार, जांच में जुटी टीम

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में शनिवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सिंघनपुरी चिल्फी निवासी 65 वर्षीय चरवाहा गुनीराम यादव को बाघ द्वारा उठा ले जाने की पुष्टि हो गई है। घटना कान्हा टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्र सूपखार जंगल की बताई जा रही है, जहां गुनीराम रोज़ की तरह अपने नाती के साथ भैंसों को चराने गए थे।

प्रत्यक्षदर्शी नाती ने बताया कि वे जंगल में चराई कर रहे थे, तभी घास के घने झुरमुट में छिपे बाघ ने अचानक हमला बोल दिया। बाघ ने कुछ ही पलों में गुनीराम पर कब्जा कर लिया। भय से कांपता नाती किसी तरह वहां से भागकर गांव पहुंचा और तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने नजदीकी थाने और वन विभाग को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद खोजबीन शुरू हुई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ कवर्धा वन विभाग, चिल्फी रेंज स्टाफ और मध्यप्रदेश सूपखार रेंज की संयुक्त टीम मौके पर रात से ही तैनात रही।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एल.आई.जी.-25/294 भूतल में श्री जगन्नाथ घोष पिता स्व. श्री मनोतोष घोष को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 15.07.2011 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 17.11.2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन श्री मनोज पिता श्री बीरसिंग के नाम से निष्पादित कर विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र. 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.26121 दिनांक 24.11.2025
वार्ड का नाम-42- महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR561E00115 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती ANANDRAM पिता/पति CHANDULAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती BALRAM MANDHANI पिता/पति LT. MULCHAND MANDHANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ MALBA-BIKRINAMA/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

जोन कमिश्नर
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

भिलाई में पुलिसकर्मी के घर चोरी नौकरानी और पति गिरफ्तार

दुर्ग-भिलाई। दुर्ग में नौकरानी ने पति के साथ मिलकर मालिक के घर चोरी की। दंपती ने सोने-चांदी के आभूषण और कैश पर हाथ साफ किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रविवार को आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला भिलाई भट्टी थाना क्षेत्र का है।जानकारी के मुताबिक, राकेश चौधरी सेक्टर-02 के रहने वाले हैं।

गरियाबंद में 'अनुज नाइट' का जबरदस्त जलवा

गरियाबंद/ नवप्रदेश। दीपावली उत्सव समिति, गरियाबंद के तत्वाधान में 22 नवंबर की रात गांधी मैदान ने ऐसा नज़ारा देखा जो वर्षों तक याद रखा जाएगा। पद्मश्री अनुज शर्मा नाइट के मंच पर जैसे ही छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत के सुपरस्टार अनुज शर्मा उतरे, दस हजार से ज्यादा दर्शकों का हुजूम तालियों और जयकारों से गूंज उठा। पूरा मैदान मानो एक विशाल मेला बन गया था, जहां दूर-दूर से आए लोग अपने प्रिय कलाकार की एक झलक पाने को बेताब नज़र आए।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर थाना क्षेत्र के अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाइवे 130 स्थित केवरी मोड़ के पास राधे ढाबा के सामने बाइक सवार अनियंत्रित होकर दुकान के सामने रखे शीट से जा टकराया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम कटिंदा निवासी राकेश दास पिता लाल दास उम्र 26 वर्ष ड्राइवरी का काम करता था। वह रविवार की दोपहर बाइक से अंबिकापुर से गृह ग्राम कटिंदा आ रहा था।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा
संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-23
(प्रथम बार)

क्रमांक/4521/टेण्डर/ग्रायांसेवा/2025 — कोरबा, दिनांक 21/11/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत प्रपत्र-'ए' में दर्शित सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों के लिए निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा दिनांक 06.12.2025 समय 17.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

सिस्टम टेण्डर क्र	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु.में)
1	2	3	4
180163	(अ) अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा (चै.) (भू-तल) विकासखण्ड करतला (ब) अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा (चै.) (प्रथम-तल) विकासखण्ड करतला	80.13	60098.00

2. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 21.11.2025 समय 15.00 बजे से डाउनलोड की जा सकती है।

(ए.के. जोगी)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

जी-252604980/3

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER MANAGEMENT DIVISION NO. 2, BALODABAZAR (C.G.)
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(FIRST CALL)

System Tender No. 180069/ NIT No.: 06/SAC/2025-26
Balodabazar, Dated: 21.11.2025

Online Tenders are invited for the following works up to **12.12.2025 at 17.30 Hours.**
Name of work: Construction of R.C.C. Trough offtake at R.D. 3360 m to Pairabinjhiya Tank (Kusmi) of Goda to Kusmi Canal (R.C.C. Trough) offtake of Lawan Branch Canal under Mahanadi Project.
Probable Amount of Contract: **Rs. 44.27 Lakhs (Excluding G.S.T.)**
(As per S.O.R Enforced from Dated 01.05.2025 and amended on dated 08.08.2025).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 28.11.2025, at 17.31 Hours. (IST) onwards.**

NOTE: All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/ Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
Water Management Division No. 2
Balodabazar

G-252604963/3

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 08.12.2025, (17:30 बजे) तक आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र./ निविदा सूचना क्र./ दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
सि.नि.क्र. 180067 नि.सू.क्र.08/वलेलि/2025-26 दिनांक 21.11.2025	रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग की राजीव समोदा निसदा डायवर्सन के कंट्रोल पैनल व विद्युतीकरण कार्य।	रु. 295.55 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 28.11.2025, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2022)

कार्यपालन अभियंता
वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, रायपुर (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-252604978/6

सीएसवीटीयू प्रबंधन फैसला लेगा-कब तक कॉलेज चलाना है, कब बंद करेंगे

भिलाई/नवप्रदेश। अभी तक इंजीनियरिंग सहित तमाम निजी संस्था छात्र संख्या कम होने या फिर आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद से एफीलेशन नहीं लेकर खुद को जीरो ईयर घोषित कर लिया करते थे, लेकिन अब सीएसवीटीयू ने इन कॉलेज संचालकों पर नकेल कसने व्यवस्था बनाई है। कार्यपरिषद की बैठक में फैसला लिया गया है कि यदि कोई कॉलेज उक्त वर्ष के लिए सीएसवीटीयू से एफीलेशन नहीं लेगा तो विवि आगे के सत्र में उसे नया संस्थान मानेगा। विवि से संबद्धता लेने पर उस कॉलेज को नए संस्थान की तर्ज पर सभी आर्हताएं पूर्ण करनी होगी। संबद्धता शुल्क भी नए कॉलेज के बराबर लिया जाएगा। विवि ने कह दिया है कि कॉलेज संचालन में दिक्कत आ रही है तो वे क्लोजर का आवेदन किया जा सकता है, ताकि उनमें पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स की व्यवस्था बनाई जा सके। बच्चे प्रभावित न हों।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन/फैक्स नं. -07856-252362, ई-मेल- eedan-phe-cg@nic.in)
निविदा सू.क्र./11-12/ DWSM/JJM /लो.स्वा.यां./2025, — दन्तेवाड़ा, दिनांक : 21/11/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''ए'' प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है। (प्रमुख अभियंता, लोक स्वा.यां. विभाग रायपुर के यू.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 पर आमंत्रित की जा रही है निविदाएं पूर्व में कार्यादेशित ठेकेदारों के द्वारा कार्य पूर्ण नहीं कर पाने के कारण कार्य निरस्त कर पुनः शेष बचे कार्यों पर आधारित है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें।

कार्य का नाम :- पाईप लाईन का कार्य (Risk & Cost)

क्र.	सिस्टम टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण	निविदा आमंत्रण	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रु.में)
1	180154	बड़ेगोडरे/दन्तेवाड़ा (रिस्क एंड काष्ट)	प्रथम काल	30.97	23230
2	180155	पुरनतई/दन्तेवाड़ा (रिस्क एंड काष्ट)	प्रथम काल	43.83	32880
	कुल योग			74.80	

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।
टीप :- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.12.2025 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

जी-252604960/4

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO:-229/HEALTH/NNR/2025 — RAIPUR, DATES: 21.11.2025
Online bids are invited for the following works up to at 16.12.2025 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work /Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)	EMD Amount	Time Period
1	180282	मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत श्वान बधियाकरण/टीकाकरण कार्य हेतु श्वानों को पकड़ने/ छोड़ने एवं भोजन व्यवस्था कार्य बाबत्।	रू. 13.50 लाख	10,500/-	1 वर्ष

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 24.11.2025 17:30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE :-
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement Portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID ***Help Desk*** eproc@cgswan.gov.in.
3. **Contact No. 8770292710**

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

HEALTH OFFICER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)



अलविदा ही-मैन....

मुंबई। बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र का 89 साल की उम्र में निधन हो गया। विले पार्ले श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके परिवार समेत एक्टर अमिताभ बच्चन, सलमान खान, आमिर खान और अक्ष्य कुमार जैसे अभिनेता इस दौरान मौजूद रहे। धर्मेंद्र कुछ वक्त से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। 10 नवंबर को उन्हें सांस लेने में परेशानी आई थी, जिसके बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 12 नवंबर को धर्मेंद्र को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था और डॉक्टरों ने घर पर ही उनके आगे के इलाज की बात कही थी। आपको बता दें कि फिल्म अभिनेता लंबे समय से बीमार चल रहे थे। धर्मेंद्र के परिजन विले पार्ले श्मशान पहुंचे। हेमा मालिनी विले पार्ले श्मशान पहुंची थी. इससे पहले फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र की हालत नाजुक बताई जा रही थी। फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र के घर एंबुलेंस पहुंची. धर्मेंद्र के आवास परिवार के लोग पहुंचे. बेटी ईशा देओल भी धर्मेंद्र के घर पहुंचीं। घर पर बैरिकेडिंग की गई थी। विले पार्ले श्मशान घाट में भी सिक्योरिटी बढ़ाई गई। एक्टर सलमान खान मुंबई के विले पार्ले श्मशान घाट पहुंचे.फिल्म प्रोड्यूसर सिद्धार्थ रॉय कपूर मुंबई के विले पार्ले श्मशान घाट पहुंचे. मशहूर एक्टर धर्मेंद्र के परिवार की तरफसे ऑफिशियल बयान का इंतज़ार है.फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र ने 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा. फिल्म अभिनेता अजय देवगन ने लिखा-'इंडस्ट्री ने एक लीजेंड खो दिया. धर्मेंद्र जी को विनम्र श्रद्धांजलि।

धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सितारे

धर्मेंद्र के फैंस को उनकी आखिरी झलक तो नहीं मिल पाई, लेकिन इंडस्ट्री के कई सेलेब्स जो दिवंगत अभिनेता और उनके परिवार के करीबी थे। उन्हें आखिरी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। हेमा मालिनी और पूरे देओल परिवार को जुहू के पवन हंस श्मशान घाट पर देखा गया। हेमा मालिनी को भी देखा गया। अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन और अगस्त्य नंदा सबसे पहले पहुंचने वाले स्टार्स में से थे। इस बीच, सलमान खान, सलीम खान, आमिर खान, संजय दत्त, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और दूसरे लोग भी उन्हें आखिरी श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

44 जगह एक ही महिला! बंगाल में 'वोट चोरी' का काला खेल बेनकाब

कोलकाता। 'वोट चोरी' आखिर पकड़ी गई! जी हां, हैरान मत होइए. पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसवि रिवीजन के दौरान ऐसे खेल का पर्दाफाश हुआ है, जिस पर यकीन करना मुशकिलि होगा. वहां जब स्कैनिंग शुरू हुई तो वोटर लिस्ट ही रहस्यमय तरीके से बदली हुई नजर आई. एक ही महिला का नाम 44 जगह दर्ज है. अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग सरनेम के साथ वह वोट कर रही है. जैसे हावड़ा में उसका नाम मयरानी राय है तो बांकुड़ा में मयरानी मुर. साउथ 24 परगना के मंडिरबाजार में मयरानी प्रमाणिक है तो साउथ 24 परगना के कुलपी में मयरानी नाया. नॉर्थ 24 परगना में वह मयरानी मंडल के नाम से दर्ज है, तो बर्दवान में मयरानी कोंगर के नाम सेज यानी एक ही महिला इन 44 जगहों पर वोटर है। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान, एक ही एन्यूमरेशन फॉर्म का क्यूआर कोड स्कैन करने पर पता चला कि उसी महिला का नाम एक साथ 44 अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की वोटर लिस्ट में मौजूद है. उसके पति का नाम भी सभी वोटर लिस्ट में शामिल है, लेकिन हर जगह सरनेम अलग है. ऐसे वोटर-कार्ड फर्जीवाड़े का मामला पश्चिम बर्दवान के पांडवेश्वर विधानसभा क्षेत्र के बूथ 47 में सामने आया है।

मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक समझने की भूल न करें : ओवैसी

हैदराबाद। दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। हैदराबाद में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जो लोग देश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं, वे हिंदू हों या मुस्लिम, वे राष्ट्र के दुश्मन हैं और ऐसे लोगों की बिना झिझक निंदा होनी चाहिए। ओवैसी ने कहा कि यह बेहद कठिन काम है कि एक संस्था बनाई जाए, लेकिन कुछ लोग अमोनियम नाइट्रेट लेकर घूम रहे हैं, जो सीधे देश विरोधी गतिविधियों से जुड़ता है।

ओवैसी ने कहा कि दिल्ली धमाके में 14 लोगों की मौत हो गई, जिनमें हिंदू और मुस्लिम दोनों शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह मानसिकता बेहद खतरनाक है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के दुश्मन, चाहे वे किसी भी समुदाय से हों, हमारे दुश्मन हैं। यदि ऐसी गतिविधियों पर खुलकर विरोध नहीं किया गया तो ऐसे लोगों को खुली छूट मिल जाएगी।

ओवैसी ने कहा कि मुसलमानों पर जितने भी अत्याचार हुए, उन्होंने सब सहा, लेकिन देश से नफरत कभी नहीं की। उन्होंने कहा कि जो लोग मुसलमानों का उत्पीड़न करते हैं, वही लोग भारत को कमजोर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप एक पूरे समुदाय को घृणा की नजर से देखेंगे, तो देश कैसे विकसित होगा। उन्होंने कहा कि मुसलमानों से वफादारी का सर्टिफिकेट मांगने वालों को यह समझना चाहिए कि नफरत से देश मजबूत नहीं हो सकता।

मुसलामानों को सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार

ओवैसी ने जोर देकर कहा कि अगर कोई सोचता है कि मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया जाएगा, तो यह उनकी गलतफहमी है। उन्होंने कहा कि दुनिया जितनी देर चलती रहेगी, भारतीय मुसलमान उतनी देर तक सम्मानजनक भारतीय नागरिक के रूप में यहां जिंदा रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुसलमान लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर अपने अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप एक मस्जिद को शहीद करेंगे, हम लाखों मस्जिदें बनाने की ताकत रखते हैं।

बराबरी का अधिकार और कोर्ट का उदाहरण

ओवैसी ने कहा कि भारत तभी शांतिपूर्ण देश बन सकता है जब यहां रहने वाले 190 मिलियन मुसलमानों को बराबरी की नजर से देखा जाए। उन्होंने कहा कि समानता का अधिकार संविधान द्वारा दिया गया मौलिक अधिकार है, लेकिन कुछ लोग इसे भूल जाते हैं। मस्जिद से जुड़े फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कोई मुसलमान कोर्ट जाकर जज पर जूता नहीं फेंकता। लेकिन जिस व्यक्ति ने जूता फेंका, उस पर चर्चा नहीं होती क्योंकि वह बहुसंख्यक समुदाय से था। उन्होंने दोहराया कि मुसलमान देश से प्यार करते रहेंगे, चाहे सत्ता में कोई भी हो।

बीएमसी चुनाव से पहले राज ठाकरे ने दी चेतावनी, अगर मुंबई हाथ से निकल गई तो...

मुंबई। महाराष्ट्र में सियासी हलचल एक बार फिर से बढ़ने लगी है और इसकी वजह है देश की सबसे बड़ी महानगरपालिका के आगामी चुनाव। बृहन्मुंबई नगर निगम के चुनाव को लेकर राज ठाकरे ने भी चेतावनी जारी की है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे का कहना है कि यह चुनाव मराठी समुदाय के लिए आखिरी अहम मौका है।

राज ठाकरे ने एमएनएस के सभी कार्यकर्ताओं को बीएमसी चुनाव के दौरान सख्त निगरानी के आदेश दिए हैं। रविवार को कोंकण महोत्सव का उद्घाटन करते हुए उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से सख्त निगरानी करने की अपील की है, जिससे इस चुनाव में धांधली न हो सके।

राज ठाकरे ने क्या कहा?

महाराष्ट्र में मराठी भाषा को प्राथमिकता देने वाली राज ठाकरे की पार्टी म्हृस अक्सर गैर-मराठी समुदाय के लोगों पर हमले को लेकर चर्चा में रहती है।

मतदाता सूची पर उठाए सवाल

मतदाता सूची पर निशाना साधते हुए राज ठाकरे ने कहा, वोटिंग के दौरान इसपर ध्यान देने की जरूरत है कि मतदाता वैध है या फर्जी? बता दें कि 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान एमएनएस ने महायुति को समर्थन दिया था। हालांकि, इस चुनाव में पार्टी को गहरा झटका लगा, जिसके बाद एमएनएस के सुर बदलने लगे और पार्टी ने मराठी भाषा को मुद्दा बनाना शुरू कर दिया।

चीन बॉर्डर पर महिला कमांडो देगी पहरा

नई दिल्ली/जम्मू। इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस जो चीन के साथ 3,488 द्मद्व लंबी दूर और बर्फसे ढकी लाइन ऑफ़ एक्चुअल कंट्रोल पर तैनात है, जल्द ही बॉर्डर पर 10 पूरी तरह से महिलाओं वाली बॉर्डर पोस्ट बनाएगी। आईटीबीपीके डायरेक्टर जनरल प्रवीण कुमार ने जम्मू में 64वें स्थापना दिवस परेड में यह जानकारी दी। लद्दाख में 2020 में हुई सैन्य झड़प के बाद, आईटीबीपी ने अपनी 'फॉरवर्डाइजेशन' स्कीम शुरू की है। इसके तहत अब तक 215 बॉर्डर पोस्ट को खास जगहों पर शिफ्ट किया जा चुका है। इस स्कीम को मज़बूत करने के लिए, केंद्र ने आईटीबीपी के लिए सात नई बटालियन और एक सेक्टर हेडक्वार्टर को मंजूरी दी है, जिसमें 2023 में 9,400 जवानों की भर्ती होगी। लद्दाख में लुकिंग और हिमाचल प्रदेश में थांगी में दो पूरी तरह से महिलाओं वाली बॉर्डर पोस्ट बनाने का प्रोसेस चल रहा है। इसके अलावा, इन बॉर्डर पर जल्द ही आठ और पूरी तरह से महिलाओं वाली पोस्ट शुरू की जाएंगी, डीजी ने कहा एक लाख से ज़्यादा जवानों की ताकत के साथ, आईटीबीपी की पोस्ट 9,000 फीट से 14,000 फीट की ऊंचाई पर हैं।

29 श्रद्धालुओं भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, 5 की मौत

टिहरी (घनसाली)। टिहरी जिले के नरेंद्रनगर कुंजापुरी मंदिर के समीप एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में 29 यात्री सवार थे, जो गुजरात से कुंजापुरी मंदिर दर्शन के लिए आए हुए थे। हादसे की खबर मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस टीम घटनास्थल की ओर रवाना हुए। सोमवार दोपहर जिला नियंत्रण कक्ष टिहरी द्वारा एसडीआरएफ वाहिनी नियंत्रण कक्ष को थाना क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अंतर्गत कुंजापुरी-हिंडोलाखाल के पास एक बस के लगभग 70 मीटर गहरी खाई में गिरने की सूचना मिली। बस में 29 लोगों के सवार होने की संभावना बताई गई। सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी के निर्देशानुसार पोस्ट ढालवाला, पोस्ट कोटि कॉलोनी व एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय से एसडीआरएफ की कुल पांच टीमें तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

स्थानीय लोगों ने भी तुरंत राहत-बचाव कार्य शुरू किया। मौके पर पहुंची पुलिस-प्रशासन की टीम ने बस से घायलों को निकालने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है, जिनमें चार पुरुष और एक महिला शामिल है।

दिल्ली-सहारनपुर रेलवे ट्रैक पर मिली दो नई ट्रेनों की सौगात

■ **रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिखाई हरी झंडी**

बड़ौत (बागपत)। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दोपहर 1.30 बजे बड़ौत रेलवे स्टेशन पर दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ग्रीन सिग्नल मिलते ही फूलों से लदी दोनों ट्रेनें बड़ौत रेलवे स्टेशन से दिल्ली और शामली के लिए रवाना हो गईं। दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग पर यह दैनिक यात्रियों के लिए एक बड़ी सौगात है। इसके अलावा रेलमंत्री और केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी ने चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन भी किया।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्यमंत्री जयन्त चौधरी बड़ौत के चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल पहुंचे और स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन किया। इसके बाद दोनों बड़ौत रेलवे पर पहुंचे और दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक ट्रेन दिल्ली और दूसरी ट्रेन शामली के लिए रवाना हुई। इस दौरान रेल मंत्री ने कहा कि दोनों ट्रेनों के संचालन से गाजियाबाद, बागपत, मुजफ्फरनगर और शामली के लोगों को फायदा होगा। दोनों ही कार्यक्रमों में मंत्रियों का स्वागत किया गया। बता दें कि बड़ौत रेलवे स्टेशन पर दो ट्रेनों को हरी झंडी के इंतजार में सुबह ही फूलों से लदकर स्टेशन पर पहुंच गई थीं। बस शुभारंभ का इंतजार था। दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग पर यह दैनिक यात्रियों के लिए बड़ी सौगात होगी।

छत्तीसगढ़ में बढ़ेगी बाघों की दहाड़, मध्य प्रदेश से आएंगे छह बाघ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जंगल एक बार फिर बाघों की दहाड़ से गूंजने जा रहे हैं। प्रदेश के दो प्रमुख टाइगर रिजर्व गुरु घासीदास-तमोर पिंगला और उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व (यूएसटीआर) में बाघों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश से कुल छह बाघों को लाने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है।

वन विभाग की टीम जल्द ही कान्हा और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व रवाना होगी। दोनों राज्यों के वन विभागों और नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथारिटी की औपचारिक स्वीकृति के बाद प्रक्रिया तेज कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार इस योजना पर पिछले कई महीनों से गंभीर रूप से काम चल रहा था, जिसके तहत विशेषज्ञों की टीमों ने दोनों राज्यों के जंगलों का सर्वे किया है। अनुमतियों के औपचारिक रूप से मिलते ही छत्तीसगढ़ वन विभाग ने बाघों के स्थानांतरण की तैयारियां शुरू कर दी हैं। अधिकारियों के मुताविक कान्हा टाइगर रिजर्व से एक नर और दो मादा वाघों को यूएसटीआर में शिफ्ट किया जाएगा। जबकि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से तीन बाघिनों को तमोर पिंगला के विशाल वनों में छोड़ा जाएगा।

24 घंटे होगी निगरानी

बाघों के नए वातावरण में सुरक्षित और सहज रूप से बसने को प्राथमिकता देते हुए विभाग ने दोनों रिजवों में कई प्रबंध सुनिश्चित किए हैं। बाघों को यहां छोड़े जाने से पहले उनके व्यवहार, गतिविधियों और मूवमेंट की 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कालर आइडी लगाए जाएंगे, ताकि वास्तविक समय में लोकेशन ट्रैकिंग संभव हो सके। जंगलों में शिकार और जल स्रोतों की उपलब्धता, घासभूमि विकास, सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वन क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के साथ ही स्पेशल प्रोटेक्शन यूनिट तैनात की जाएगी, ताकि शिकारी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सके।

गांवों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

बाघों के आगमन को लेकर स्थानीय वनकर्मियों में उत्साह तो है ही, साथ ही ग्रामीणों में भी जिज्ञासा दिखाई दे रही है। विभाग द्वारा आसपास के गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों को वन्यप्राणियों से दूरी बनाए रखने, सूचना तंत्र को मजबूत करने और मानव-वन्यजीव संघर्ष से बचाव के उपायों के वारे में बताया जा रहा है।

प्रदेश में चार टाइगर रिजर्व, बार नवापारा में भी बसाने तैयारी प्रदेश में अभी चार टाइगर रिजर्व है। इसमें इंद्रावती टाइगर रिजर्व, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व, अचानकमार टाइगर रिजर्व और तमोर-पिंगला टाइगर रिजर्व शामिल है। इधर, बार नवापारा अभ्यारण्य में बाघ बसाने की तैयारी है। इसके लिए यहां वन विभाग भी तैयारी कर रहे है।

बाघों के सुरक्षित दीर्घकालिक निवास के लिए है उपयुक्त

गुरु घासीदास-तमोर पिगला टाइगर रिजर्व छत्तीसगढ़ का नया, लेकिन संभावनाओं से भरपूर वन क्षेत्र माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार यहां विशाल वन क्षेत्र, अनुकूल भू-भाग और पर्याप्त शिकार उपलब्ध है, जो बाघों के सुरक्षित दीर्घकालिक निवास के लिए उपयुक्त माना जाता है। वहीं यूएसटीआर में बाघों की संख्या बढ़ाने से क्षेत्र की जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

बीजापुर के मरीज हुए स्वस्थ्य, घर भेजने की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। बीजापुर के शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद बिगड़ी मरीजों के नेत्रों की परेशानी लगभग दूर हो गई है। सभी को पूरा स्वस्थ होने के बाद बीजापुर भेजने की तैयारी है। आंखों में इंफेक्शन की शिकायत के बाद आंबेडकर अस्पताल लाए गए एक मरीज को कार्निया ट्रांसप्लांट किया गया था। शेष मरीज दवा से ठीक हो गए। इस मामले में आंखों में शिकायत की वजह ऑपरेशन के बाद बरती जाने वाली सावधानी में कोताही को माना गया था। बीजापुर के जिला अस्पताल के शिविर में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने वालों को दस दिन पहले विभिन्न तरह की शिकायत पर आंबेडकर अस्पताल लाया गया था। इस दौरान शिविर में लापरवाही का आरोप भी लगाया गया था। मामले में गठित कमेटी ने विभिन्न पहलुओं पर जांच के बाद पाया कि जांच में शिविर में उपयोग होने वाली दवा में कमियां नहीं थी। वहां के डाक्टरों ने भी नियमों का पालन कर सर्जरी थी। अंत में यह निष्कर्ष निकाला गया था कि मरीजों ने लापरवाही बरती थी जिसकी वजह से उनकी आंखों में इंफेक्शन हो गया था। रायपुर लाए गए एक मरीज का कार्निया ट्रांसप्लांट करना पड़ा था, जबकि अन्य का इलाज दवाओं के उपयोग से हो गया था। अंधत्व निवारण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी के मुताबिक मरीजों को अभी आंबेडकर अस्पताल में रखा गया है और उनके पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद वापस बीजापुर भेजा जाएगा।

पीएचडी में प्रवेश के आवेदन 28 तक

रायपुर/नवप्रदेश। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी प्रवेश परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसमें ऐसे अभ्यर्थी जो पीएचडी प्रवेश परीक्षा में सफल हुए हैं और शोध निदेशक नहीं मिल पाने के कारण पीएचडी में प्रवेश नहीं ले सके हैं और पीएचडी एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट की वैधता शेष है। ऐसे इच्छुक आवेदकों से पीएचडी रजिस्ट्रेशन आवेदन 28 नवंबर तक कर सकते हैं। विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त अलग-अलग कॉलेज में पीएचडी की कुल 979 सीटें रिक्त हैं। इनमें हिन्दी, अंग्रेजी, भाषा विज्ञान, संस्कृत, ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, समाजकार्य, इतिहास, प्राचीन भारतीय इतिहास, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, भूगोल, भौतिकी, रसायन, भू विज्ञान, गणित, इलेक्ट्रॉनिक्स, कप्यूटर साइंस, प्राणीशास्त्र, बायोसाइंस, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी, वनस्पतिशास्त्र, मानव विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, फार्मेसी, मैनेजमेंट, वाणिज्य, विधि, शिक्षा शास्त्र, क्षेत्रीय अध्ययन जैसे विषयों में आवेदन मंगवाए गए हैं।

ई-संवर्ग के व्यायाताओं व प्रधान पाठकों की ऑनलाइन ओपन काउंसलिंग जारी

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार व्यायाता, व्यायाता (एलबी) एवं प्रधानपाठक (माध्यमिक शाला) ई-संवर्ग के लिए जारी ऑनलाइन ओपन काउंसलिंग का सोमवार को अंतिम दिवस है। यह काउंसलिंग शासकीय शिक्षा शिक्षक महाविद्यालय, शंकर नगर रायपुर में 21 नवंबर से आयोजित की जा रही है। काउंसलिंग प्रक्रिया वरिष्ठता सूची के आधार पर नियमानुसार संचालित हो रही है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने बताया कि रविवार को काउंसलिंग के तीसरे दिन प्रथम पाली में 150 में से 144 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 6 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 155 में से 148 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 7 अनुपस्थित रहे। इसी तरह तीसरे दिन तक कुल 904 अभ्यर्थियों में से 860 ने काउंसलिंग में भाग लिया, जबकि 44 अनुपस्थित रहे। रविवार को काउंसलिंग में कुल 49 अभ्यर्थियों ने स्थान चयन से इंकार किया तथा 811 अभ्यर्थियों ने स्वेच्छा से स्थान चयन किया। काउंसलिंग में कुल 95.13 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। काउंसलिंग में समिलित सभी व्यायाता, व्यायाता (एल.बी.) एवं प्रधानपाठक (माध्यमिक शाला) ई-संवर्ग को ऑनलाइन ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से मनचाही शालाओं में पदस्थापना के लिए सहमति पत्र प्रदान किए गए।

खरीदने के नाम पर घर बुलाया, फिर मालिक को कमरे में बंद करके कार ले गए बदमाश

रायपुर/नवप्रदेश। खहारडीह इलाके में एक युवक को अपनी कार बेचने के लिए ओएलएक्स में विज्ञापन देना महंगा पड़ गया। दो बदमाशों ने कार खरीदने के नाम पर उन्हें अपने किराए के मकान में बुलाया। कार चला कर देखा। इसके बाद मालिक को कमरे में बंद कर दिया और उनकी कार लेकर दोनों बदमाश फरार हो गए। इसकी शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक महावीर नगर निवासी खिलेंद्र चंद्राकर का कंस्ट्रक्शन का कारोबार है। 15 दिन पहले उन्होंने अपनी कार सीजी 04 एनएल 1155 को ऑनलाइन बेचने के लिए ओएलएक्स वेबसाइट में विज्ञापन दिया था। इसमें दिए मोबाइल नंबर पर रोहन वर्मा ने कॉल किया और खिलेंद्र से कार खरीदने की इच्छा जताई। इसके बाद दोनों की 20 नवंबर को पंडरी में मुलाकात हुई। रोहन को खिलेंद्र की कार पसंद आ गई। 22 नवंबर को रोहन ने कार का इंस्पेक्शन और दस्तावेजों की जांच के लिए उसे कचना हाउसिंग बोर्ड के पीछे किराए के अपने मकान में बुलाया। खिलेंद्र अपनी कार और पेपर लेकर उसके घर पहुंच गया। वहां रोशन के अलावा एक अन्य युवक दिव्यप्रकाश भी था। इसके बाद तीनों खिलेंद्र की कार का टेस्ट ड्राइव के लिए गए। वहां से लौटकर आने के बाद तीनों कमरे में बैठे। इधर-उधर की बातचीत करते रहे। दस्तावेजों की जांच की।

पात्र अभ्यर्थी, फिर भी राज्य में 22 हजार शिक्षकों के पद रिक्त

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में शिक्षकों के लिए पात्र अभ्यर्थी होने के बाद भी शिक्षकों की कमी बनी हुई है। अब तक 8 बार टीईटी परीक्षा आयोजित हुई है, जिसमें 3 लाख 17 हजार 744 अभ्यर्थी पास हो चुके है। वही राज्य में लगभग 22 हजार शिक्षकों के पद रिक्त हैं। इस हिसाब से देखा जाए तो योग्य अभ्यर्थी होने के बाद भी शिक्षकों को नौकरी नहीं मिल पा रही है। अभी शासन की ओर से 4708 पदों की भर्ती के लिए आदेश किए गए हैं, लेकिन यह आंकड़ा कुल रिक्त पदों का लगभग 21 फीसदी ही है, जो कि काफी कम है। राजधानी में ही 760 से ज्यादा शिक्षकों के पद रिक्त हैं। शिक्षा विभाग के डाटा के अनुसार, अभी राज्य के 56,895 स्कूलों में 1,78,731 शिक्षक हैं। इन स्कूलों में 51 लाख 67 हजार 357 छात्र अध्ययन कर रहे हैं।

जानकारों के अनुसार, 2018 में निकली बंपर शिक्षक भर्ती में योग्य उमीदवार नहीं मिल सके थे। 2018 में लगभग 68 हजार शिक्षक के पदों में भर्ती होनी थी, लेकिन योग्य उमीदवार नहीं मिलने से 27 हजार से ज्यादा पद रिक्त रह गए। अब भी लाखों पात्र उमीदवार भर्ती की आस में बैठे हैं, लेकिन रिक्त पद पहले के जैसे ही बने हुए हैं। अभी 4,708 शिक्षकों की भर्ती निकाली गई है जो रिक्त पद के अनुसार बेहद कम है।

प्राइमरी में ही 7957 पद रिक्त छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के कुल 22464 पद रिक्त हैं। इसमें प्राइमरी स्कूलों में 7957 शिक्षक के पद रिक्त हैं। मिडिल में 7734 और हाय-हायर सेकेंडरी स्कूलों में 6773 पद रिक्त हैं। शिक्षकों की सबसे ज्यादा कमी रायपुर, बिलासपुर, बालौदाबाजर, बेमेतरा, खैरागढ़, बलरामपुर, जगदलपुर, बिजापुर और सुकमा में है।

अपर प्राइमरी लेवल पर 123152 अभ्यर्थी पात्र

अब तक राज्य में टीईटी की 8 परीक्षा हो चुकी है। पहली परीक्षा 2011 में हुई थी जिसमें प्राइमरी में 51662 अभ्यर्थी और अपर प्राइमरी में 25885 अभ्यर्थी पात्र हुए थे। ऐसे ही 2014 में प्राइमरी में 11372 व अपर प्राइमरी में 7705, 2016 में प्राइमरी में 15415 व अपर प्राइमरी में 9209, 2017 में प्राइमरी में 3618 व अपर प्राइमरी में 8235, 2019 में प्राइमरी में 16358 व अपर प्राइमरी में 2130, 2020 में प्राइमरी में 13822 व अपर प्राइमरी में 12777, 2022 में प्राइमरी में 53049 व अपर प्राइमरी में 26030 और 2024 में प्राइमरी में 29296 व अपर प्राइमरी में 31181 अभ्यर्थी पात्र हुए। प्राइमरी लेवल के लिए अब तक 194592 और अपर प्राइमरी लेवल के लिए 123152 अभ्यर्थी पात्र हैं।

टेट की वैधता आजीवनः व्यापम की ओर से शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट 2026 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभ्यर्थी 8 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

नहीं मिली महतारी-संजीवनी, 539 बच्चों ने पुलिस गाड़ी में लिया जन्म

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित अस्पताल भेजने के लिए महतारी एक्सप्रेस और संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस जैसी सुविधाओं पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए, इसके बाद भी गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क से गुजरना पड़ा। उन्हें समय पर न महतारी एक्सप्रेस मिली और न ही संजीवनी एक्सप्रेस। पिछले 7 साल में गर्भवती महिलाओं को 500 से ज्यादा नवजातों को पुलिस गाड़ी में ही जन्म देना पड़ा। एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण परिजनों ने गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने के लिए इमरजेंसी में डॉयल 112 की ईआरव्ही (चौपहिया वाहन) की मदद ली। इस दौरान पुलिस गाड़ी में ही प्रसव पीड़ा होने से उसी में डिलीवरी करानी पड़ी।

करोड़ों का घोटाला

प्रदेश में एंबुलेंस संचालन करने वाली कंपनी पर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगा चुका है। टेंडर में जितनी एंबुलेंस चलाने को तय हुआ था, उतनी एंबुलेंस नहीं लगाई। इसके बावजूद कंपनी को उतनी एंबुलेंस चलाने का भुगतान किया गया। एंबुलेंस का संचालन करने वाली जय अंबे एजेंसी को लेकर कैग भी अपनी रिपोर्ट में करोड़ों रुपए की अनियमितता उजागर कर चुका है।

डेढ़ करोड़ से अधिक ने मांगी मदद

पुलिस के मुताबिक डॉयल 112 में अब तक कुल 1 करोड़ 69 लाख 69 हजार 815 लोगों ने कॉल किया और मदद मांगी। दरअसल डॉयल 112 एक इमरजेंसी नंबर है। इसमें पुलिस, एंबुलेंस और आगजनी में मदद के लिए कॉल करते हैं।

गुजरना पड़ा भारी जोखिम से

प्रदेश में वर्ष 2018 से इमरजेंसी सेवा डॉयल 112 शुरू हुई है। प्रारंभ में यह 11 जिलों में शुरू की गई। वर्तमान में यह सुविधा 17 जिलों में चल रही है। इस दौरान अलग-अलग जिलों में गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने के लिए मदद मांगी गई। गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने के दौरान 539 नवजातों का पुलिस वाहन में ही जन्म हुआ। इस दौरान नवजात और प्रसूता दोनों स्वस्थ थे। हालांकि गर्भवती महिलाओं को भारी जोखिम से गुजरना पड़ा।

रविवि का कारनामा... शीतकालीन अवकाश में परीक्षाएं, जो विषय सिलेबस में नहीं उसके भी होंगे पर्चे!

रायपुर/नवप्रदेश। पं. रविशंकर शुक्ल विवि को पिछले वर्ष अपने समय-सारिणी में रिकॉर्ड संशोधन करने पड़े थे। त्रुटियों में संशोधन करते-करते प्रबंधन को पांच बार टाइम-टेबल जारी करना पड़ा। रविवि अब अपने इस रिकॉर्ड को तोड़ने की तैयारी में है। शुरुआत हो गई है। रविवि द्वारा जारी की गई समय-सारिणी के अनुसार, शीतकालीन अवकाश के दौरान भी परीक्षाएं होंगी। यही नहीं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति आने के बाद विभिन्न संकायों के विषय जिनके नाम बदल दिए गए हैं अथवा जिन्हें सिलेबस से ही हटा दिया गया है, उसकी भी परीक्षाएं होंगी।

रविवि की सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी बीते दिनों जारी की गई। उच्च शैक्षणिक संस्थानों में 23 से 25 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश घोषित है। रविवि ने इन तिथियों में भी परीक्षाओं की घोषणा कर दी है। महाविद्यालय प्रबंधन अब सिर पकड़कर बैठा है। मौखिक रूप से इन त्रुटियों के विषय में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई सुधार अब तक नहीं हो सका है। कुछ दिनों के अंतराल में ही रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। ऐसे में महाविद्यालय प्रबंधन भी इन त्रुटियों को लेकर चिंतित है।

स्मार्ट मीटर की जांच के लिए रायपुर और बिलासपुर में बनेंगे नए लैब

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में अब स्मार्ट मीटर लग रहे हैं, तो इसकी जांच की भी व्यवस्था की जा रही है। अब तक भिलाई में एक लैब है, जिसमें नए और पुराने मीटरों की जांच होती है। इसी के साथ करीब छह माह पहले नया रायपुर में केंद्र सरकार के सीपीआरआई का एक लैब खुला है। इसमें भी स्मार्ट मीटरों की जांच होती है।

अब रायपुर और बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के लैब खोले जा रहे हैं। इसका काम अंतिम चरणों पर है। यहां पर भी लैब खुलने के बाद प्रदेश में चार स्थानों में बिजली के स्मार्ट मीटरों की जांच की व्यवस्था हो जाएगी। प्रदेश में जब स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ किया गया तो स्मार्ट मीटरों का परीक्षण कराने का काम भोपाल के लैब में कराया गया, क्योंकि तब प्रदेश में एक भी लैब नहीं था। स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रदेश में टाटा और जीनस कंपनी कर रही है। इनके मीटरों को लगाने से पहले इनका परीक्षण कराया जाता है। इसी के साथ मीटरों के खराब होने या सही काम न करने की शिकायत मिलने पर उसकी जांच का काम भी पहले यहां नहीं हो पाता था, ऐसे में मीटरों को भोपाल भेजना पड़ता था।

दो नए लैब का चल रहा काम

प्रदेश में अब तक भिलाई में भी एक लैब है जिसमें मीटरों की जांच की जाती है। इस लैब में पहले के पुराने मीटरों की जांच होती थी, अब यहां पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तो उनकी जांच की भी व्यवस्था भिलाई में है। भिलाई के लैब में किसी भी मीटर की जांच के लिए लंबा समय लगता है, क्योंकि प्रदेश भर के मीटर जांच के लिए यहां पर आते हैं। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने रायपुर के गुढ़ियारी और बिलासपुर के तिफरा में मीटरों के जांच के लिए नए लैब बनाने का काम प्रारंभ किया है। इसी के साथ भिलाई के लैब को भी आधुनिक किया जा रहा है।

दो नए लैब प्रारंभ होने के बाद मीटरों की जांच में समय कम लगेगा। इसी के साथ बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों के मीटरों की जांच जहां बिलासपुर में हो सकेगी, वहीं रायपुर के लैब में रायपुर संभाग के साथ बस्तर संभाग के मीटरों की जांच होगी। भिलाई के लैब में दुर्ग संभाग के मीटरों की जांच होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com